VPL

वर्ष 10 अंक 248
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
16 जून 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं.-DL(S)-17/3531/2018-20

03 2016 के सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पीड़ित को 8.2 लाख रुपये.. | 06 मज़हबी वैमनस्य के बीच- 'सूफ़ियाना-2025' : डॉ. सुरेश गर्ग | 11 मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे: गिल




"मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे, भी खोल देती है !"



Saurabh Shivhare




## प्रधानमंत्री तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

**निकोसिया,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे।

विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। मोदी दो दशकों में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरे स्वागत में विशेष गर्मजोशी प्रकट करने के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस को मेरा आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों में विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी।

मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत यहां पहुंचे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''साझा मूल्यों और आकांक्षाओं पर आधारित एक विश्वसनीय



साझेदारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस पहुंच चुके हैं। गर्मजोशी प्रकट करते हुए विशेष गहरे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।'' उन्होंने कहा, ''द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चा होगी।''

इससे पहले, मोदी ने नयी दिल्ली से रवाना होने से पहले एक वक्तव्य में कहा कि साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्यसागरीय क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने कहा, ''यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत बनाने, व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और दोनों देशों की जनता के स्तर पर संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर है।''

प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस की राजधानी निकोसिया में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

साइप्रस से वह कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कनानास्किस जाएंगे।

जी-7 शिखर सम्मेलन के बाद मोदी क्रोएशिया रवाना होंगे, जहां वह राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठक करेंगे।

मोदी ने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है।

## सरकारी नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भेदभाव अब बीते दिनों की बात : आदित्यनाथ

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सरकारी नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भेदभाव अब बीते दिनों की बात हो गयी है और अब आरक्षण का लाभ देते हुए मेरिट के आधार पर पूरी पारदर्शिता से भर्तियां की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में प्रदेश पुलिस के 60 हजार 244 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण के लिये आयोजित कार्यक्रम में कहा, "वर्ष 2017 (उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार के गठन का वर्ष) से पहले (सरकारी भर्तियों में) भाई—भतीजावाद था। भेदभाव होता था। परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न खड़े होते थे। पैसा दिए बगैर किसी का भी चयन नहीं हो सकता था लेकिन आज यह बीते दिन की बात हो गई है।" उन्होंने कहा, "अब तो अभ्यर्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ देते हुए मेरिट को ध्यान में रखकर इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से संपन्न करने का कार्य किया जा रहा है। आज उसी का परिणाम है कि हम लोगों ने अकेले



उत्तर प्रदेश पुलिस बल में पिछले आठ वर्षों में दो लाख 16 हजार कर्मियों की नियुक्ति की है। केवल भर्ती ही नहीं की है, बल्कि पुलिस को मॉडर्न पुलिस बनाने की दिशा में भी कार्य किया है।"

आदित्यनाथ ने पूर्व में हुई पुलिस भर्ती में शाह के सहयोग को याद करते हुए कहा, "मुझे याद है कि 2017 में जब हम लोगों ने पहली पुलिस भर्ती की थी। उस समय मैं, भाजपा के (तत्कालीन) राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में गृहमंत्री अमित शाह जी के पास गया था। उन्होंने कहा था कि आप भर्ती करिये, प्रशिक्षण के लिए हम लोग सेना, अर्धसैनिक बल और अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केंद्रों पर भी सुविधा उपलब्ध कराएंगे। मैं आभारी हूं कि उस समय तमाम राज्यों, अर्धसैनिक बलों और सेना ने हमें प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराये।"

मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से मुखातिब होते हुए कहा, "आपने 2021 में उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश स्टेट फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट का शिलान्यास किया था और 2023 से इस संस्थान ने काम शुरू कर दिया है।" उन्होंने कहा, "भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की मूल भावना दंड आधारित न होकर न्याय प्रदान करने की है। इनमें वैज्ञानिक साक्ष्य एवं तकनीक का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में आठ नयी फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं चालू हो चुकी हैं और छह नयी प्रयोगशालाओं पर काम चल रहा है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी 75 जिलों में गृह मंत्रालय के सहयोग से दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक प्रयोगशाला उपलब्ध कराई गई हैं और तीसरी भी उपलब्ध कराने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों को आम जनता से मित्रवत और संवेदनशीलतापूर्ण व्यवहार करने की ताकीद करते हुए कहा, "जवाबदेही के साथ आज पुलिस का आम आदमी के साथ दोस्ताना व्यवहार होना चाहिये। आम आदमी की समस्या के समाधान के लिये संवेदनशील बनना चाहिये। महाकुंभ में पुलिस के व्यवहार की तारीफ की गई। अगर महाकुंभ में किया जा सकता है तो सामान्य दिनों में क्यों नहीं? इस दिशा में भी नए प्रयास प्रारंभ होने चाहिए।''

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने मंच पर 15 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

## न्यूज ब्रीफ

### दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम में पेड़ गिरने से बिजली का तार टूटा, दो लोगों की मौत

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम इलाके में रविवार तड़के बारिश और तेज आंधी के कारण एक पेड़ बिजली के तार पर गिर गया, जिससे दो व्यक्तियों की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान रविंदर (30) और भरत (25) के रूप में हुई है। दोनों बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले थे और आरके पुरम सेक्टर-1 स्थित सड़क किनारे एक ढाबे पर काम करते थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल करने वाले व्यक्ति सुनील (45) ने पुलिस को बताया कि दोनों कर्मचारी एक खोखे में सो रहे थे, तभी हादसा हुआ। सुनील ढाबे का मालिक है। बारिश और तेज हवाओं के चलते एक बड़ा पेड़ खोखे पर गिर पड़ा, जिससे बिजली का तार टूट गया। तार टूटने से दोनों मजदूरों की मौत हो गयी। इस घटना में एक कुत्ते की भी मौत हो गयी।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार के चार लोगों समेत सात की मौत

**प्रयागराज/संभल/बिजनौर** (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, संभल और बिजनौर जिलों में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से कुल सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने जानकारी दी।

प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार देर रात बारा तहसील के सोनवर्षा हल्लाबोर गांव में उस समय की है जब विरेंद्र वनवासी अपने परिवार के साथ छप्पर के नीचे सो रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि झुलसने के कारण विरेंद्र, उनकी पत्नी पार्वती, बेटी राधा और बेटी करिश्मा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सम्भल के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुन्नौर की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने बताया कि



आज सुबह क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा में अतर सिंह अपने परिजनों के साथ खेत में काम कर रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी बेटी रत्नेश कुमारी (18) की मौत हो गई जबकि उनका बेटा राजेश (32) और पुत्रवधू किशनावती (28) घायल हो गई।

मिश्रा के मुताबिक, दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एसडीएम ने कहा कि परिजनों को आपदा के तहत जल्द ही आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उधर, बिजनौर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से खेत पर काम कर रहे दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से स्योहारा क्षेत्र के गांव मुकरपुरी की सविता देवी (40) की मौत हो गई।

## मथुरा में बहुमंजिला इमारत ढही, दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत

**मथुरा** (उप्र) (भाषा) मथुरा जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क इलाके में रविवार को टीला धंसने से उसपर बनी एक बहुमंजिला इमारत ढह गई जिसमें दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, अब तक मलबे में से निकाले गए तीन लोगों- तोताराम (38) तथा दो बहनें यशोदा (छह) व काव्या (तीन) को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया जा चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि यह हादसा रविवार दोपहर गोविंद नगर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब कोई व्यक्ति कच्ची सड़क इलाके में टीले के सहारे बने एक निजी बहुमंजिला मकान को जेसीबी से समतल करा रहा था और उसी समय अन्य मकानों के नीचे की मिट्टी भी धंसने से टीले का एक बड़ा हिस्सा ढह गया, जिसमें करीब आधा दर्जन मकानों में रह रहे लोग मलबे में दब गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन की टीमों के साथ पुलिस, दमकल कर्मी व नगर निगम के कर्मचारी आदि बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।



मथुरा जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। इसके पहले जिलाधिकारी (डीएम) सिंह ने बताया था कि यह घटना तब हुई जब पुराने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में एक टीले पर बना मकान अचानक ढह गया। अनुमान है कि इमारत ढहने की वजह से आसपास के पांच से छह घरों को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने पुष्टि की थी कि मलबे से एक व्यक्ति को निकाल लिया गया है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। एसएसपी ने बताया कि निकाले गए व्यक्ति को फिलहाल निगरानी में रखा गया है और उसकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया, ''बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन सेवा, नगर निगम, नागरिक सुरक्षा और पुलिस की टीमें फिलहाल मौके पर हैं।

## पुणे जिले में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का पुल ढहा; दो लोगों की मौत, 32 घायल

**पुणे**, (भाषा) महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गये। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हादसे में छह लोगों को बचाया गया है जबकि कुछ बह गये।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है,



जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, ''प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।'' अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम और अग्निशमन विभाग सहित अन्य विशेष इकाइयों के कर्मी घटनास्थल पर हैं। रविवार होने के कारण घटनास्थल पर काफी भीड़ थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस इलाके में पिकनिक मनाने वालों की काफी भीड़ रहती है।

## केदारनाथ के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त छह श्रद्धालुओं समेत सात लोगों की मौत

**देहरादून/रुद्रप्रयाग,** (भाषा) उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत सात लोगों की मौत हो गयी।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई। इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे 'आर्यन एविएशन' के हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रजवार ने बताया कि माना जा रहा है कि खराब मौसम के कारण दृश्यता कम होने की वजह से यह हादसा हुआ।

रुद्रप्रयाग के जिला पर्यटन



विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि हेलीकॉप्टर से संपर्क टूटने पर उसकी खोजबीन शुरू की गयी जिसके बाद दुर्घटना का पता चला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, पुलिस सहित अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं।

घटनास्थल का एक वीडियो स्थानीय लोगों को प्राप्त हुआ है जिसमें दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर से उठती आग की लपटें देखी जा सकती हैं। रुद्रप्रयाग जिले की पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान महाराष्ट्र निवासी राजकुमार सुरेश जायसवाल (41), उनकी पत्नी श्रद्धा जायसवाल (35) और बेटी काशी (दो), उत्तर प्रदेश निवासी विनोद देवी (66) तथा तुसथी सिंह (19) और केदारनाथ निवासी विक्रम एवं पायलट राजवीर सिंह चौहान के रूप में हुई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद समाचार मिला है और राज्य आपदा प्रतिवादन बल सहित अन्य एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हैं। इससे पहले, आठ मई को उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी थी। सात जून को भी केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी आ जाने के कारण सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी जिसमें पायलट को चोटें आयीं थी लेकिन उसमें सवार पांच श्रद्धालु सुरक्षित बच गए थे।--

## अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**अमेठी** (उप्र), (भाषा) अमेठी जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के एक पिकअप और एंबुलेंस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने घटना पर दुख प्रकट किया है। पुलिस ने बताया कि घटना शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर उस समय हुई, जब हरियाणा से बिहार के समस्तीपुर शव ले जा रही एंबुलेंस ने कथित तौर पर आगे निकलने की कोशिश में एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि इस हादसे में एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गौरीगंज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान बिहार निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा, रवि शर्मा, फूलो शर्मा और हरियाणा निवासी सरफराज तथा आबिद के रूप में हुई है।



# अमेरिका में राजनीतिक हिंसा का रहा है पुराना इतिहास, कई हस्तियां गवां चुकी हैं जान

## पेंसिल्वेनिया के गवर्नर के आधिकारिक आवास पर बम फेंके गए

**वाशिंगटन, (एपी)** मिनेसोटा में डेमोक्रेटिक पार्टी की एक प्रांतीय सीनेटर और उनके पति की हत्या, तथा एक अन्य जनप्रतिनिधि और उनकी पत्नी के घर पर गोलीबारी अमेरिका में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक हिंसा से जुड़ी कुछ नयी घटनाएं हैं।

पिछले दो महीनों में ही वाशिंगटन डीसी में इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या की घटना सामने आईं। पहली घटना में इजराइली बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर कोलोराडो में आयोजित एक मार्च पर बमबारी हुई जबकि दूसरी घटना में यहूदी अवकाश के दिन पेंसिल्वेनिया के गवर्नर के आधिकारिक आवास पर बम फेंके गए जब वह और उनका परिवार घर के अंदर थे। इसी तरह पिछले साल के अंत में न्यूयॉर्क शहर की सड़कों पर एक स्वास्थ्य सेवा अधिकारी की हत्या, पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव



प्रचार के दौरान पेंसिल्वेनिया में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास, दक्षिणपंथी विचारधारा में विश्वास करने वाले एक व्यक्ति द्वारा प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के पति पर 2022 में हुआ हमला भी ऐसी घटनाओं में शामिल है।

जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञानी मैट डैलेक चरमपंथ पर अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा, हम देश में एक डरावने दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां ऐसा लगता है कि हिंसा को कम करने के लिए कोई नियम नहीं रह गया है।"

राजनीति ने बड़े पैमाने पर नरसंहारों को भी बढ़ावा दिया है। 2018 में पिट्सबर्ग में यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग में 11 लोगों की हत्या करने वालों, 2019 में एल पासो में एक वॉलमार्ट में 23 दुकानदारों के हत्यारों और 2022 में बफ़ेलो किराना स्टोर में 10 अश्वेत लोगों की जान लेने वाले व्यक्तियों ने इस साजिश की आशंका का हवाला दिया कि यहूदियों का एक गुप्त गिरोह गोरे लोगों की जगह अश्वेत लोगों को लाने की कोशिश कर रहा है। यह दक्षिणपंथी दलों के उन वर्गों का मुख्य मुद्दा बन गया है जो आव्रजन को सीमित करने के ट्रंप के प्रयास का समर्थन करते हैं। गैर-लाभकारी संगठन 'एंटी-डिफेमेशन लीग' ने पाया कि 2022 से 2024 तक, अमेरिका में सभी 61 राजनीतिक हत्याएं दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने कीं।आतंकवाद पर शोध करने वाले 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस' के 'फेलो' जैकब वेयर ने कहा, ₹आप देख रहे हैं कि सभी अलग-अलग विचारधाराओं के लोग हिंसा में शामिल हो रहे हैं।"अमेरिका में राजनीतिक हिंसा का एक लंबा और भयावह इतिहास है। राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की हत्या, दक्षिण में अश्वेत लोगों को निशाना बनाकर की गईं हत्याएं और 1954 में संसद के अंदर प्यूर्टो रिको के चार राष्ट्रवादियों की गोलीबारी की घटना अमेरिकी इतिहास का हिस्सा हैं।

# इजराइली नागरिकों को निशाना बनाने की भारी कीमत चुकाएगा ईरान : नेतन्याहू

**यरुशलम, (भाषा)** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को चेतावनी दी कि इजराइल में नागरिकों को निशाना बनाने की ईरान को ''बहुत भारी कीमत'' चुकानी होगी।

नेतन्याहू ने यह टिप्पणी तेल अवीव के नजदीक बात याम शहर में सुबह-सुबह ईरानी मिसाइल हमले के स्थल का दौरा करते हुए की। इस हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और कई दर्जन अन्य घायल हो गए हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा नेतन्याहू के हवाले से जारी बयान में कहा गया, ''ईरान को नागरिकों - महिलाओं, बच्चों - की हत्या के लिए बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जिसे उसने जानबूझकर अंजाम दिया है। हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करेंगे, और हम उन पर पूरी ताकत से हमला करेंगे।''इजराइल ने शुक्रवार की सुबह 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन'



शुरू किया, जिसमें ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य ढांचे को निशाना बनाया गया। बाद में ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किए। इससे इजराइल पर ईरान की ओर से और जोरदार हमले की आशंका पैदा हो गई है क्योंकि ईरान की कुछ मिसाइलें इजराइल की हवाई सुरक्षा प्रणाली को भेद कर देश के बीच में बने इमारतों को निशाना बनाने में सफल हुई हैं।

एक अलग घटना में, उत्तरी अरब शहर तमरा में चार लोग मारे गए, जिससे इजराइल द्वारा अभियान शुरू किए जाने के बाद से मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। इजराइल का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य ईरान को परमाणु क्षमता हासिल करने से रोकना और उसके मिसाइल विकास कार्यक्रम को विफल करना है। नेतन्याहू ने कहा, ''हम यहां इसलिए हैं क्योंकि हम अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं - जो अब इजराइल के हर नागरिक के लिए स्पष्ट है। सोचिए कि अगर ईरान के पास इजराइल के शहरों पर गिराने के लिए परमाणु हथियार होता तो क्या होता।''

## विमान दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए एयर इंडिया टाटा समूह की दूसरी कंपनियों के संपर्क में

**मुंबई, (भाषा)** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों को हर संभव मदद देने के लिए टाटा समूह की दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है।एयरलाइन ने एक बयान में यह भी कहा कि 400 से अधिक परिवारों के सदस्य अहमदाबाद पहुंच चुके हैं और मौके पर मौजूद कंपनी के लोग उनकी मदद कर रहे हैं।

एयरलाइन ने कहा कि उसने सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिजनों/रिश्तेदारों से संपर्क कर लिया है और शवों तथा उनके निजी सामान परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद में हर प्रभावित परिवार को देखभाल के लिए कम से कम एक कार्यकर्ता दिया गया है।एयरलाइन ने कहा कि एयर इंडिया अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है और परिजनों के गुजरात से बाहर जाने और उनकी वापसी में मदद करेगी।

# ईरानी मिसाइल हमलों से अदाणी का हाइफा बंदरगाह अप्रभावित, परिचालन सामान्य: सूत्र



**जेरुशलम, (भाषा)** इजराइल में अदाणी समूह के हाइफा बंदरगाह को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ, और परिचालन सामान्य रूप से चल रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के परमाणु और अन्य लक्ष्यों पर तेल अवीव के हमले के जवाब में शनिवार की देर रात ईरान ने इजराइल के हाइफा बंदरगाह और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया।

इस मामले से अवगत दो सूत्रों ने कहा कि बंदरगाह पर रासायनिक टर्मिनल में शार्पनेल गिरे और कुछ अन्य प्रक्षेपास्त्र तेल रिफाइनरी में गिरे। उन्होंने दावा किया कि कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, हमले से अदाणी का बंदरगाह प्रभावित नहीं हुआ। एक सूत्र ने कहा, "बंदरगाह में अभी आठ जहाज हैं, माल ढुलाई सामान्य है।"

सूत्रों ने दावा किया कि ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले से बंदरगाह या इसके संचालन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अदाणी समूह ने इस मुद्दे पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने बताया कि किशन वेस्ट (हाइफा बंदरगाह) में इंटरसेप्टर छर्रे का एक टुकड़ा भी मिला, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

सूत्रों ने कहा कि हाइफा बंदरगाह पूरी तरह से सामान्य रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रविवार को आठ जहाज माल संभाल रहे थे। बंदरगाह में लगभग 700 कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि बंदरगाह इजराइल में परिवहन मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है और इजराइल सरकार की सुरक्षा तथा अन्य आवश्यकताओं का पूरी तरह अनुपालन कर रहा है।

सूत्रों ने कहा कि चीनी बंदरगाह (जो हाइफा के बगल में है) भी सामान्य रूप से काम कर रहा है।टिप्पणी के लिए इजराइल सरकार के अधिकारियों से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

## अदाणी ग्रीन एनर्जी को ईएसजी रेटिंग में शीर्ष स्थान दिया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है। इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में अपनी ईएसजी रेटिंग शुरू की है।एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं, सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रक्रियाओं और प्रभावी प्रशासन से समर्थित हैं।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस लिया गया

**पेरिस, (एपी)** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था।

यह निर्णय 'जर्नल ऑफ़िसियल' में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

सरकोजी को 2021 में पेरिस की एक अदालत और 2023 में एक अपील अदालत ने भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का दोषी करार दिया था, क्योंकि उन्होंने एक



कानूनी मामले के बारे में जानकारी के बदले में एक मजिस्ट्रेट को रिश्वत देने की कोशिश की थी, जिसमें वह शामिल थे।

उन्हें एक वर्ष तक निगरानी के लिए 'इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग ब्रेसलेट' पहनने की सजा सुनाई गई थी, जिसे फ्रांस की शीर्ष अदालत 'कोर्ट ऑफ कैसेशन' ने दिसंबर में बरकरार रखा था। सरकोजी को 2007 में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अपने प्रचार अभियान के लिए लीबिया से लाखों डॉलर प्राप्त करने के आरोप में इस साल मुकदमे का सामना करना पड़ा। उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया है। अभियोजन ने मामले में सात साल की जेल की सज़ा का अनुरोध किया है। सितंबर में फ़ैसला आने की संभावना है। सरकोजी दूसरे ऐसे पूर्व राष्ट्राध्यक्ष हैं, जिनसे 'लीजन ऑफ ऑनर' (फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान) वापस ले लिया गया है। उनसे पहले नाजी सहयोगी फिलिप पेतेन को 1945 में देशद्रोह और 1940-1944 तक विची फ्रांस के नेता के रूप में दुश्मन के साथ षड्यंत्र रचने का दोषी ठहराया गया था।

हॉलीवुड निर्माता हार्वे वीनस्टीन से 2017 में उनके खिलाफ व्यापक यौन दुराचार के आरोपों के मद्देनजर उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' सम्मान वापस ले लिया गया था। डोपिंग के आरोपों के बाद साइकिल चालक और पूर्व 'टूर डी फ्रांस' स्टार लांस आर्मस्ट्रांग से भी उनका फ्रेंच 'लीजन ऑफ ऑनर' सम्मान वापस ले लिया गया था।

सरकोजी ने 2017 में सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लिया था, हालांकि वह अब भी फ्रांस की राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभाते हैं।



# भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा पर सुधारों के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं: सुब्बाराव

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राष्ट्रीयज जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार सत्ता में आई थी, उस समय आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की



विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था तथा फंसे कर्ज की समस्या थी।

सुब्बाराव ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''आज, 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गयी है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।''

उन्होंने कहा, ''पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, यह खुशी का कारण है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं... । अन्य बातों के साथ हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं।''एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा, ''निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, और हम आगे बढ़े हैं। आज हम चार ट्रिलियन (4,000 अरब डॉलर) की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।''

## लद्दाख प्रतिनिधिमंडल ने सीतारमण से मुलाकात की

**लेह, (भाषा)** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में भारी गिरावट से जूझ रहे पर्यटन क्षेत्र की कंपनियों समेत विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडलों ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पर्यटन और संबद्ध क्षेत्रों के लिए विशेष राहत की वकालत की। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडलों ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट आवंटन बहाल करने की भी मांग की और अनुरोध किया कि बजट अनुमान और संशोधित अनुमान को सितंबर-अक्टूबर के बजाय दिसंबर तक के व्यय के आधार पर अंतिम रूप दिया जाए, ताकि क्षेत्र की वास्तविक खर्च क्षमता को दर्शाया जा सके।

# स्थानीय दूरसंचार उपकरण निर्माताओं के लिए ढील पर विचार

**नयी दिल्ली, (भाषा)** उचित सुरक्षा के बिना घरेलू स्तर पर बने दूरसंचार उपकरणों के लिए मूल्य-वर्धन मानदंडों में ढील देने से गैर-विश्वसनीय स्रोतों से आयात का जोखिम बढ़ सकता है। जीएक्स ग्रुप के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही।

ऐसी खबर है कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार उपकरणों के लिए स्थानीय मूल्य-वर्धन मानदंडों की समीक्षा शुरू कर दी है। गौरतलब है कि देश में सीमित कलपुर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के कारण विनिर्माताओं को इलेक्ट्रॉनिक और दूरसंचार उत्पादों में 50-60 प्रतिशत स्थानीय सामग्री हासिल करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब सरकार ने घरेलू स्तर पर निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में स्थानीय मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए 23,000 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना शुरू की है।

जीएक्स ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परितोष प्रजापति ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''स्थानीय सामग्री मानदंडों की समीक्षा पर विचार एक स्वागतयोग्य कदम है, हालांकि, विशिष्ट कलपुर्जों पर सावधानी के साथ छूट देने की जरूरत है।"

उन्होंने कहा कि अत्यधिक सावधानी के बिना मूल्य संवर्धन को कम करने से गैर-विश्वसनीय देशों से आयात में वृद्धि का जोखिम बढ़ सकता है। जीएक्स ग्रुप दूरसंचार क्षेत्र की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत लाभार्थी है।

प्रजापति ने कहा, ''सुरक्षा के प्रति संवेदनशील दूरसंचार उपकरण खंड पहले से ही आयातित उत्पादों से प्रभावित हो रहा है, जिससे दूरसंचार पीएलआई योजना के तहत स्वदेशी उत्पादन की वृद्धि कम हो रही है।"

दूरसंचार विभाग ने तीन जून को उद्योग निकायों - वॉयस, टेमा, आईसीईए, सीओएआई और एमएआईटी के साथ ही मूल उपकरण विनिर्माताओं - तेजस, वीवीडीएन, एचएफसीएल, नोकिया, एरिक्सन, सिस्को और अन्य कंपनियों से सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) की समीक्षा पर टिप्पणियां आमंत्रित की थीं।

## एसी विनिर्माताओं ने बिक्री अनुमान घटाया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में लगातार पड़ रही गर्मी ने जून में कमरे वाले एयर-कंडीशनर (आरएसी) की बिक्री में उछाल ला दिया है। हालांकि, देश के कई हिस्सों में सबसे ज्यादा मांग वाले सीजन के दौरान रुक-रुक कर हो रही बारिश ने कंपनियों को इस साल बिक्री अनुमान को घटाकर 10-15 प्रतिशत करने पर मजबूर कर दिया है।

कमरे वाले एसी के लिए सर्वाधिक मांग वाले सीजन गर्मियों में इस बार एसी विनिर्माताओं को निराशा हाथ लगी है। हालांकि, जून में गर्मी के कारण तेज खरीदारी के कारण कुछ उम्मीद की किरणें भी दिख रही हैं।आरएसी विनिर्माताओं ने कहा कि फरवरी और मार्च में उत्साहजनक संख्या के बाद, गर्मियों के जल्दी आने से उन्हें मदद मिली, वे पिछले साल की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की उच्च दोहरे अंकों की मात्रा वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे, और उन्होंने भंडारण भी बना लिया था।

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने पीटीआई-भाषा से कहा, "हम सभी ने 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की योजना बनाई थी, जो नहीं होने जा रही है।

## एनएसई ने अदाणी ग्रीन एनर्जी को ईएसजी रेटिंग में शीर्ष स्थान दिया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है। इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में अपनी ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं, सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रक्रियाओं और प्रभावी प्रशासन से समर्थित हैं। एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड के अनुसार, एजीईएल को 74 का प्रभावशाली ईएसजी स्कोर मिला, जो उपयोगिताओं और बिजली क्षेत्र में सबसे अधिक है।

## हेलीकॉप्टर हादसे के बाद चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन का परिचालन निलंबित

**मुंबई, (भाषा)** केदारनाथ क्षेत्र में रविवार सुबह आर्यन एविएशन के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए इसके संचालन को निलंबित कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि हेलीकॉप्टर ने तड़के 05:10 बजे गुप्तकाशी से उड़ान भरी और 05:18 बजे श्री केदारनाथ जी हेलीपैड पर उतरा। यह सुबह 05:19 बजे गुप्तकाशी के लिए फिर से रवाना हुआ और 05:30 से 05:45 बजे के बीच गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
विमान में पांच यात्री, एक शिशु और एक चालक दल का सदस्य सवार था। इससे पहले उत्तराखंड सरकार ने सुरक्षा एहतियात के तौर पर 15 और 16 जून को क्षेत्र में चार्टर और शटल हेलीकॉप्टर परिचालन को निलंबित करने की घोषणा की थी। मंत्रालय ने कहा कि प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि इसका संभावित कारण 'नियंत्रित उड़ान क्षेत्र' (सीएफआईटी) हो सकता है, क्योंकि घाटी के प्रवेश क्षेत्र में खराब दृश्यता और व्यापक बादल होने के बावजूद हेलीकॉप्टर कथित तौर पर हवा में था।

# टाटा स्टील का 10-15 साल में पुनर्चक्रण से 1.5 करोड़ टन उत्पादन करने का लक्ष्य : सीईओ

**नयी दिल्ली, (भाषा)** टाटा स्टील का लक्ष्य अगले 10-15 साल में पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) से 1-1.5 करोड़ टन का उत्पादन करने का है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने यह जानकारी दी। कंपनी भारत और यूरोप में कम कार्बन उत्सर्जन के साथ इस्पात बनाने की प्रौद्योगिकी लागू कर रही है।

टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत, ब्रिटेन, नीदरलैंड और थाइलैंड में फैली अपनी कुल 3.5 करोड़ टन क्षमता से 3.09 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया।

टाटा स्टील के लिए टिकाऊ व्यवहार के बारे में पूछने पर नरेंद्रन ने कहा, "अगले 10-15 वर्षों में आप देखेंगे कि टाटा स्टील का 1-1.5 करोड़ टन उत्पादन पुनर्चक्रण से होगा।"

कंपनी का लक्ष्य भारत में 2030 तक अपनी इस्पात बनाने की क्षमता को चार करोड़ टन तक बढ़ाना है। टाटा स्टील ब्रिटेन के साउथ वेल्स में स्थित अपने 30 लाख टन सालाना (एमटीपीए) क्षमता वाले संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस स्टील बनाने से स्क्रैप-आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) बनाने की ओर आगे बढ़ रही है।

नरेंद्रन ने आगे कहा कि टाटा स्टील ने कुछ साल पहले दिल्ली के पास एक पुनर्चक्रण संयंत्र स्थापित किया है। लुधियाना में स्थापित की जा रही 7.5 लाख टन की पुनर्चक्रण आधारित इस्पात विनिर्माण इकाई चालू वित्त वर्ष के अंत तक तैयार हो जाएगी।

उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन में हमने ब्लास्ट फर्नेस बंद कर दिए हैं और हम इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस बना रहे हैं। नीदरलैंड में, हम ऐसे कदम उठाने के लिए वहां की सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

इसलिए, 2035 तक हमारे पास यूरोप में कोई भी ब्लास्ट फर्नेस नहीं होगा।" इसकी जगह कंपनी वैकल्पिक हरित प्रक्रिया से उत्पादन को बढ़ावा देगी।

## यह परियोजना 116 एकड़ की टाउनशिप 'डीएलएफ प्रिवाना' का हिस्सा है

# डीएलएफ गुरुग्राम में नई लक्जरी आवासीय परियोजना पर 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी



**नयी दिल्ली, (भाषा)** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष (2025-26) में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है। यह आगामी परियोजना 116 एकड़ की टाउनशिप 'डीएलएफ प्रिवाना' का हिस्सा है। इस टाउनशिप में कंपनी ने पिछले साल दो परियोजनाएं - 'डीएलएफ प्रिवाना वेस्ट' और 'डीएलएफ प्रिवाना साउथ' शुरू की थीं और उन्हें करीब 12,800 करोड़ रुपये में पूरी तरह से बेच दिया था।

डीएलएफ ने मई, 2024 में अपनी 12.57 एकड़ की परियोजना 'प्रिवना वेस्ट' की शुरुआत के तीन दिन के भीतर सभी 795 अपार्टमेंट 5,590 करोड़ रुपये में बेच दिए। इससे पहले, जनवरी 2024 में, कंपनी ने अपनी परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना साउथ' की शुरुआत के तीन दिनों के भीतर गुरुग्राम में 1,113 लक्जरी अपार्टमेंट 7,200 करोड़ रुपये में बेचे थे।

# 2016 के सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पीड़ित को 8.2 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए: अदालत



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने 2016 में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति को 8.2 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश देते हुए कहा कि कोई भी धनराशि उस मानसिक आघात को नहीं मिटा सकती, लेकिन मुआवजे के रूप में दी गई राशि पीड़ित को कुछ हद तक राहत और पुनर्वास का भरोसा जरूर दिला सकती है।

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) की पीठासीन अधिकारी शैली अरोड़ा अखलाक अली के दावे की सुनवाई कर रही थीं। अली ने कहा था कि आठ अप्रैल, 2016 को यातायात नियमों का उल्लंघन कर तेज गति से जा रहीं दो मोटरसाइकिलों ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी थी जिससे उन्हें चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

अदालत ने कहा कि चोटें गंभीर प्रकृति की थीं और याचिकाकर्ता के बाये ऊपरी अंग में छह प्रतिशत स्थायी शारीरिक दिव्यांगता हो गयी।

अदालत ने चार जून के अपने आदेश में कहा, ''गवाह ने इस बात से साफ इनकार किया है कि वह सड़क पार कर रहा था या यातायात पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा था या अपने मोबाइल फोन पर व्यस्त था और इसलिए दुर्घटना से बच नहीं सका अथवा उसने ईयरफोन लगा रखा था, इसलिए वह दो मोटरसाइकिल सवारों की आवाज नहीं सुन सका या वह नशे में था या उसने कोई दवा ले रखी थी जिससे उसकी सतर्कता कम हो गई।'' अदालत ने कहा कि अली से जिरह किये जाने पर कोई विरोधाभास सामने नहीं आया।

अदालत ने अली के बयान पर गौर किया कि पूरी सड़क से करीब 10 मोटरसाइकिलें गुजर रही थीं और उनमें से दो सड़क के किनारे आ गईं एवं एक-दूसरे से टकराने के बाद पीछे से उससे टकरा गईं।

अदालत ने कहा, ''दुर्घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज एकत्र की गई थी या नहीं, इसे घायलों के खिलाफ नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यह मुख्य रूप से जांच अधिकारियों का काम था।' अदालत ने उसके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों पर गौर करते हुए कहा कि यह साबित हो गया है कि दोनों मोटरसाइकिलें लापरवाही से चलाई जा रही थीं।

अदालत ने कहा, ''वैसे तो कोई भी धनराशि या अन्य भौतिक मुआवजा किसी गंभीर दुर्घटना के बाद पीड़ित को होने वाले आघात, दर्द और पीड़ा को मिटा नहीं सकता है (या किसी प्रियजन की क्षति की भरपाई नहीं कर सकता है), लेकिन मौद्रिक मुआवजा कानून में ज्ञात तरीका है, जिसके तहत समाज जीवित बचे लोगों और अपने जीवन का सामना करने वाले पीड़ितों को कुछ हद तक क्षतिपूर्ति का दिलासा देता है।''

अदालत ने विभिन्न मदों के तहत लगभग 8.20 लाख रुपये के कुल मुआवजे की गणना की, जिसमें चिकित्सा उपचार पर व्यय और आय की हानि के कारण आर्थिक नुकसान, भविष्य की आय के गैर-आर्थिक नुकसान, जीवन की सुविधाएं और मानसिक और शारीरिक आघात, दर्द और पीड़ा के लिए मुआवजा शामिल है। उसने बीमा कंपनियों-- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी और रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मुआवजे की राशि जमा करने का निर्देश दिया।

## प्राचीन 'गुरु-शिष्य परंपरा' के अनुरूप भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र स्थापित करेगा आईपी विश्वविद्यालय

नयी दिल्ली, (भाषा) गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने भारत के पारंपरिक शैक्षिक मूल्यों और ज्ञान की विरासत को पुनर्जीवित करने पर केंद्रित एक नए केंद्र की स्थापना की घोषणा की है।

जीजीएसआईपीयू के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 'सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन' (सीआईकेटीएसआई) नामक इस केंद्र की स्थापना विश्वविद्यालय के द्वारका परिसर में की जाएगी। बयान में कहा गया है कि इसका उद्देश्य प्राचीन 'गुरु-शिष्य परंपरा' के साथ निकटता से जुड़ना है। बयान के अनुसार, यह एक परंपरा है जो अनुभवात्मक शिक्षा, मार्गदर्शन और समग्र विकास पर आधारित है। जीजीएसआईपीयू के कुलपति महेश वर्मा ने कहा, ₹यह पहल भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान के साथ जोड़ने की दृष्टि पर आधारित है।

# सीपीसीबी ने 2018 से जुटाए गए 45 करोड़ रुपये के पर्यावरण जुर्माने का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 2018 से 2024 तक एकत्र किए गए पर्यावरण मुआवजे का केवल 0.2 प्रतिशत ही पर्यावरण की सुरक्षा पर खर्च किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन में यह जानकारी सामने आई है।

सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता द्वारा दायर आरटीआई से सामने आया कि सीपीसीबी ने इस अवधि के दौरान पर्यावरण मुआवजे (ईसी) के तहत जुर्माने और दंड के रूप में 45.81 करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन केवल नौ लाख रुपये खर्च किए, जो कुल राशि के पचासवें हिस्सा से भी कम है।

सीपीसीबी के पास केवल 2024-25 में नौ लाख रुपये के इस्तेमाल का रिकॉर्ड है। सीपीसीबी को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा एकत्र किए गए पर्यावरण मुआवजे का 25 प्रतिशत प्राप्त होता है और विभिन्न मामलों में प्रदूषण करने वालों पर सीधे जुर्माना लगाता है।

सीपीसीबी को मिलने वाली जुर्माना राशि का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जाता है, जिसमें प्रयोगशालाओं के लिए संसाधन जुटाना, नेटवर्क की निगरानी करना, अनुपालन अध्ययन, क्षमता निर्माण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा नियुक्त समितियों द्वारा किए जाने वाले खर्च शामिल हैं।

हालांकि, इस राशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च नहीं किया गया है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि सीपीसीबी ने इस अवधि के दौरान पर्यावरण संरक्षण शुल्क (ईपीसी) के तहत एकत्र किए गए 427.37 करोड़ रुपये में से केवल 130.9 करोड़ रुपये खर्च किए, जो लगभग 30 प्रतिशत है।

ये निधि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए है।

उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार, दिल्ली और एनसीआर में पंजीकृत 2,000 सीसी व उससे अधिक इंजन क्षमता वाले डीजल वाहनों की एक्स-शोरूम कीमत के एक प्रतिशत की दर से ईपीसी एकत्र किया जाता है।

इस निधि का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर और पंजाब के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता सुधार प्रयासों (अनुसंधान एवं विकास), वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण, स्वास्थ्य प्रभाव अध्ययन और प्रदूषण शमन परियोजनाओं में मदद करना है।

आंकड़ों से पता चला कि लगातार कम खर्च की प्रवृत्ति बनी हुई है।

सीपीसीबी ने 2016-17 में 29.28 करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन केवल एक लाख रुपये खर्च किए।

वहीं 2023-24 में 65.28 करोड़ रुपये एकत्र किए गए, जबकि खर्च केवल 22.38 करोड़ रुपये रहा।

सीपीसीबी ने 2024-25 में 74.39 करोड़ रुपये एकत्र किए जबकि खर्च केवल 31.98 करोड़ रुपये किए।

# भारत अंतरिक्ष कांग्रेस 25 जून से दिल्ली में, 40 देशों के भाग लेंगे

नयी दिल्ली, (भाषा) कई देशों के नीति निर्माता, राजनयिक और उद्योग जगत के नेता 25 जून को भारत अंतरिक्ष कांग्रेस (आईएससी) के चौथे संस्करण के लिए यहां एकत्र होंगे और देश में उभरते लेकिन तेजी से बढ़ते निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे।

आयोजकों ने बताया कि सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन-इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में इटली, नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया और हंगरी सहित 40 देशों के भाग लेने की संभावना है।

एसआईए-इंडिया के महानिदेशक अनिल प्रकाश ने एक बयान में कहा, ''आईएससी 2025 संस्थागत निवेशकों, सॉवरेन वेल्थ फंड और निजी इक्विटी फर्म को एक साथ लाने के मंच के रूप में काम करेगा, जो भारत की विस्तारित अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का लाभ उठाने के इच्छुक हैं। अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के 2033 तक 44 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।''

तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय है 'अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी नवाचारः वैश्विक साझेदारी की ओर भारत की यात्रा।'

प्रकाश ने कहा कि विशेष अमेरिका-भारत गोलमेज सम्मेलन में उभरते अवसरों के माध्यम से नवाचार और सहयोग में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि साझा समृद्धि के लिए 'ग्लोबल साउथ' में पृथ्वी अवलोकन समाधान का विस्तार करने में भारत की प्रगति का आकलन किया जा सके जिससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

'ग्लोबल साउथ' का संदर्भ आर्थिक रूप से कम संपन्न देशों के लिए दिया जाता है।

एसआईए-इंडिया के अध्यक्ष सुब्बाराव पवुलुरी ने कहा, ''विशेष रूप से वर्तमान भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर, चर्चा में रक्षा सत्रों और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) में भारत के अंतरिक्ष योगदान पर भी प्रकाश डाला जाएगा।''

## एनसीबीसी ने ओबीसी उप-वर्गीकरण डेटा जमा करने में देरी को लेकर बंगाल सरकार की खिंचाई की

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) उप-वर्गीकरण पर विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत करने में विफल रहने के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक नया नोटिस जारी किया है।

एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने आयोग के 22 दिसंबर, 2023 के पहले के नोटिस और 19 फरवरी, 2024 के बाद के पत्र का जवाब देने में विफल रहने पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है।

अपने 2024 के पत्र में राज्य सरकार ने आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने के लिए तीन से छह महीने का समय मांगा था।

एनसीबीसी ने एक पोस्ट में कहा, ₹एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद, अपेक्षित जानकारी अब भी प्रतीक्षित है।₹

# 'डॉ. डेथ' का मुख्य सहयोगी 21 साल बाद अलीगढ़ से गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) कुख्यात सीरियल किलर देवेंद्र शर्मा उर्फ 'डॉक्टर डेथ' के 21 साल से फरार एक प्रमुख सहयोगी को दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान राजेंद्र उर्फ राजुआ (59) के रूप में हुई है जो अलीगढ़ के कासिमपुर का निवासी है और घोषित अपराधी है। अधिकारी ने बताया कि राजेंद्र को 14 जून को अपराध शाखा की एक टीम ने पकड़ा था।

पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹वह सरिता विहार पुलिस थाने में दर्ज हत्या, अपहरण, सबूत मिटाने, आपराधिक साजिश और साझा इरादे के 2004 के मामले में वांछित था।₹

अधिकारी ने कहा, ₹अदालत ने इस मामले में राजेंद्र को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था, लेकिन वह दो दशक से अधिक समय तक गिरफ्तारी से बचता रहा।₹



पुलिस ने बताया कि राजेंद्र, देवेंद्र शर्मा उर्फ डॉ. डेथ का करीबी साथी था, जिसे 19 मई को राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया गया था।

कुख्यात सीरियल किलर और आयुर्वेद चिकित्सक शर्मा को ₹डॉक्टर डेथ₹ के नाम से भी जाना जाता है। उसे पिछले साल पैरोल से फरार होने के बाद दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

हत्या के कई मामलों में दोषी ठहराए गए शर्मा (67) को उत्तर प्रदेश के कासगंज में मगरमच्छों से भरे हजारा नहर में पीड़ितों के शवों को फेंकने के लिए जाना जाता था।

उसे दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा में हत्या के सात अलग-अलग मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और यहां तक कि गुरुग्राम की एक अदालत ने एक मामले में उसे मृत्युदंड की सजा भी सुनायी थी।

पुलिस का मानना है कि वह 50 से अधिक हत्याओं में शामिल था।

बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) डिग्री धारक शर्मा 2002 से 2004 के बीच कई टैक्सी और ट्रक चालकों की नृशंस हत्या के लिए तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। वह 2023 में पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था।

शर्मा और उसके साथी फर्जी यात्रा अनुरोधों के जरिए चालकों को फंसाते थे, उनकी हत्या कर देते थे और उनके वाहनों को ग्रे मार्केट में बेच देते थे।

इसके बाद सबूत मिटाने के लिए शवों को हजारा नहर में फेंक दिया जाता था जिसमें मगरमच्छ रहते थे।

पुलिस ने बताया कि शर्मा ने 1990 और 2000 के आरंभ में अवैध किडनी प्रत्यारोपण का गिरोह भी चलाया था। उसने चिकित्सकों और दलालों की मदद से 125 से अधिक अवैध प्रत्यारोपण कराने की बात कबूल की है। उन्होंने बताया कि शर्मा ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि 2000 के शुरू में सक्रिय उसके अपराध गिरोह का प्रमुख संचालक राजेंद्र अभी भी फरार है।

प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने अलीगढ़, जयपुर और दिल्ली सहित कई शहरों में राजेंद्र की तलाश शुरू कर दी।

कई दिनों की निगरानी और सूचना के बाद, अंततः आरोपी को कासिमपुर के एक सुदूर इलाके में पाया गया। यहां वह एक अलग कमरे में रह रहा था और झूठी पहचान के साथ एक स्थानीय पंप हाउस में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा था।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹राजेन्द्र, शर्मा और गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ कई हत्याओं में शामिल था, जिसमें मुख्य रूप से ट्रक और टैक्सी चालकों की हत्याएं हैं।₹

पुलिस ने बताया कि राजेंद्र ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह 2003 में एक निजी विवाद के बाद शर्मा के गिरोह में शामिल हो गया था।

अधिकारी ने बताया, ₹सभी संबंधित पुलिस थानों को उसकी गिरफ्तारी के बारे में सूचित कर दिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है।₹

# केंद्र ने वैज्ञानिक उपकरणों एवं अन्य वस्तुओं के खरीद नियमों में ढील दी

नयी दिल्ली, (भाषा) अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद हेतु वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा 'जीईएम' पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से ऐसी खरीददारी करने की अनुमति प्रदान की है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले।

लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।



अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जीईएम पोर्टल शुरु किया गया था, लेकिन अनुसंधानकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संभवतः तंत्र विकसित नहीं हो पाया है।

सिंह ने यहां प्रेसवार्ता में कहा, ''जब हम वैश्विक भूमिका निभाने की ओर अग्रसर हैं, तो हमें वैश्विक मापदंडों का पालन करना होगा। हमारे मानक वैश्विक मानकों से संबंधित होने चाहिए।''

जीएफआर में विशेष प्रावधानों में संशोधन के अनुसार, विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के कुलपति और निदेशक अब अनुसंधान उद्देश्यों के लिए दो लाख रुपये तक के वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य वस्तुएं बिना किसी 'कोटेशन' के खरीद सकेंगे, जबकि पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी।

क्रय समिति द्वारा वस्तुओं की खरीद के लिए वित्तीय सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है।

## सौर ऊर्जा संचालित जल प्रणाली से चीता शावकों को कुनो में भीषण गर्मी से बचने में मदद मिली

नयी दिल्ली, (भाषा) मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में जन्मे चीता शावकों के लिए इस गर्मी के मौसम में सौर ऊर्जा संचालित जल प्रणाली जीवन रेखा बनकर उभरी है, जिससे उन्हें भीषण गर्मी और कठोर परिस्थितियों से बचने में मदद मिली है।

इस जून में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में तापमान 40 डिग्री से पार चला गया, जिससे जल संसाधनों पर भारी दबाव पड़ा है। मई 2023 में कुनो राष्ट्रीय उद्यान में अत्यधिक गर्मी के कारण नामीबियाई चीता ज्वाला से पैदा हुए तीन शावकों की मौत हो गई थी।

उस अनुभव से सीखते हुए, अधिकारियों ने कुनो नदी से पानी खींचने के लिए एक सौर-संचालित प्रणाली स्थापित की है, तथा पानी को 8.6 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के माध्यम से केएनपी के अंदर 15 से अधिक स्थानों पर 'स्प्रिंकलर' (एक प्रकार का फव्वारा) और जल हौद तक पहुंचाया गया है। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक और चीता परियोजना निदेशक उत्तम कुमार शर्मा ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा, ''कुनो नदी से पानी उठाना, उसे कई किलोमीटर दूर ले जाना, हरित क्षेत्र बनाने के लिए बड़े पैमाने पर 'स्प्रिंकलर' का उपयोग करना और योजनाबद्ध तरीके से विशेष रूप से मां और नवजात शावकों के लिए पानी की उपलब्धता में सुधार करना, काफी सफल साबित हुआ है।''

दक्षिण अफ्रीकी चीता वीरा ने इस साल फरवरी में दो शावकों को जन्म दिया, जबकि एक अन्य दक्षिण अफ्रीकी चीता निरवा ने अप्रैल में पांच शावकों को जन्म दिया। अधिकारियों ने कहा कि निरवा के दो शावकों की मृत्यु हो गई, लेकिन बाकी शावक ठीक हैं। अधिकारियों ने कहा कि शावकों को पहली बार ऐसी कठोर मौसमी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और ऐसे में दोनों माताएं और उनके शावक नियमित रूप से 'स्प्रिंकलर' के आसपास आकर गर्मी से राहत पा रहे हैं, जो पहल की सफलता को दर्शाता है।

# एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों से जुड़ाव वाले तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब के एसबीएस नगर जिले में एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले से संबंधित 2024 के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस हमले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) की बड़ी साजिश होने का पता चला है।

उन्होंने बताया कि एसबीएस नगर के राहोन गांव के रहने वाले युगप्रीत सिंह उर्फ युवी निहंग, जसकरण सिंह उर्फ शाह और हरजोत सिंह उर्फ जोत हुंदल पर पंजाब के मोहाली की एक अदालत में शनिवार को दाखिल आरोपपत्र में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और अन्य संबंधित प्रावधानों की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।




अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने केजेडएफ प्रमुख और घोषित आतंकवादी रंजीत सिंह उर्फ नीता, संगठन के सदस्य जगजीत सिंह लाहिड़ी उर्फ जग्गा उर्फ जग्गा मियापुर उर्फ हरि सिंह (वर्तमान में ब्रिटेन में रह रहा है) और अन्य अज्ञात आतंकवादी गुर्गों के खिलाफ भी जांच शुरू की है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस वर्ष मार्च में पंजाब पुलिस से मामला अपने हाथ में लेने वाली एजेंसी ने पाया है कि जग्गा ने ब्रिटेन में अपने एक परिचित के माध्यम से युगप्रीत सिंह की भर्ती की थी।

एजेंसी ने कहा कि अन्य केजेडएफ आतंकवादियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जग्गा ने युगप्रीत को कट्टरपंथी बनाया था और ''एनक्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लीकेशन के माध्यम से उसे नियंत्रित करता था।''

एनआईए के बयान में कहा गया है कि जग्गा ने कनाडा स्थित संस्थाओं के माध्यम से युगप्रीत को 4.36 लाख रुपये से अधिक का आतंकी वित्तपोषण किया था, जिनकी पहचान कर ली गई है और उनकी जांच की गई है।

इसमें कहा गया है, ''युगप्रीत ने अन्य दो आरोपियों की भर्ती की थी और तीनों ने एक और दो दिसंबर 2024 की रात के दौरान पुलिस चौकी असरोन पर हमला किया था।''

# 41 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने योग को अपनी जीवनशैली में शामिल किया: आयुष सर्वेक्षण

नयी दिल्ली, 15 जून (भाषा) संयुक्त राष्ट्र (संरा) द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के एक दशक बाद 41 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने योग को अपनी जीवनशैली में कुछ हद तक शामिल किया है। आयुष मंत्रालय की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है।

सर्वेक्षण में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों सहित 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30,084 परिवारों को शामिल किया गया। सर्वेक्षण में पाया गया कि 24.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने योग के कारण बेहतर फिटनेस की बात कही, 16.9 प्रतिशत ने तनाव में कमी जबकि लगभग एक-चौथाई उत्तरदाताओं ने स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान प्राप्त करने का दावा किया।

'इंपैक्ट असेसमेंट ऑफ ए डेकेड ऑफ इंटरनेशनल डे ऑफ योगाः सर्वे फाइंडिंग' शीर्षक वाले इस सर्वेक्षण में सामने आया कि 11.2 प्रतिशत लोग नियमित रूप से योग करते हैं, 13.4 प्रतिशत कभी-कभार और 75.5 प्रतिशत लोग योग नहीं करते हैं।

केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) के निदेशक डॉ. राघवेंद्र राव ने बताया, "नियमित रूप से योग करने वाले इन 11.2 प्रतिशत लोगों को योग कक्षाओं में जाने और नियमित रूप से सत्र में भाग लेने वाले लोगों के रूप में देखा गया है।" उन्होंने बताया, "जब हम कहते हैं कि 41 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योग को अपनी जीवनशैली में शामिल कर लिया, तो इसका मतलब है कि वे मन को शांत करने के लिए भक्ति योग (प्रार्थना) या ध्यान व आत्म-अभ्यास जैसे विभिन्न रूपों में योग का अभ्यास करते हैं।"



सीसीआरवाईएन और सर्वेक्षण नाम की कंपनी ने शनिवार को निष्कर्ष जारी किए। सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चला कि शहरी क्षेत्रों में 12.6 प्रतिशत उत्तरदाता नियमित रूप से योग करते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 10.4 प्रतिशत है। वहीं 11.6 प्रतिशत पुरुष और 10.7 प्रतिशत महिलाएं नियमित रूप से योग करती हैं।

सर्वेक्षण के मुताबिक, योग के बारे में जागरूकता 18 से 24 आयु वर्ग में सबसे अधिक पाई गई। हालांकि, जब योग करने की बात आती है, तो 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 17 प्रतिशत रही। इसके अलावा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और पेट में गैस से संबंधी समस्याओं जैसी विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों से पीड़ित 36.2 प्रतिशत लोग योग का अभ्यास करते हैं।

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 39.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं को सामान्य योग की जानकारी है और पिछले दशक में एक तिहाई उत्तरदाताओं (33.4 प्रतिशत) ने कम से कम एक सामुदायिक अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम में भाग लिया है।

## दुनिया भर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे : रिपोर्ट

नयी दिल्ली, (भाषा) वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम (जीईएम) ने यह जानकारी दी।

जीईएम ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जतायी है कि 2025 के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, ''इस वृद्धि के दो कारण हैं। पहला, नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों में कमी। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध भी इस वृद्धि में योगदान देता है।'' इसमें कहा गया, ''स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का दूसरा कारण संयुक्त राष्ट्र के अद्यतन जनसंख्या अनुमान में बढ़ोत्तरी है जिससे ऐसे बच्चों की संख्या 1.3 करोड़ बढ़ गई।''




# प्रसूता की मौत, अस्पताल ने किया लाश देने से इंकार

## बोले- चालीस हजार रुपये लाओ लाश ले जाओ, घटना के बाद से महिला के ससुराल वाले हुए फारार

### पति पर भी लगाए महिला की मां ने गंभीर आरोप पति गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। एक महिला की परिवार की लारवाही से मौत हो गई। वहीं अस्पताल वालों ने चालीस हजार रुपये लाश न देने पर लाश देने से इनकार कर दिया। काफी देर तक अस्पताल में हंगामा होता रहा। खबर लिखे जाने तक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया है। बरेली/मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र का है जहां पीर बहोड़ा निवासी अली खां ने दो साल पहले अपनी 22 वर्षीय बेटी फिरदौस का विवाह पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव मुड़सेना निवासी सलमान से किया था। आरोप है कि ससुराल वाले उसे आए दिन परेशान करते थे। वह नौ महीने की गर्भवती थी। उसको दो दिन पहले पीलीभीत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका प्रसव के दौरान गर्भ में ही बच्चा खत्म हो गया। जिसके




बाद उसको वह लोग शुक्रवार को गिनी बाईपास स्थिति एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने लाए। जहां डाक्टरों ने उसको भर्ती कर लिया। लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। उसकी मौत हो गई।

इस मामले में फिरदौस के मायके वालों ने ससुराल वालों पर लापरवाही का आरोप लगाय। काफी देर तक अस्पातल में हंगामा रहा। पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

**अस्पताल प्रशासन का अमानवीय चेहरा**

फिरदौस की मां ने बताया कि वह बहुत ही गरीब है। बेटी की मौत के बाद ससुराल वाले वहां से खिसक लिए। अब अस्पताल वाले उसकी बेटी के शव देने के बदले 40 हजार रुपये मांग रहे है। खबर लिखे जाने तक महिला का पति पुलिस की हिरासत में था। शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका है।

# पति ने पत्नी की चाकू से गला रेतकर की हत्या

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। भमोरा क्षेत्र के गांव दलिपुर में शनिवार को दिल दहला देने वाली घटना हुई। शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही एसपी साउथ और पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें पुलिस के मुताबिक भमोरा के गांव दलिपुर निवासी कुंवरसेन करीब तीन महीने पहले पंजाब के लुधियाना से 28 वर्षीय महिला पुष्पा को अपने साथ लाया था। गांव में चर्चा है कि कुंवरसेन ने उससे शादी की थी और पत्नी की तरह अपने साथ रख रहा था। कुंवर सिंह मजदूरी का कार्य करता है और कुछ दिनों बाद काम



के लिए अपनी पत्नी के साथ बाहर जाने वाला था। बताया जा रहा है कि कुंवरसेन शराब का आदी था और इसी आदत को लेकर शनिवार रात उसका पुष्पा से विवाद हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर पहले तो लातो घूसों और बेल्ट से उसकी पिटाई उसके उपरांत चाकू से पुष्पा की गर्दन पर कई वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गांव वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना भमोरा पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

**पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार पूछताछ जारी**

एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। गांव में घटना के बाद मातम का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक, आरोपी की हरकतें पहले भी संदेह के घेरे में थीं। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि महिला वाकई उसकी पत्नी थी या नहीं, और वह कैसे उसके साथ आई थी।

# मौलाना तौकीर कलेक्ट्रेट पहुंच कर नहीं पढ़ पाए अपनी खुराफाती तकरीर



●घर पर नजरबंद, कलक्ट्रेट कूच की तैयारी पर प्रशासन सख्त, इलाका छावनी में तब्दील

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के तेवर देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने रविवार को उन्हें नजरबंद कर दिया। मौलाना तौकीर अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित जुल्म के विरोध में दोपहर दामोदर स्वरूप पार्क से कलक्ट्रेट कूच कर गिरफ्तारी देने का एलान कर चुके थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने ही नहीं दिया।

उनके आवास और आला हजरत दरगाह के आसपास पुलिस और पीएसी के जवानों की भारी तैनाती की गई है। किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन या मार्च की अनुमति नहीं दी गई है। पुलिस-प्रशासन ने साफ किया है कि शहर में निषेधाज्ञा लागू है, ऐसे में किसी भी तरह की भीड़ या आंदोलन कानून के खिलाफ माना जाएगा।

**प्रशासन ने नहीं दी अनुमतिः** आईएमसी की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर प्रदर्शन और गिरफ्तारी की अनुमति मांगी गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट तलब की, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। पुलिस-प्रशासन की रणनीति स्पष्ट रही–किसी भी सूरत में शहर का माहौल बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

**प्रशासन की सतर्कता से हालात नियंत्रण में:** पुलिस की सख्ती और सतर्कता के चलते अब तक किसी तरह की अनहोनी की खबर नहीं है। फिलहाल माहौल शांत है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

**अधिकारियों ने संभाला मोर्चा**

मौके पर एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, सीओ फर्स्ट आशुतोष शिवम, सीओ पंकज श्रीवास्तव, सीओ संदीप कुमार समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा। शनिवार रात से ही कोतवाली, किला सहित कई इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की ड्यूटी लगा दी गई थी। रविवार सुबह से ही दरगाह क्षेत्र और मौलाना के घर पर सुरक्षा घेरा और मजबूत कर दिया गया।

# योग से ही होगा निरोगी काया निर्मल मन का निर्माण

●लोग अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़ कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मे करें प्रतिभाग-जिलाधिकारी




**नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी**

बरेली,। ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गाँधी पार्क बरेली में आज योग सप्ताह का शुभारम्भ माननीय सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा किया गया। योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 जून से 20 जून 2025 तक प्रातः 6.00 से 8.00 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास व इसके साथ ही निबन्ध, स्लोगन, योग चित्रकला, योगासन आदि प्रतियोगिताओं एवं योग कार्यशालाओं का आयोजन होगा तथा दिनांक 21 जून 2025 को बरेली कालेज बरेली में वृहद सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम (योग संगम) आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक हैं जो हमें विरासत में मिला हैं। माननीय प्रधानमन्त्री जी द्वारा वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार की तरह मानते हुए लोगों के स्वस्थ रहने का संकल्प लिया गया, जिसके फलस्वरूप आज पूरा विश्व 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है, योग स्वस्थ्य जीवन का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में योग को दिनचर्या का अंग मान लेना चाहिए, हम स्वस्थ होगें तभी विकास कर पायेगें और भारत आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्राचीन भारत में जब चिकित्सा की आज जैसी सुविधायें नहीं थी तब लोग यौगिक क्रियाओं से ही स्वस्थ रहते थे, हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना ही होगा। उन्होंने कहा कि लोग अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़ कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग करना आवश्यक है तथा योग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा दिनांक 21 जून 2025 को योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा० अभिषेक सिंह ने बताया कि निबन्ध, स्लोगन, योग चित्रकला, योगासन आदि प्रतियोगितायें ऑनलाइन आयोजित की जायेगी। इन प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन गठित समितिओं द्वारा करते हुए प्रत्येक प्रतियोगिता के 5 प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा, जिन्हें राज्य स्तर पर भेजा जायेगा। सामूहिक योगाभ्यास के उपरान्त योग के प्रचार प्रसार हेतु सांसद, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर पद यात्रा का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यकम में राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, धन्वन्तरि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, गंगाशील आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की भी सहभागिता रही तथा अतिरिक्त जनपद में संचालित सभी आयुष चिकित्सालयों में वहाँ के स्थानीय जनप्रतिनिधि/ग्राम प्रधानों के द्वारा योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इन चिकित्सालयों में भी योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 से 21 जून 2025 तक प्रातः 6.00 से 8:00 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास व इसके अतिरिक्त रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशुभाषण, पोस्टर प्रतियोगिताओ, योग कार्यशाला, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। सभी चिकित्सालयों के प्रभारियों द्वारा योग को अपना कर कैसे स्वस्थ रहा जा सकता हैं, की जानकारी लोगों को देकर उन्हें जागरूक किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में तैनात योग प्रशिक्षकों द्वारा यौगिक कियाएं कराकर लोगों को लाभान्वित किया गया।

**मौत को शिकार के लिए सिर्फ बहाने की तलाश**

# ईंट भट्टे पर काम कर रहे बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। रविवार की सुबह मीरगंज थाना क्षेत्र के सिधौली गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां काम कर रहे एक बुजुर्ग मजदूर की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव सिधौली निवासी 60 वर्षीय मंगली कश्यप के रूप में हुई है, जो वर्षों से ईंट भट्ठे पर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह रोज की तरह मंगली भट्ठे पर काम कर रहा था कि तभी वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा आकाशीय बिजली गिरने के कारण हुआ, जबकि कुछ लोग मौत को संदिग्ध बता रहे हैं।

घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और मंगली को तुरंत पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि मंगली को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। इसके बाद परिजन उसका शव लेकर घर लौट गए।

मामले की जानकारी मिलते ही मीरगंज थाना प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मौत को लेकर ग्रामीणों में अलग-अलग बातें कही जा रही हैं, जिससे मामला और भी संदेहास्पद बन गया है। मंगली कश्यप अपने पीछे तीन बेटियों और एक बेटे को छोड़ गए हैं। तीन में से दो बेटियों की शादी हो चुकी है, लेकिन अब परिवार की सबसे बड़ी चिंता उस बेटी की शादी है, जो अभी विवाह योग्य है। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही कमजोर थी, ऊपर से घर के कमाने वाले इकलौते व्यक्ति की असमय मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मंगली के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# कलयुगी भतीजे ने चाचा चाचा को पीटा

नेशनल एक्सप्रेस/बहेडी। गाली देने से मना करने पर कल्युगी भतीजे ने चाचा, चाची समेत बेटे की लाठी डण्डो से पिटाई कर दी, जिससे तीन लोग घायल हो गये, मामले की कोतवाली बहेड़ी मे मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जहुरगंज निवासी खेमकरन पुत्र अनोखे लाल का कहना है कि सवेरे वह अपने घर के बाहर दरबाजे पर परिवार के साथ बैठा था। तभी उसका भतीजा महेश पुत्र नन्हे लाल निवासी जहुरगंज वहाँ आकर उसे भद्दी भद्दी गालिया देने लगा, जब खेमकरन ने गाँली देने का विरोध करने पर लाठी डंडो से जमकर उसकी पिटाई कर दी बचाने आई चाची मीना देवी व उसके पुत्र विशाल की भी जमकर पिटाई कर दी। जिससे तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गये और जान से मारने की घमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं इंस्पेक्टर संजय सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# कोर्ट से स्टे के बाद भी मकान का निर्माण कर रहे दबंग, शिकायत

**नेशनल एक्सप्रेस**

बहेड़ी। सिविल कोर्ट से स्टे होने के बाद भी दबंग मकान का निर्माण कार्य कराने में लगे हुए हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत बरेली जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायती पत्र देकर निमार्ण कार्य रूकवाने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव पुरैनिया निवासी खुशीराम पुत्र डोरीलाल ने पत्र में कहा है कि घर के पड़ोस में विपक्षीगण छत्रपाल, गोविन्द किशोर व नोनीराम अपनी खाली पडी जगह में मकान वनाकर गली में अनाधिकृत तौर पर दरवाजा खिड़की लगाकर, दरवाजा व खिड़की पर छज्जा डालकर ट्रैक्टर ट्राली निकालने का रास्ता बाधित कर रहे हैं। इस मामले की शिकायत थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तो फिर बहेड़ी सिविल जज के न्यायालय में



शिकायत करने पर न्यायालय से बीती 22 मई को स्टे आर्डर मिल गया। आरोप है कि स्टे आर्डर की कापी थाना पुलिस को दी पर पुलिस उसे मानने को तैयार नही है। जिस कारण विपक्षी के हौसले बुलंद हैं और पुलिस से सांठगांठ करके मकान का निर्माण कार्य गुपचुप तरीके से जारी है।

# चेयरपर्सन शशि जैन एवं अधिशासी अधिकारी बृजेश कुमार संग पालिका कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा । 11वें अंतराष्ट्रीय योग सप्ताह के अन्तर्गत (15 से 21 जून 2025) से चलने वाले सत्र का नगरपालिका परिषद अमरोहा के टाउन हॉल मे एक विशाल योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमे चेयरपर्सन शशि जैन, डॉ. बृजेश कुमार उप नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा की मुख्य उपस्थिति मे पालिका के समस्त अधिकारीयों, कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास आयुष विभाग से आई निर्देशिकाओं द्वारा कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अजय चौहान सहित बड़ी संख्या मे आमजन उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष शशि जैन द्वारा अपने सम्बोधन मे योग के लाभ पर जानकारी देते इसे दैनिक जीवन मे महत्त्व समझाते हुए इसे अपने जीवन मे आत्मसात किये जाने का आह्वान किया गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की इस वर्ष 11 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 1 से 21 जून 2025 तक योग सप्ताह सम्पूर्ण देश मे पूरे उल्लास व भव्य रूप से मनाया जायेगा। योग को प्रत्येक आमजन के दैनिक जीवन से जोड़ने एवं उसे आत्मसात करके योग के लाभ लिए जाने हेतु व्यापक स्तर पर योग सत्र का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम मे नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा आज पालिका टाउन हॉल मे योग सत्र का आयोजन किया गया। पालिका स्तर से अंतराष्ट्रीय योग सप्ताह का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमो से कराया जा रहा हैं। आज के कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे आमजन के प्रतिभाग से स्पष्ट हैं की आमजन भारत की प्राचीन योग पद्धति को अपने जीवन मे आत्मसात कर उसके लाभ लेना चाहता हैं। अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग से अपील की गयी की अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन 21 जून को नगर के मिनी स्टेडियम मे जनपद स्तरीय मुख्य आयोजन मे अधिक से अधिक संख्या मे प्रतिभाग करें एवं योग का लाभ प्राप्त करें।



**संक्षिप्त समाचार**

### विज्ञान कैम्प में अश्वनी जैन ने विद्यार्थियों को योग करने की दिलाई शपथ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। सिरसागंजः– विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत जिला शाखा फिरोजाबाद के तत्वाधान में निःशुल्क विज्ञान कैम्प के 21वें दिवस पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत योग को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान भारती के कार्यालय पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को योग करने की शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान रोहित कुमार, सचिन कुमार, विशाल कुमार, मुकुल कुमार, कु ऐंजल यादव, स्वीटी तिवारी, दीक्षा, तनु, आयुषी, भावना एवं अन्य विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण की ।

### आज ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग आएं, योजनाओं का उठाएं लाभ : शमा परवीन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। रविवार को विकास दिव्यंग सेवा समिति की महिला मोर्चा की अध्यक्ष शमा परवीन ने बताया कि सभी दिव्यांगजनों को दी जा रही है सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिव्यांगजन कल्याणार्थ संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत जनपद संभल में दिव्यांगजनों को उनके आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण यथा ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, कृत्रिम हाथ पैर, वॉकर, छड़ी, स्मार्ट केन, नी–कैप, मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल, स्मार्ट फोनङ्क कमर की पेटी, एमआर किट, लेप्रोसी किट, ब्रेल किट आदि निःशुल्क प्रदान किए जायेंगेङ्क जिनके वितरण से पूर्व लाभार्थी के चिन्ह्यंकन किए जाने हेतु जनपद के समस्त विकास जनपद के ऐसे दिव्यांग लाभार्थी जिनका 03 वर्षों के दौरान अथवा 5 वर्षों के दौरान भारत सरकार या राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना अंतर्गत किसी शासकीय या अशासकीय अन्य संस्था से कोई उपकरण प्राप्त न किया हो उक्त योजना से लाभ लेने हेतु निर्धारित निम्नांकित स्थान पर समय से उपस्थित होकर दिव्यांगजन अपना दिव्यांग प्रमाण पत्रङ्कआधार कार्ड आय प्रमाण पत्र एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाकर आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं आयोजित किए जाने वाली शिविरों का विवरण निम्नवत हैङ्क दिनांक 16 जून 2025 को विकासखंड संभल-जिसमें शमा परवीन ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सभी दिव्यांग आए और अपने रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे साथ ही दिव्यांगों के सर्टिफिकेट भी बनवाए जाएंगे।

# सुभाष शाखा के स्वयंसेवक सपरिवार वन विहार कार्यक्रम के लिए रवाना

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

चंदौसी। रविवार को प्रातः 07 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंदौसी नगर की सुभाष शाखा के स्वयंसेवक सपरिवार वन विहार कार्यक्रम के लिए अनिल के निर्देशन में जे0पी0 घाट, अनूपशहर और हरि बाबा धाम के लिए गए। गंगा घाट पर स्वयंसेवकों ने गंगा स्नान करने के उपरांत शाखा लगाई और देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंतन किया। अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर मां गंगा से विशेष प्रार्थना की। वहां से हरि बाबा बांध पहुंचकर सभी ने वहां चलने वाले अखंड कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन में विक्रम, गोपाल, तरुण नीरज, सुशील, आशीष, मुदित, अनिल, बृजकिशोर , दिवाकर, सरजू, श्याम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के उपरांत नगर कार्यवाह उदय तथा नगर प्रचार प्रमुख डॉ विवेक ने सभी का आभार व्यक्त कर सफल आयोजन के लिए बधाई दी।




# भाकियू शंकर की बैठक, मांगों के निस्तारण की मांग



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। किसान यूनियन शंकर के जन जागरण को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि गत सात जून को कुतुबपुर हमीदपुर गांव के किसानों को कृषि कार्य करते हुए आदमखोर तेंदुए ने 6 किसानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके बाद भी वन विभाग ने उल्टे किसानों पर मुकदमे लगाकर जेल भेज दिया वन विभाग को जिम्मेदार ठहरने के बजाय उल्टे किसानों पर ही कार्यवाही की है इस तरह किसान अपने खेती कैसे कर पाएगा विगत दो वर्ष से लगातार तेंदुए का आतंक बढ़ता जा रहा जिला संरक्षक चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि चीनी मील अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान लगभग एक अरब रुपया दबाए बैठी हैं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के केसीसी नवीनीकरण करने में रेनवाल चार्ज वसूल रही है नए केसीसी बनाने में भी 7 से 15 दिन ले रहे हैं जिस कारण प्रदेश के किसानों का आर्थिक मानसिक शोषण हो रहा है इसको संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा।अंत में कार्यकारिणी ने तय किया कि 16 जून दिन सोमवार को किसानों की उक्त समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट अमरोहा पर दोपहर 11:00 बजे से किया जाएगा जिसमें वन विभाग के जिला वाला अधिकारी, कंटेनर डिपो के परियोजना अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी अमरोहा, क्षेत्रीय मैनेजर उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक अमरोहा, जिला गन्ना अधिकारी अमरोहा से वार्ता की जाएगी, कार्यक्रम में चौधरी धर्मवीर सिंह, राम सिंह राजकुमार भगवानदास बाबूराम सैनी नेपाल सिंह यशपाल सिंह अर्जुन सिंह ओम प्रकाश सिंह हेतराम सिंह कामेश सिंह गौरव कुमार हरीराज सिंह सतपाल सिंह करण सिंह सोमपाल सिंह इलियास गजराम सिंह नरेश सिंह सुखा रेखा देवी सर्वेश देवी क्रांति देवी संतोष देवी माया देवी कुसुम देवी कल्याण सिंहआदि सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।

# एका की बेटी सौम्या ने नीट परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। नीट 2025 की परीक्षा में एका की बेटी ने बेहतर प्रदर्शन करके एका का मान बढ़ाया है सौम्या के परिवार में खुशी का माहौल है।

एका के गांव माधीपुर की रहने वाली सौम्या ने नीट 2025 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एमबीबीएस की सीट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है उन्होंने आल इंडिया 1150 वीं रैंक/235 वीं केटेगरी रैंक प्राप्त की है उसने 720 में 612 अंक प्राप्त किए है सौम्या के पिता मिथिलेश यादव बेसिक शिक्षा विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालय मधीपुर में प्रधानाध्यापक और मां सुधा यादव प्राथमिक विद्यालय मधीपुर में अध्यापिका है सौम्या ने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है उन्होंने शिकोहाबाद में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की है सौम्या ने बताया कि वह पढ़ाई पूरी होने के बाद ही एका क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा दिलाने का प्रयास करेंगी।



# डीएम व महंत ऋषिराज गिरि महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर योग सप्ताह का किया शुभारम्भ

●भारत का मनोविज्ञान योग है : जिलाधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**







सम्भल। 15 जून से 21 जून 2025 को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए सामूहिक योगाभ्यास हेतु रविवार को योग सप्ताह ( 15 जून से 21 जून 2025) का शुभारंभ विकासखण्ड पवांसा के मां कैलादेवी धाम परिसर में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं माँ कैला देवी धाम के महंत ऋषिराज गिरि जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। योगाभ्यास हेतु योग प्रशिक्षकों? रुपाली वागदरे एवं अमर नाथ द्वारा लोगों? को योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों? द्वारा प्राणायाम,सुखासन, पदमासन,अनुलोम विलोम,अर्ध चक्रासन, वज्रासन, अश्व संचालनासन, धनुरासन, गोमुखासन आदि आसन कराए गये।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में आज से योग सप्ताह का शुभारंभ हो चुका है योग सप्ताह के बहुत से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनपद, तहसील, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पिंक योग, दिव्यांग योग, स्वच्छता योग, गौ योग आदि का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत का मनोविज्ञान योग है। योग वही जो कर्म में कुशलता लाए।इसके उपरांत जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,तथा महंत ऋषि राज गिरि महाराज एवं पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री गुन्नौर अजीत कुमार राजू तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में सिंदूर का पौधा लगाया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी सहित अतिथिगणों द्वारा माँ कैला देवी के दर्शन किये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक उपजिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डीपीआरओ उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा और खण्ड विकास अधिकारी पवांसा ओंकार सिंह, जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजू सिंगला, नोडल अधिकारी आयुर्वेद डॉ अभय शर्मा, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को गालियां देने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। चंदौसी के बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अल्हदादपुर चम्मू के लोगों ने एक युवक पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। उक्त घटना का शिकायीत पत्र थाने में दी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी एक समाज के युवक ने बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को गंदी-गंदी गालियां के साथ अपमानित किया। आरोप है कि समाज पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया है। जिससे गांव में समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई। पुलिस ने उक्त युवक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र देने वालों में अशोक कुमार मौर्य, विमल कुमार, लखपत सिंह, जोगेंद्र, हरि सिंह, सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

### प्राचीन भारतीय परंपरा में योग को आत्मिक शुद्धि का साधन माना गया है: डॉ फहीम अहमद




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। रविवार को एमजीएम कॉलेज संभल में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के तहत योग प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः काल सात बजे किया गया। भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दुष्यंत मिश्रा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को योग के विभिन्न आसनों जैसे ताड़ासन,भुजंगासन और त्रिकोणासन आदि का प्रशिक्षण दिया।साथ ही अनुलोम विलोम का अभ्यास भी कराया।इस कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि योग केवल व्यायाम या आसनों तक सीमित न होकर यह एक व्यवस्थित जीवन शैली है जो मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक विकास में सहायक होती है। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ फहीम अहमद ने कहा कि प्राचीन भारतीय परंपरा में योग को आत्मिक शुद्धि का साधन माना गया है, जबकि आज के समय में यह वैज्ञानिक और चिकित्सकीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है।हिंदी साहित्य में गोरखनाथ से लेकर कबीर तक के काव्य में योग की विस्तृत चर्चा मिलती है।कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में सौरभ कुमार,मोहम्मद उमर और जुल्फिकार अली का सहयोग रहा।

### विधायक व उनके पुत्र ने पत्रकारों को किया सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। गुन्नौर कस्बा बबराला में पत्रकारों को सम्मानित किया गया।क्षेत्र के पत्रकार शामिल रहे। रविवार को विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर के लोकतंत्र की नींव एवं चौथे स्तंभ, पत्रकारिता के अग्रदूत सम्मानित पत्रकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मनोहर वाटिका बबराला में सम्मानित किया गया।गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव व उनके पुत्र अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे पत्रकार भाई जो सत्य की खोज में अपना जीवन समर्पित करते हैं। जो शब्दों के माध्यम से समाज का दर्पण बनते हैं और जिनकी कलम सदैव न्याय व जनहित के पक्ष में खड़ी रहती है। उनसे मिलकर उनका सम्मान करना हमारे लिए आज बहुत ही सौभाग्य की बात है।इस दौरान पप्पू यादव,अवनीश,केपी यादव,अवधेश यादव,नारायण वर्मा, अवधेश लोहिया,उजेफ, प्रमोद यादव व क्षेत्र के पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवती की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर रजपुराः रविवार सुबह खेत में मेंथा की फसल काट रहे एक ही परिवार पर आसमान से मौत बनकर कहर टूटा। तेज गर्जना और आंधी-बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर किया गया है। घटना रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा की है। यहां के निवासी अतर सिंह रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अपने बेटे राजेश, पुत्रवधू कृष्णावती और 18 वर्षीय पुत्री रत्नेश के साथ खेत में मेंथा की कटाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तभी तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे खेत में गिर पड़ी। वज्रपात की चपेट में आकर अतर सिंह की पुत्री रत्नेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि राजेश, कृष्णावती और अतर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। खेतों में काम कर रहे आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन-फानन निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया।



# दुकानदार व ग्राहक 10 रुपए और 1 रुपए के सिक्कों को लेने से कर रहे इनकार

●भारतीय करेंसी का अपमान

**नेशनल एक्सप्रेस कपिल**



सम्भल धनारी । भारतीय मुद्रा को लेकर आम जनता और दुकानदारों के बीच फैली भ्रांतियों के चलते धनारी क्षेत्र में गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाजारों से लगातार खबरें आ रही हैं कि दुकानदार और ग्राहक 10 रुपए के 15 फूल-पत्ती डिजाइन वाले सिक्कों को और 1 रुपए के छोटे आकार वाले सिक्कों को लेने से साफ इनकार कर रहे हैं। इस व्यवहार से न केवल भारतीय करेंसी का अपमान हो रहा है, बल्कि आम नागरिकों को रोजमर्रा की खरीदारी में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दुकानदार अक्सर 10 रुपए का सिक्का लेकर वापस कर देते हैं और कहते हैं, ₹भाई साहब ये नहीं चलता, कोई दूसरा नोट या सिक्का दीजिए।₹ कुछ दुकानदार इसे नकली करार देते हैं, तो कुछ कहते हैं कि यह बंद हो चुका है। इसी तरह 1 रुपए के छोटे सिक्कों को भी लोग लेना पसंद नहीं कर रहे हैं, जिससे खास तौर पर गरीब और बुजुर्ग वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। ग्राहकों और दुकानदारों के बीच बढ़ रही बहसें बाजारों में आए दिन इस मुद्दे पर तीखी बहसें देखने को मिल रही हैं। कई बार तो बात झगड़े तक पहुंच जाती है। कुछ लोग सोशल मीडिया और अफवाहों के आधार पर इन सिक्कों को नकली मानने लगे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी हर सिक्का, चाहे वह किसी भी डिजाइन का हो, वैध है और उसका प्रयोग किया जा सकता है। आरबीआई की गाइडलाइन स्पष्ट भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर यह स्पष्ट करता रहा है कि 10 रुपए और 1 रुपए के सिक्के पूरी तरह वैध हैं। फ्क के अनुसार, सिक्कों का डिजाइन और वर्ष भले ही अलग हो, लेकिन वे सभी चलन में हैं और वैधानिक रूप से मान्य हैं। आरबीआई ने जनता से अपील भी की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

### स्थानीय नागरिकों ने की प्रशासन से कार्रवाई की मांग

धनारी के लोगों ने प्रशासन और बैंक अधिकारियों से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि भारतीय मुद्रा को ही नकारा जाने लगेगा, तो आम जनता की परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी। आज जब थाना क्षेत्र का एक युवक कस्बा धनारी बस स्टैंड स्थित प्रेम शंकर की चाय की दुकान पर पहुंचा और चाय पीने के बाद 15 पट्टी वाला 10 का सिक्का दिया तो दुकानदार प्रेम शंकर ग्राहक से बहस करने लगा तथा सिक्के को नकली बताते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा चलाए गए भारतीय करेंसी का अपमान किया इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वही ग्राहक का कहना है कि जो लोग रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा शुरू की गई भारतीय करेंसी का अपमान करते हो तो ऐसे दुकानदारों और व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जो वैध मुद्रा लेने से इनकार करते हैं। अगर हमारी करेंसी को ही हम न अपनाएं, तो फिर कौन अपनाएगा।

### क्या कहता है कानून

भारतीय मुद्रा अधिनियम 2011 के तहत कोई भी व्यक्ति भारतीय मुद्रा को लेने से इनकार नहीं कर सकता। ऐसा करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

### क्षेत्र में फैलती यह समस्या केवल एक क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं है

धनारी क्षेत्र में फैलती यह समस्या केवल एक क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में समय-समय पर इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में अब समय आ गया है कि जनता को करेंसी के प्रति सही जानकारी दी जाए और प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

# 205 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। रविवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 205 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेला सत्रों पर 38 चिकित्सकों एवं 136 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 3346 रोगियों (पुरुष रोगी- 1293; महिला रोगी- 1273 एवं 780 बच्चों) का निःशुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 193 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 336 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 357, चर्म रोग के 490, दमा के 354, मधुमेह रोग के 154, नेत्र रोग से सम्बन्धित 137, उच्च रक्तचाप के 98 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 24 मरीजों की मलेरिया की तथा 17 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 615 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।

# अर्पित पाठक ने नीट में 6713 रैंक की हासिल

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**



चंदौसी। अर्पित पाठक पुत्र डॉक्टर एके पाठक माता अर्चना पाठक ठएएळ 2025 का रिजल्ट निकला जिसमें चंदौसी के अर्पित पाठक जो कि चंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी में रहते हैं उन्होंने अच्छे अंकों के साथ कुल 563 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 6713 हासिल की इस वर्ष ठएएळ की परीक्षा में पूरे देश में 22 लाख बच्चों ने प्रतिभा किया था अर्पित पाठक से बात करने पर उन्होंने बताया कि बहुत ही परिश्रम और लगन और तपस्या के बाद उन्होंने इस इस उपलब्धि को हासिल किया अर्पित पाठक ने अपनी 10वीं की परीक्षा यही चंदौसी के सेक्रेड हार्ट स्कूल से उत्तीर्ण करने के बाद अपनी 12वीं की पढ़ाई दिल्ली से की थी वहां पर भी उन्होंने अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था अर्पित ने बताया कि इस बार ठएएळ की परीक्षा बहुत ही कठिन आई थी जिसमें जिन बच्चों ने अपना संतुलन बनाकर पेपर के दौरान धैर्य के साथ परीक्षा दी उन्होंने इस बार सफलता प्राप्त करी है।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**



चंदौसी में स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को माल गोदाम परिषद स्थित शिव मंदिर में पर सुंदरकांड का आयोजन हुआ ' आयोजन के मुख्य आयोजक बाईङ्क पीङ्क जोशी रहे आयोजन में प्रयागराज उपाध्याय के द्वारा विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना सम्पन्न की गई ' वहीं के जी शर्मा व मुकेश आचार्य ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंगबाण का मनोहरी वाचन किया ' अजय सक्सेना ने सुन्दरकांड की चौपाइयों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया ' इस बीच भजनों की प्रस्तुति में ऋचा जोशी ने राम को देखकर श्री जनक नंदनी बाग में वो खड़ी की खड़ी रह गई ' और के जी शर्मा ने नगरी हो अयोध्या सी ,रघुकुल का घराना हो और चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना हो ' भजनों को सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध ' इस अवसर पर अनिता जोशी, मुकेश शर्मा ,उमा शर्मा ,गिरजा शंकर जोशी ,मनोहर श्याम जोशी, डॉक्टर एमपी सिंह, डॉक्टर रविंद्र सिंह ,गिर्राज सिंह, श्याम बाबू ,राजीव शर्मा ,आलोक दुबे , कल्पना वार्ष्णेय,बृजेश शास्त्री ,राकेश चौबे ,संजीव शर्मा, अशोक पाठक, सच्चिदानंद शर्मा, मनोज शर्मा, सुमित पाराशरी ,ज्योति मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण : एसडीएम का कड़ा रुख, आपकी संपत्ति छेड़ेंगे नहीं, सरकारी संपत्ति छोड़ेंगे नहीं

●नगर की जनता एसडीएम चंदौसी की करती है भूरी भूरी प्रशंसा

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा, मनीष**



सम्भल : चंदौसी के उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) विनय मिश्रा ने अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर एक सख्त चेतावनी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सरकारी भूमि पर किए गए किसी भी अतिक्रमण को बख्शा नहीं जाएगा।एसडीएम मिश्रा ने आज एक बयान में कहा, ₹आपकी संपत्ति छेड़ेंगे नहीं, सरकारी (संपत्ति) छोड़ेंगे नहीं।₹ इस बयान से यह साफ है कि प्रशासन निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाए बिना केवल सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान जोर-शोर से चल रहा है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों और सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराना है। एसडीएम के इस बयान से उन लोगों में खलबली मच गई है जिन्होंने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर रखे हैं, जबकि वैध संपत्ति मालिकों को राहत मिली है।

प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह के दबाव या सिफारिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर की जनता उप जिलाधिकारी चंदौसी विनय मिश्रा के इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा भी करती है।

# घायल गौवंश बेहाल, सरकारी तंत्र बना मूकदर्शक इंसानियत भी शर्मसार

**नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय**



सम्भल। धनारी थाना क्षेत्र के कस्बा बस स्टैंड पर एक गंभीर रूप से घायल गौवंश अपने बछड़े के साथ पिछले एक महीने से इधर-उधर भटक रही है, लेकिन अब तक न तो उसे कोई चिकित्सा सुविधा मिली है और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने सुध ली है। यह दृश्य न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाता है, बल्कि पशु कल्याण की सभी योजनाओं पर भी करारा तमाचा है।

बताया जा रहा है कि घायल गौवंश का एक सींग कई सप्ताह पहले टूट गया था, जिसके बाद उसके सिर से भारी मात्रा में खून बहा। आज तक वह घायल अवस्था में खुले में घूम रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार पशु चिकित्सा केंद्र, ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

**पशु चिकित्सा केंद्र की लापरवाही खुलकर उजागरः** धनारी क्षेत्र में स्थित पशु चिकित्सा केंद्र का हाल यह है कि सूचना मिलने के बाद भी कोई डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों से बात करने पर सिर्फ टालमटोल किया गया।

**योगी सरकार की नीतियों पर सवालः** राज्य सरकार द्वारा गोवंशों की सुरक्षा को लेकर तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि कोई भी घायल, बीमार या बेसहारा गोवंश सड़कों पर न दिखाई दे। इसके बावजूद धनारी में नजदीकी दो गोशालाएं होते हुए भी इस घायल पशु को अब तक कोई राहत नहीं मिली।

**ग्रामीणों का आरोप हैः** अगर यही हाल रहा तो ये सारी योजनाएं सिर्फ कागजों में सिमट कर रह जाएंगी। जिम्मेदार लोग अपने कमरों में बैठकर फाइलों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, जबकि जमीनी सच्चाई इससे बिलकुल विपरीत है।

**गौ रक्षक दल भी नहीं आया कामः** धनारी क्षेत्र में सैकड़ों सक्रिय गौ रक्षक बताए जाते हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में गौ रक्षक होने के बावजूद एक घायल गौवंश की सुध तक किसी ने नहीं ली। हालांकि जब इस संबंध में गौ रक्षा दल के जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिरोही से बात की गई, तो उन्होंने बताया हमें इस गोवंश की कोई जानकारी नहीं थी। अब जब जानकारी मिली है तो हमारी टीम तत्काल मौके पर जाएगी और घायल गोवंश को उपचार दिलाकर आश्रय स्थल में पहुंचाएगी। इसके अलावा हम स्थानीय ग्राम प्रधानों से भी बात करेंगे ताकि भविष्य में कोई लाचार या बीमार गोवंश सड़क पर दिखाई न दे।

**सड़क दुर्घटनाओं को न्योताः** घायल और बेसहारा गोवंशों के खुले में घूमने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कई बार वाहन चालकों को अचानक बीच सड़क पर बैठे गोवंशों से टकराकर जान तक गंवानी पड़ी है। न तो इनकी जिम्मेदारी कोई लेता है, न ही इनके लिए कोई ठोस इंतजाम नजर आते हैं।

■जनता का सवाल कब सुध लेगा प्रशासन।
■कब तक घायल गोवंश तड़पते रहेंगे।
■क्या पशु चिकित्सा केंद्रों की जवाब देही तय होगी।
■क्या ग्राम प्रधानों को सिर्फ नाम के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।
■गौशालाओं में जगह होते हुए भी घायल जानवर सड़कों पर क्यों हैं।

इन तमाम सवालों के जवाब अब प्रशासन और संबंधित विभागों को देने होंगे। वरना जनता का भरोसा तंत्र से उठता चला जाएगा।

यह घटना न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि क्या हमारी संवेदनाएं भी मर चुकी हैं। अगर एक बेजुबान को भी समय पर इलाज न मिल सके तो फिर हम किस ह्मनव भारतह्न की बात कर रहे हैं।

## संपादकीय

# एयरपोर्ट इसलिए

बार-बार पूछा गया हिमाचल में बड़ा एयरपोर्ट किसलिए, लेकिन अब सुक्खू सरकार कम से कम यह समझाने में एक तरह से कामयाब हो चुकी है कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार अगली कई सदियों और पीढ़ियों को सुधारने के लिए इसलिए जरूरी है। सरकार ने कई संघर्ष शांत किए और यहां आर्थिकी के लिए एयरपोर्ट विस्तार योजना के लिए मौके को दुरुस्त किया। हिमाचल के भौगोलिक माप तोल में बड़े एयरपोर्ट की निशानदेही के लिए खंभे तो बहुत गाड़े गए, लेकिन न धूमल सरकार बनखंडी का पहाड़ खोद पाई और न ही जयराम सरकार बल्ह में एयरपोर्ट की संभावना को सिरे चढ़ा पाई। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने जिस शिद्दत से कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की सारी संभावना, क्षमता और उपयोगिता को प्रदर्शित किया, उससे अब एक बड़े आकाश की खोज शुरू हुई है। वैसे तो केंद्र सरकार के पास कई संकल्प व योजनाएं हैं, जहां से सीधे फंडिंग से इस परियोजना को अपना मकसद मिल पाता। बहरहाल, इस तरह के संवाद में केंद्र हिमाचल को अपनी प्राथमिक सूची में नहीं रखना चाहता, तो दूसरा रास्ता निजी निवेश या बाहरी कर्ज से इसे मुकम्मल करने का ही दिखाई देता है। अभी तक भूअधिग्रहण में प्रारंभिक तौर पर 350 करोड़ आवंटित हो चुके हैं, जबकि नौ सौ करोड़ के अवार्ड के लिए धन की व्यवस्था चाहिए। पहाड़ पर इतने बड़े एयरपोर्ट को उकेरने के लिए जितनी आरंभिक औपचारिकताओं की पैमाइश, समझौतों की गुंजाइश और जनता के साथ आजमाइश थी, उसे सुक्खू सरकार लगभग पूरा कर चुकी है। विस्थापितों की आपत्तियों को भविष्य के परिदृश्य में सुलझाने का शपथपत्र तैयार है। ऐसे में अब वित्तीय आधार पर ही ऐसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना का अगला पड़ाव खोजा जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य के मुख्य सचिव तेलंगाना में हाउसिंग एंड अर्बन डिवेलपमेंट कारपोरेशन यानी हुडको के वित्तीय सहयोग से बन रही परियोजनाओं का अध्ययन करने गए हैं। हुडको अगर साढ़े तीन से चार हजार करोड़ का वित्त पोषण करता है, तो भविष्य के नक्शे पर हिमाचल में बड़े एयरपोर्ट के विस्तार का वजूद होगा। तेलंगाना राज्य अपनी बारह परियोजनाएं हुडको की 12677 करोड़ की फंडिंग से पूरा कर रहा है। हिमाचल की दृष्टि से यह आज तक की एक बड़ी परियोजना है, लिहाजा फंडिंग का पैमाना भी बड़ा और कड़ा ही होगा। इसके मायने यह भी कि राज्य सरकार अपने स्तर पर इस पूरी परियोजना का भार उठाने के लिए तैयार और दृढ़प्रतिज्ञ जान पड़ती है। विकास की नई सदी खोलने के लिए बहुत बड़ी परीक्षा से हिमाचल गुजर रहा है। सोच की सार्थकता यह है कि ऐसी परियोजनाएं शुरू किए बगैर हम हाई एंड टूरिस्ट को यहां नहीं ला पाएंगे। हिमाचल में इवेंट टूरिज्म, कानवेंशन टूरिज्म, कामर्शियल टूरिज्म, सिने टूरिज्म के अलावा वेडिंग टूरिज्म की बढ़ती मांग के हिसाब से यह एयरपोर्ट एक सफल परियोजना के अनेक मानकों को पूरा करता है। मंडी-पठानकोट फोरलेन के चक्के फिलहाल एयरपोर्ट विस्तार की स्थिति के कारण रुके हैं, अतः इस दिशा में अंतिम आदेश की दरकार है। फंडिंग का एक रास्ता अगर हुडको खोल रहा है, तो वित्तीय निवेश के कई अन्य दरवाजों पर दस्तक देने की भी फौरी जरूरत है। हिमाचल को अब अगले मुकाम तक पहुंचने के लिए अपनी तस्वीर में क्षमता, संभावना और परिणाम मूलक आत्मविश्वास को पुख्ता करना होगा। भविष्य का अगला हर कदम बाह्य निवेश पर ही निर्भर करेगा। अगर यह प्रयोग सफल होता है, तो प्रदेश कनेक्टिविटी के अन्य विकल्पों खास तौर पर रज्जु मार्गों के जरिए परिवहन और माल ढुलाई का नेटवर्क भी स्थापित कर पाएगा।

# इजरायल-ईरान युद्धः वैश्विक-युद्ध का नया त्रिकोण? इजरायल ईरान और अमेरिका



संजीव ठाकुर

13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है।

अब अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है नए संदर्भ में इजरायल ईरान और अमेरिका की भूमिका काफी खतरनाक और संदिग्ध हो गई है युद्ध का जुनून ईरान द्वारा परमाणु ईंधन यूरेनियम के भंडारण तथा उपयोग को लेकर अमेरिका तथा इसराइल के सिर पर चढ़कर बोलने लगा है। 13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है।

ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों और लेबनान में हिजबुल्ला को व्यापक समर्थन देकर इसराइल के लिए सुरक्षा के कई खतरे पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह उग्रवादी अक्सर इजरायल में तोड़फोड़ हत्या और अनेकों आक्रमण में शामिल रहे हैं। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के तुरंत बाद से ही अमेरिका और इसराइल को अपना सबसे बड़ा तथा मुख्य विरोधी तथा दुश्मन मानता रहा है तभी से यह त्रिकोणीय संघर्ष और तनाव ताजा हमलो के रूप में सामने आया है।

इसराइल और अमेरिका ने लगातार दो दशकों से कई बार ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने तथा इसे इसराइल तथा अमेरिका के विरुद्ध इस्तेमाल करने की धमकी के रूप में आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल की ईरान से दुश्मनी काफी पुराने समय से पकती रही है जिसके फल स्वरुप इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे सेना उप प्रमुख समेत ईरानी फौज के बीस महत्वपूर्ण कमांडर मारे गए हैं इसके अलावा ईरान के 6



परमाणु वैज्ञानिक भी मौत के घाट उतार दिए गए। इसराइल ने ऑपरेशन लॉयन के तहत 200 लड़ाकू विमान से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को तबाह किया है जिसका बहुत बड़ा कारण ईरान के सुप्रीम नेता खोमनई द्वारा इसराइल को कड़ी सजा देने की चेतावनी बताया गया है। वैसे अब इसराइल के इस बड़े हमले से पश्चिम एशिया में दो कट्टर दुश्मनों के बीच व्यापक तथा भयानक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस हमले के जवाब में सो बमवर्षक ड्रोन इसराइल पर दागे थे जिसे इजरायल फौजों ने नाकाम भी कर दिया है।

यरूसलम की समाचार एजेंसी के अनुसार इसराइल के ईरानी हमले पर ईरान के तीन शीर्ष फौजी के कमांडर मारे गए हैं इसमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, और महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स के प्रमुख हुसैन सलामी तथा ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ईरानी सुरक्षा बलों के 17 प्रमुख एवं वरिष्ठ कमांडर भी मारे गए हैं। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि ईरान इजरायल के ईरान पर हमले से वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मरने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है इन वैज्ञानिकों की मौत से परमाणु बम बनाने के ईरानी सपनों की भी मौत हो गई है।

ईरानी के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति अयातुल्लाह अली खामनेई ने कहा कि दुश्मन को बहुत पछताना पड़ेगा उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि इसराइल ने ईरान में हमले करके जो अपराध कर अपना खूनी हाथ दिखाया है उसके लिए उसे बहुत पछताना पड़ेगा इसराइल को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी हम अब चुप नहीं बैठेंगे और इसराइल इस ईरान के बदले को सदियों तक याद रखेगा।

अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इसराइल और ईरान की लड़ाई परमाणु ईंधन यूरेनियम के ईरान द्वारा जमा किए जाने पर हुई है इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर जमा किए गए यूरेनियम से परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा यह इजरायल की पीढ़ियों के लिए खतरा बन गया है और जब तक ईरान इस बात से सहमत नहीं होगा कि वह परमाणु बम नहीं बनाएगा यह ऑपरेशन राइजिंग लायन जारी रहेगा।

इधर इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा इसराइल ने दुनिया भर में अपने सभी दूतावासों को बंद कर दिया है उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि ईरान इजरायल के आवासीय परिसरों में हमला कर सकता है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के पक्ष में अजीबो-गरीब बयान दिया है उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए समझाया है कि समझौते के लिए अभी भी सही समय है नहीं तो परिणामतः इसराइल के हमले और तेज तथा बदतर होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिन ईरानी नेताओं ने बढ़ चढ़कर बहादुरी दिखाई थी वे सब इजरायल के हमले से मारे गए अभी भी समय है संभल जाओ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों से सबसे अलग डोनाल्ड ट्रंप ऐसा प्रतीत होता है कि अपनी व्यापारिक नीति और युद्ध नीति को अभी तक निर्धारित नहीं कर पाए हैं। भारत-पाक युद्ध में भी अमेरिका क रवैया काफी अपरिपक्व ही रहा है और ताजा समाचारों के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताया है और पाकिस्तान के सोकॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर के जन्मदिन पर उन्हें अमेरिका आमंत्रित किया है। ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी बढ़ती उम्र के साथ मानसिक संतुलन भी होते जा रहे हैं।

वर्तमान परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका की संदेहास्प भूमिका के कारण नए विश्व युद्ध का त्रिकोण तैयार हो रहा है इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जानकारी दी है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इसराइल और ईरान को तनाव बढ़ाने वाले किसी भी काम से बचना चाहिए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए भारत के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध है और भारत सदैव मदद के लिए तैयार है। भारत के नागरिक दोनों देशों में निवासरत हैं उन्हें भारत ने सावधान रहने की सलाह दी है।

इजरायल ईरान के हालिया युद्ध के पर्यावरण में यदि अन्य देशों की आवाजाही बनती है तो विश्व युद्ध होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।जो वैश्विक शांति के लिए एवं मानवता के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

# फ़ादर्स डे- प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं



संत राजिन्दर सिंह महाराज



'फ़ादर्स डे' एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं। इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरक़तों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा ख़याल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें।

प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान् स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें।

प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फ़रिश्ते ही काफ़ी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें। जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है। इस धरती पर अरबों आत्माएँ जी रही हैं। उनमें से बहुत से लोग स्वार्थ एवं लापरवाही से भरपूर जीवन जी रहे हैं। बहुत से लोग तो आपे से बाहर जाकर भी अधिकार, शोहरत, सत्ता, मान-प्रतिष्ठा चाहते हैं। इसका अर्थ यह है कि वे लोग प्रभु की विपरीत दिशा में क़दम उठा रहे हैं। जबकि प्रभु तो वास्तव में यही चाहते हैं कि हम न केवल उनसे बल्कि सभी इंसानों से एक समान ही प्रेम करें। जो लोग ऐसा करते हैं, केवल वे ही सच्चे मायनों में प्रभु की संतान हैं। 'फ़ादर्स डे' के दिन हम अपने-अपने पिता को सम्मान देने की सोचते हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें प्रभु को भी सम्मान व धन्यवाद देना चाहिए, जोकि हम सबके सच्चे व सर्वोपरि पिता हैं। इसका सबसे अच्छा तरीक़ा यह है कि हम उनके द्वारा मिली देनों एवं बरक़तों को याद करें तथा उनका शुक्रिया अदा करें। दूसरे, हमें जिस महान्-उद्देश्य के लिए यह मानव जन्म मिला है, उसे हम पूरा करें और अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को प्राप्त करें।

आइए, आज के दिन हम लोग अपने शारीरिक पिता को धन्यवाद देने के साथ-साथ पिता-परमेश्वर, जिनसे हमें अपने जीवन के सभी उपहार प्राप्त हुए हैं, का भी दिल से शुक्राना अदा करें।

## समसामयिक

# मज़हबी वैमनस्य के बीच- 'सूफ़ियाना-2025'



डॉ. सुरेश गर्ग

**आतंकवाद** को लेकर हिंदुस्तान-पाकिस्तान के बीच चल रहे राजनीतिक एवं मजहबी संघर्ष के माहौल में विदिशा में 'सूफ़ियाना- 2025' आयोजित होना, भारतीय सनातन धर्म-संस्कृति की देन मानना चाहिए, जिसमें वसुधैव कुटुम्बकम्‌ की मान्यता है ! इस आध्यात्मिक महफ़िल में सभी मज़हब के मनीषी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधियन प्रो. विपिन कुमार त्रिपाठी पूर्व प्रोफेसर आई. आई. टी. देहली कर रहे थे। विशिष्ठ अतिथि थे जबलपुर से पधारे जनाब रिज़वान अहमद, सूफ़ी दर्शन के मुमुक्षू एवं मुख्य वक्ताद्वय थे-साहित्य मर्मज्ञ श्री सुलखान सिंह जी हाड़ा तथा शायर-जनाब शाहिद अली 'शाहिद'। परन्तु कार्यक्रम की गरिमानुसार मुख्यमंच पर विराजमान थे सूफ़ियाना संगीत के साजोसामान के साथ उनके फनकार एवं गायक श्री अनिल जैन और महेश जैन, जो सूफ़ियाना माहौल में हृदय स्पर्शी संगीत से सूफ़ीबाबा की दरगाह की अनुभूति करा रहे थे।

कार्यक्रम संचालन कर रही मातृशक्ति द्वय श्रीमती नीतू साहू एवं श्रीमती प्रतिक्षा दुबे की सटीक शेर-शायरी टिप्पणियाँ सभी के दिलोदिमाग को ऊर्जित कर रही थीं।वैसे भी यह क्षेत्र भारतीय धर्म-संस्कृति एवं इतिहास में हमेशा से एक चौराहे की तरह रहा है, जहाँ होकर एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर जाना-आसान हुआ करता था। नतीजतन यहाँ सभी धर्म- संस्कृति के प्रतीक पुरातत्वीय धरोहर के रूप में मौजूद हैं। यह क्षेत्र महर्षि पतंजलि का कर्मक्षेत्र माना जा रहा है तो, भगवत धर्म अपनाने वाले यूनानी हेलियोडोरस का स्तंभ आज भी खड़ा भारतीय सनातन धर्म की महत्ता प्रदर्शित करता है। गुप्तकालीन उदयगिरी की गुफ़ाओं में मौजूद शिव, गणेश, विष्णु एवं जैन तीर्थंकरों की मूर्तिया मौजूद हैं तो बौद्धधर्म के प्रतीक सांची के स्तूप मौजूद हैं। रायसेन की दरगाह पर जब सूफ़ियाना उर्स होता है तो सर्वधर्म समभाव का अमिट नज़ारा देखने को मिलता है। लेकिन पेशवाओं के शासन के बाद से खासकर विदिशा हिंदुत्व का गढ़ माना जाता रहा है। इसके बावजूद यहाँ सामाजिक एवं मजहबी सौहार्द बना रहा है। इसका महत्वपूर्ण कारण यह भी है कि जितनी समाजसेवी संस्थाएं यहाँ दशकों से बिना किसी शासकीय मदद के कार्यरत हैं, शायद, ही कहीं और हो ! जहाँ ईमानदारी से मानव सेवा का जज़्बा हो वहाँ जात पात या मजहबी भेदभाव पैदा करना मुश्किल होता है। विविधता में एकता बनाये रखने की इस परंपरा के कारण यह सूफ़ियाना क़रीब तीन घंटे चला। यही नहीं, रहस्यवादी सूफ़ी दर्शन जैसे गंभीर विमर्श में सदन ने पूरी तल्लीनता से भाग लिया। यह माना जाता है कि सूफ़ी दर्शन की मौजूदगी के कुछ साक्ष्य इस्लाम में आठवीं सदी में मिलते हैं। परन्तु 11वीं सदी से 14वीं सदी में यह व्यापक रूप से दुनिया में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा। भारत में यह 12वीं सदी में अपना अच्छा प्रभाव जमा चुका था। शुरू में इस दर्शन को इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा काफ़ी विरोध सहना पड़ा; परन्तु इस दर्शन के अंदर ईश्वर/अल्लाह के सत्य तक पहुँचने का प्रेमात्मक मार्ग बताये जाने के प्रभाव में यह यहाँ भक्तिकाल में भक्तियोग से जुड़ गया, और बहुत तेजी से स्वीकार हुआ। सूफ़ी फक़ीर बनकर फ़ना होना और बका तक पहुँचना इसका उद्देश्य बन गया। मतलब सूफ़ीदर्शन अन्य धर्म-संस्कृति क्षेत्र में मौजूद रहस्यवादी दर्शनों की तरह इस्लाम का एक अंग है। सूफ़ी शब्द अरबी भाषा का है, जो फकीरों (संतों) की सफा यानी विशेष ज्ञान, उनकी वेशभूषा जो वे पहनते हैं ऊन (सूफ) का कुरता और उनके अंदर मौजूद करुणा (सफवा) को देख कर पड़ा।

फारसियों के अनुसार तो सूफ़ी फक़ीरों को दिव्यज्ञानी (तसव्वुफ) मना गया। सूफ़ियों की अनेक शाखायें हैं, परन्तु चिश्ती, सुहरावदी, नक्शवदी एवं कादिरी प्रमुखता से जगह बना सकीं। इस दर्शन पर पारसी, बौद्ध और हिंदू संस्कृति का प्रभाव माना जाता रहा है। भारतीय सनातन दर्शन के अष्टांगयोग मार्ग की तरह इस दर्शन में चार अंग हैं- 1- शरीयत यानी- कुरान शरीफ साहब के सम्मत आचरण करना। 2- तरीकत- मतलब विशिष्ट विधियों द्वारा साधना करना। 3-हकीकत- यानी सत्यानुभूति तक पहुँचना और 4- मार्फत- यानी सिद्धि पाना । मकसद पूरा करना। जिसे तुलसीदासजी ने यूँ कहा- "जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई।।" कबीरदासजी कहते हैं- *"जब मैं था हरि नहीं, अब हरि है मैं नाहिं।"* रहीम ने कहा- *"रहिमन बात अगम्य की, कहन सुनन की नाहि। जो जानत सो कहत नहिं, जो कहत सो जानत नाहिं।"*

जब यही बात 'मंसूर' ने कही- 'अन अल हक़्क़ (मैं सच हूँ) तब नासमझ कट्टरपंथियों ने उन्हें सूली पर चड़ा दिया। आज भी हर मज़हब में कुछ फिरकापरस्त अपनी नासमझी के वशीभूत मानवता के दुश्मन बने बैठे हैं। इस कटुता के बीच ऐसे समारोह आयोजन करने के लिए 'सद्भाव मिशन, नई दिल्ली की विदिशा इकाई के प्रो. के. के. पंजाबी, प्रो जितेंद्र पाराशर एवं प्रो. एस. एन. शर्मा एवं साथी साधुवाद के हक़दार हैं ! सबको सन्मति दे भगवान !

# विश्वयुद्ध का सबब बनती दोगले देशों की घातक नीतियां

## भविष्य की आहट



डा. रवीन्द्र अरजरिया

तीसरे विश्व युद्ध की स्थितियां निर्मित होने लगीं हैं। मानवता विरोधी नीतियों को तूफानी गति देने वाले राष्ट्रों और कट्टरता के समर्थकों ने वर्चस्व की जंग में समूची दुनिया को कैद करना शुरू कर दिया है। मुस्लिम, हिन्दू, बौद्ध, ईसाई और यहूदी धर्म की कथित मान्यताओं का बारूद अब ज्वालामुखी बनता जा रहा है। वर्तमान में इजरायल के साथ ईरान का जंगी सफर तूफानी हो गया है। ईरान के पक्ष में इस्लाम के नाम पर जहां लेबिनान, ईराक, यमन, सीरिया, बहरीन सहित अनेक कट्टरपंथी देश सक्रिय हो गये हैं वहीं हमास, हिजबुल्लाह, इस्लामिक जेहाद मूवमेन्ट, शिया मिलिशिया, हैती, आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठनों ने भी मोर्चा सम्हाल लिया है। इजरायल का 'आपरेशन राइजिंग लायन' और ईरान का 'आपरेशन ट्रू प्रामिस 3' कहर बरपा रहा है। लाशों पर लाशें गिर रहीं हैं। आसमान से आग बरस रही है। धूल धूसित होती अट्टालिकाओं में चीखें गूंज रहीं हैं। विश्व शान्ति की ठेकेदार संस्थायें मौन है। कट्टरता के नाम पर क्रूरता परोसने वालों की आक्रामकता चरम सीमा की ओर बढ रही है। यह केवल एक क्षेत्र विशेष का मामला नहीं है बल्कि समूची धरती के लिए विनाश का शंखनाद है।

इजरायल-ईरान की शत्रुता को समझने के लिए उसके अतीत में जाना आवश्यक होगा। सन् 1947 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने फिलिस्तीन के विभाजन की घोषणा करके इजरायल को नये राष्ट्र की मान्यता प्रदान की थी जिसका फिलिस्तीन ने ईरान सहित 13 देशों के साथ मिलकर कडा विरोध दर्ज किया था। इस विरोध को दरकिनार करते हुए 14 मई 1948 को इजरायल ने स्वयं को एक नये राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की घोषणा कर दी थी, तब इस्लामिक कट्टरपंथियों ने फिलिस्तीन के नेतृत्व में अरब देशों के साथ मिलकर यहूदी बाहुल्य देश इजरायल पर आक्रमण कर दिया था। इस युद्ध में हार मिलने के बाद सन् 1949 में फिलिस्तीन तीन भागों में बंट गया। वेस्ट बैंक और गाजा के 7 लाख लोग विस्थापित हो गये थे। यहीं से यहूदी और इस्लामिक कट्टरपंथियों के मध्य शत्रुता का बीजारोपण हुआ था। इसी तरह रूस और यूक्रेन के मध्य चल रही वर्चस्व की जंग में हथियारों के सौदागरों की महात्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ अनेक मुस्लिम राष्ट्रों की सक्रिय भागीदारी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है।

नाजीबाद से मुक्ति के ऐलान पर आधारित इस युद्ध में रूस के विरुद्ध पश्चिमी देशों ने मोर्चा सम्हाल रखा है ताकि यूक्रेन के प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा किया जा सके। इस नियत की बानगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की ओवल आफिस में हुई मुलाकात के दौरान दुनिया ने स्वयं देखी थी जिसमें ट्रंप द्वारा जेलेंस्की पर खनिज समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी तरह अतीत की घटनाओं और वर्तमान की आकांक्षाओं को लेकर चीन-ताइवान, अजनबैजान-आर्मेनिया, भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान, उत्तर कोरिया-दक्षिण कोरिया में जंग के ज्वालामुखी फिर से सुलगने लगे हैं। सूडान, म्यांमार, बंगलादेश, वर्मा जैसे देशों में आन्तरिक कलह के भूकम्प आ रहे हैं। जापान में तो तुर्किये, ईराक और सीरिया से शरणार्थी बनकर आये कुर्दों ने वहां की व्यवस्था को ही चौपट कर दिया है।

बलात्कार, हत्या, लूट, चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजान देने वाले क्रूर कुर्दों ने शान्तप्रिय जापानियों का जीना ही हराम कर दिया है। वहां के दक्षिण सैतामा प्रान्त के कावागुची, और वाराबी क्षेत्रों में शरणार्थियों ने मिनी कुर्दिस्तान ही बना लिया है। कम समय में ही उनकी जनसंख्या 3 लाख 50 हजार के पार हो चुकी है। वर्तमान में उन्होंने 113 मस्जिदों सहित अनगिनत कब्रिस्तान बना लिए हैं। ओसाका के निशिनारी वार्ड में एक फैक्ट्री में भी मस्जिद का अवैध निर्माण कर लिया है। इस्लामिक जेहद के लिए इंडोनेशिया सहित अनेक मुस्लिम राष्ट्रों से वहां भारी धनराशि पहुंचाई जा रही है। कोबो शहर के शिंटो मंदिर परिसर में तोडफोड, श्रध्दालुओं को इस्लाम कुबूल न करने पर अंजाम भुगतने की धमकी, मासूम बच्चियों से सामूहिक बलात्कार, स्थानीय लोगों की हत्यायें, बिना लाइसेंस के वाहन चलाकर लोगों को कुचलकर मार डालने जैसी अनगिनत घटनायें करके कुर्दों ने वहां की संवैधानिक व्यवस्था को चौपट कर रखा है। शरणार्थियों से आतंकवादी बन चुके कुर्दों के विरोध में स्थानीय नागरिकों ने सैतामा प्रान्त में जापानी झंडा लेकर जोरदार प्रदर्शन करके सरकार से कुर्दों को देश से बाहर निकालने की मांग की।

हैती में तो आतंकी गिरोहों ने अनेक स्थानों पर कब्जा करके अपना स्वयं का संविधान चला रखा है जिसके कारण वहां से आम नागरिकों को पलायन करना पड रहा है। सूडान में सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के मध्य भीषण टकराव चल रहा है। वहां भी लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। वर्तमान हालातों के लिए अमेरिका, चीन, कनाडा सहित अनेक मुस्लिम राष्ट्र उत्तरदायी है जिन्होंने निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु संसार को ब्लड वैली बनाकर रख दिया है। आतंकियों से भयावह वातावरण निर्मित करवाने के बाद सैन्य सामग्री के निर्यातक देश पीडितों का शुभचिन्तक बनकर हथियार बेचना शुरू कर देते हैं। 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान घातक देशों के वास्तविक चेहरे सामने आ चुके हैं।

विश्वयुद्ध का सबब बनती दोगले देशों की घातक नीतियां अब चरम पर पहुंचती जा रहीं हैं। उग्रवादियों, आतंकवादियों, अलगाववादियों, कट्टरवादियों, जेहादियों, धर्मान्धों के क्रूर गिरोह अब अपने संरक्षणदाताओं के इशारों पर विकासशील देशों को अस्तित्वहीन करने में जुट गये हैं। ऐसे में समूचे संसार को इन षड़यंत्रकारी देशों के विरुद्ध एक जुट होना होगा तभी शान्ति का सूर्योदय संभव हो सकेगा अन्यथा विनाश के मुहाने पर बैठी धरती पर कराहती मानवता की रक्तरंजित सिसकियां बहुत जल्दी ही सुनने को मिलेंगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## खबरें फटाफट

### बच्चों के निःशुल्क नेत्र परीक्षण का आयोजन हुआ



कानपुर,भारतीय सिंधू सभा के तत्वाधान में सिंधू सम्राट महाराजा दाहिर सेन जी के बलिदान दिवस के पर बच्चों के निःशुल्क नेत्र परीक्षण का शुभारम्भ कानपुर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ.सोबी पाण्डेय, डा. शरद बाजपेयी, डा. सुकान्त पाण्डेय एवम नवदृष्टि आईकेयर के सहयोग से लिटिल चैम्प किड्स आईकेयर सेंटर स्वरूप नगर में आदरणीय हीरालाल खत्री जी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक अगनानी,इंद्रजीत आहूजा,चन्द्रप्रकाश खिलवानी, ओम बदलानी,हरीश मतरेज़ा, लकी सावलानी,मनीष गोकलानी,लक्ष्मण खिलवानी, दीपक अंशवानी किशन तलरेजा, अशोक खत्री,गिरधारी लालचंदानी,गोविंद खत्री,दिलीप मोटवानी,जगदीश मखानी, दिनेश चंदानी,चद्रभान तलरेजा, धनराज हसीजा,मनोज लालवानी,मनोज गनवानी,सोनू ज्ञानानी,तरुण तोलानी एवम महिला विभाग से आशा फेरवानी एकता सिरवानी,सीमा मोटवानी, मुस्कान लालवानी,तन्वी दीपाली तलरेजा,देवांशी तलरेजा की उपस्थिति रही यहाँ पर 126 बच्चों का परीक्षण संपन्न हुआ अनुभवी डॉक्टर्स के द्वारा बच्चों को परामर्श के साथ आईड्रॉप एवम निःशुल्क चश्मे का भी वितरण किया गया।

### मंगलपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित आरोपी महेंद्र प्रताप को किया गिरफ्तार



कानपुर देहात में महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए चल रहे विशेष अभियान में थाना मंगलपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित आरोपी महेंद्र प्रताप को गिरफ्तार किया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र में 1 जनवरी 2025 को एक महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पहले आरोपी अमित उर्फ अनुज को 9 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जांच में दो अन्य आरोपियों के नाम सामने आए। इनमें महेंद्र प्रताप और रणवीर सिंह उर्फ रणधीर सिंह शामिल थे।

पुलिस ने मुकदमे में धारा 70(2)/137(2)/115(2) बीएनएस और धारा 5जी/6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी। मंगलपुर पुलिस ने पल्हनापुर गांव निवासी 36 वर्षीय महेंद्र प्रताप को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। रणवीर सिंह उर्फ रणधीर सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

# योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ, पूरे जनपद में विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुई योग गतिविधियाँ

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर देहात,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के उपलक्ष्य में जनपद कानपुर देहात में योग सप्ताह का शुभारंभ दिनांक 15 जून 2025 से किया गया। यह सप्ताह ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक योग गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के रूप में मनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में इस योग सप्ताह के अंतर्गत योगाभ्यास, योग व्याख्यान, रैलियाँ, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ, तथा योग से संबंधित विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

आज जनपद स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय, अकबरपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ




एम.एल.सी अविनाश सिंह चौहान द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर उन्होनें कहा, "योग सप्ताह मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक शुद्धि का पर्व है। यह केवल एक सप्ताह का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा का आधार है।" उन्होंने आगे कहा कि "मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है और आज संपूर्ण विश्व योग को अपनाकर स्वास्थ्य और संतुलन की दिशा में अग्रसर हो रहा है। योग सप्ताह अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है।" उन्होंने जनपदवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में भाग लें एवं प्रतिदिन योग करके "स्वस्थ भारत - समर्थ भारत" के संकल्प को साकार करें। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक किरन गुप्ता एवं समर्थ द्वारा सामूहिक योग अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

नोडल अधिकारी (योग) डॉ. अमित सोनी ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹एक पृथ्वी के लिए एक स्वास्थ्य₹ (One Earth, One Health) रखी गई है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए तहसील, विकास खंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ. ब्रजेश आर्या, अधीक्षक, 50 शैय्या आयुष चिकित्सालय ने कहा कि सभी कार्यक्रमों में स्थानीय सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे

# करें योग, रहें निरोग



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। जनपद कानपुर नगर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ आज दिनांक 15 जून 2025 को नाना राव पार्क, फूलबाग से कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद श्री रमेश अवस्थी जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

योग सप्ताह के अंतर्गत 15 जून से 21 जून 2025 तक जनपद के विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा ₹करें योग, रहें निरोग – आप सभी अधिक से अधिक संख्या में इस सप्ताह चलने वाले योग अभ्यास कार्यक्रमों में सहभागिता करें, और 21 जून 2025 को ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित मुख्य योग कार्यक्रम में भी भाग लेकर योग को जन-आंदोलन बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि ₹जीवन में यदि स्वास्थ्य है, तो सब कुछ है। पहला सुख – निरोगी काया। और इसे पाने के लिए योग का नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है।

## प्रॉपर्टी डीलर सुसाइड कांड में पुलिस ने 30 दिन बाद गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के प्रॉपर्टी डीलर सुसाइड कांड में हनुमंत विहार थाने की पुलिस ने 30 दिन बाद मामले में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर ने एक जमीन का किसान से एग्रीमेंट कराया था। किसान की मौत के बाद अधिवक्ता ने उनके बेटे, बेटी के साथ मिलकर जमीन को हड़प लिया। झूठा मुकदमा भी दर्ज करा दिया। इससे परेशान होकर प्रॉपर्टी डीलर ने सुसाइड कर लिया था। अब पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। न्यू श्याम नगर नौबस्ता निवासी मृतक प्रॉपर्टी डीलर सौरभ द्विवेदी की मां शकुंतला द्विवेदी की तहरीर पर हनुमंत विहार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मृतक की मां ने बताया कि अर्रा निवासी छत्रपाल सिंह से एक जमीन का एग्रीमेंट कराया था। वर्ष 2024 में छत्रपाल सिंह कि मृत्यु हो गई। इसके बाद छत्रपाल के बेटे रवि सिंह भदौरिया ने कहा कि मैं अपने पिता का इकलौता पुत्र हूं। मुझे आपके और मेरे पिता जी के बीच हुए एग्रीमेंट की जानकारी है। आप इस जमीन के विवाद निपटाइए, मैं आपके नाम जमीन कर दूंगा। लेकिन इसके पहले जमीन को मेरे पिता से मेरे नाम पर ट्रांसफर कराना होगा। मेरे बेटे ने पैरवी करके वारिसान के रूप में छत्रपाल के बेटे और बेटियों का नाम राजस्व अभिलेखों में अंकित करवा दिया।

इसके बाद रवि भदौरिया और उनके बेटी की नीयत जमीन पर खराब हो गई। उन्होंने अधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह के जरिए धमकी दी। इतना ही नहीं झूठा मुकदमा भी दर्ज करवा दिया। इसके बाद हाकिम सिंह, कंचन सिंह,


सौरभ द्विवेदी, मृतक

धीरेंद्र सिंह और राघवेंद्र प्रताप सिंह से बात करने गया तो अपने गुंडों के साथ उसे बेरहमी से पीटा। पूरी जमीन पर कब्जा भी कर लिया। जबकि बेटे ने इस जमीन पर अपने जीवन भर की पूरी जमा पूंजी लगा दी थी। पूरी जमा पूंजी जाने, जमीन हड़पने और धमकी से आहत होकर प्रॉपर्टी डीलर सौरभ ने 14 मई को फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। मेरे बेटे की मौत के जिम्मेदार ये सभी लोग हैं। सुसाइड कांड के बाद पुलिस ने सौरभ के दोनों मोबाइल कब्जे में लिया था। सौरभ की पत्नी से उसका पासवर्ड भी पूछा था। आरोप है कि हनुमंत विहार थाने के पुलिस कर्मियों ने कॉल रिकॉर्डिंग डिलीट करके अहम साक्ष्य को भी मिटा दिया है। मृतक के मां की तहरीर के आधार पर मामले में पुलिस ने 30 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रवि सिंह भदौरिया, अर्चना सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र सिंह, हाकिम सिंह, कंचन सिंह, सुरेंद्र सिंह और अन्य लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर बाबा की निशान यात्रा व संकीर्तन का बड़े ही धूमधाम से किया आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा गुजैनी ए ब्लॉक निकट रामलीला मैदान स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर बाबा की निशान यात्रा व संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया जहां श्री श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया वही महोत्सव में भक्तों ने भक्तिमय वातावरण में श्री श्याम प्रभु के अलौकिक श्रृंगार,अखंड ज्योति, छप्पन भोग और महाआरती से श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजन गायिका मानसी त्रिवेदी ने बाबा श्याम मेरे घर आ जाइए...से बाबा का गुणगान कर अन्य भजनों से



सबको झुमाया। इसी प्रकार से आए भजन गायकों ने भी बाबा श्याम के भजनों को गाकर पूरे माहौल को भक्तिभाव से भर दिया वही आए भजन गायकों ने भक्तों को भजन सुनाए जिसमें अंगुली पकड़ के ले आया मुझे, खाटू नगरी घुमाया मुझे, श्याम ओ मेरे श्याम मैं तेरा लाडलाङ्क. हारे हारे हारे हारे के सहारे, बैठा जो खाटू में उस से कहना है, श्याम मेरे श्याम श्याम मेरे श्यामङ्क व अन्य भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया सुबह करीब चार बजे आरती के पश्चात महोत्सव का समापन हुआ एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी पंडित राजकुमार तिवारी,देव अग्निहोत्री,संजय तिवारी,विवेक तिवारी,अंकित तिवारी,काव्य मेहरोत्रा,राहुल तिवारी,अमोल वर्मा,रिंकू ठाकुर,विक्रम कपूर सहित आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### महाआरती के साथ चेतना संचार का आवाहन

कानपुर। माता जगत जननी की चेतना का संचार हो ,नशामुक्त परिवार हो इसी जनकल्याणकारी विशेष लक्ष्य को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा जिला कानपुर नगर में दिव्य शंखनाद करते हुए महाआरती का आयोजन किया गया,इस महाआरती के दौरान परिवार के साथ ही समाज में चेतना संचार और नशामुक्त समाज की परिकल्पना का आवाहन किया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने स्थापना दिवस पर निकाली गई नशामुक्त रैली थी ,उसकी सफलता पर भी चर्चा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया,,साथ ही गुरुवर और और माता भगवती की कृपा से समाज को नशामुक्त का संदेश दिया गया। संगठन की टीम प्रमुख सीमा उत्तम ने कहा की महाआरती का क्रम ऊर्जा केंद्र है हमारी हर समस्या का समाधान दिव्य महाआरती है जिसमे बच्चो को संस्कार मिलते है ।हर माता पिता का कर्तव्य है आध्यात्मिक यात्रा को अपने तक सीमित मत करो।

### कानपुर में कार से मौत बनकर दौड़ा रईसजादे का बेटा, पांच घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। यहां एक रईसजादे के बेटे ने तेज रफ्तार से कार चलाकर पांच लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया ,जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। घटना के बाद सक्रिय पुलिस ने कार बरामद करने के साथ ही उसके चालक को भी पकड़ लिया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने तोड़फोड़ और मारपीट भी की।

घटना की शुरुआत मूलगंज थाना क्षेत्र से हुई, जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। लोगों ने पीछा किया तो बचने की कोशिश में चालक घंटाघर की ओर भाग निकला। इस दौरान कई वाहनों में टक्कर मारते हुए कार सुतरखाने वाली रोड पर एक अंडे के ठेले से टकराकर रुक गई।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का रिम तक टूट गया। घटना से गुस्साए लोगों ने चालक को लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। कार में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने चालक व घायल राहगीरों को अस्पताल में भर्ती कराया है। कार चालक के रूप में पकड़ा गया युवक शहर के धनवान का बेटा बताया गया है लेकिन पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

पुलिस के मुताबिक तेज रफ्तार एमजी की विंडसर कार दो वाहन सवारों को टक्कर मारते हुए निकल गई। राहगीरों ने कार का पीछा किया तो बचने की कोशिश में चालक तेजी से कार को भगाते हुए कलक्टरगंज की ओर ले गया। यहां पर कुछ लोगों को टक्कर मारते हुए घंटाघर की ओर भाग निकला। घंटाघर से सुतरखाने वाली रोड पर अंडे के ठेले में टक्कर मारने के बाद रिम टूटने की वजह से कार रुक गई। कार के रुकते ही लोगों ने चालक के साथ मारपीट कर दी। लोगों के मुताबिक कार चालक नशे में था। पुलिस ने बताया कि मामले में घायलों को अस्पताल में भर्ती करने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद

डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

मेष : आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्घि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है।

वृष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

मिथुन : पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

कर्क : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

सिंह : निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

कन्या : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

तुला : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

वृश्चिक : विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग।

धनु : अवरुद्घ कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

मकर : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है।

कुम्भ : हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

मीन : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा।

# कानपुर शाखा से चार छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक हासिल की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर,देश में परीक्षा की तैयारी सेवाओं में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ घोषणा की है कि नीट यूजी 2025 की प्रतिष्ठित परीक्षा में है। यह सफलता छात्रों की मेहनत, दृढ़ संकल्प, और एईएसएल द्वारा प्रदान किए गए बेहतरीन मार्गदर्शन और मेंटरशिप का परिणाम है। यह परिणाम आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया। प्रमुख उपलब्धियाँ तनीषा – ऑल इंडिया रैंक 29, आयुष गौतम – एआईआर 53, उत्कर्ष झा – एआईआर 132, आदित्य मिश्रा – एआईआर 228 इन




सभी छात्रों ने एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकन लिया था,जो विशेष रूप से नीट जैसी कठिनतम मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा बनाए गए मज़बूत शैक्षणिक आधार, कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और नियमित अनुशासित अध्ययन को दिया। छात्रों ने साझा किया हम आकाश के बेहद आभारी हैं जिन्होंने हमें इस पूरी यात्रा में मार्गदर्शन दिया। उनकी स्ट्रक्चर्ड स्टडी मटेरियल,एक्सपर्ट टीचर्स और पर्सनल मेंटरशिप ने हमें जटिल विषयों को कम समय में समझने में बहुत मदद की। बिना एईएसएल के,यह सफलता संभव नहीं होती। डी. के. मिश्रा,रीजनल डायरेक्टर,आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों का शानदार प्रदर्शन हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है। 23 लाख से अधिक विद्यार्थियों द्वारा दी गई इस परीक्षा में इतने उच्च अंक प्राप्त करना किसी भी छात्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह परिणाम हमारे छात्रों की मेहनत,उनके माता-पिता के सहयोग और हमारी शिक्षण टीम के समर्पण को दर्शाता है। हम इन सभी को उनके मेडिकल करियर के लिए ढेरों शुभकामनाएँ देते हुए कार रैली भी निकाली गई।

# कानपुर लाजपत नगर के एम सी अस्पताल में किडनी में पथरी के ऑपरेशन के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर में किडनी में पथरी के ऑपरेशन के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। डॉक्टरों ने परिजनों से मौत की बात छिपा ली। इसके बाद घरवालों से कहा- पेशेंट सीरियस है, आप कहीं और ले जा सकते हो। पत्नी ने ICU में जबरन घुसकर देखा, तब मामले का खुलासा हुआ।

इसके तुरंत बाद डॉक्टरों ने भी इंजीनियर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर शनिवार देर रात 3 बजे तक हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत



करवाया।

मामला लाजपत नगर के केएमसी अस्पताल का है। इंजीनियर की मौत के बाद मां-बाप और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी ने बताया- 14 जून को ही हमारी शादी की 5वीं सालगिरह थी। हमारी तो दुनिया उजड़ गई।

### पत्नी ने ICU में जबरन घुसकर देखा, तब मामले का हुआ खुलासा

शास्त्री नगर निवासी विशाल तिवारी (37) हैदराबाद की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। अभी घर से ही काम कर रहे थे। पत्नी सौम्या ने बताया- 12 जून को उन्हें अचानक से पेट में दर्द हुआ। इसके बाद केएमसी हॉस्पिटल में दिखाया।

डॉ. शुभेंदु भादुडी ने किडनी में स्टोन होने की बात कहकर उन्हें शाम 5 बजे अस्पताल में एडमिट कर लिया। कहा- एक छोटे से लेजर ऑपरेशन से ठीक हो जाएंगे। 13 जून को डॉक्टरों की टीम उन्हें ऑपरेशन थिएटर में ले गई, लेकिन कई घंटे तक उन्हें बाहर नहीं निकाला।

मौत की बात डॉक्टरों ने छिपाई

पूछताछ करने पर डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन तो हो गया है, लेकिन उन्हें एक्यूड एडिमा नाम की गंभीर बीमारी है। इसकी वजह से उन्हें सांस लेने में काफी परेशानी हो रही है। पेशेंट को वेंटिलेटर पर रखा गया है। 14 जून की सुबह 9 बजे डॉक्टरों ने पेशेंट के रिकवर होने की बात कही।

इसके बाद शाम 6:30 बजे हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि आपका पेशेंट गंभीर है, उन्हें किसी दूसरे अस्पताल ले जाना चाहते हैं तो ले जाएं। इसके बाद परिवार के लोगों ने जांच पड़ताल शुरू की। पत्नी सौम्या जबरन ICU में गईं, तो उन्हें पति के मौत की आशंका हुई। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने भी आनन-फानन में विशाल तिवारी को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि डॉ. शुभेंदु भादुडी और एनेस्थीसिया के डॉक्टर अभिषेक की लापरवाही से विशाल की मौत हुई है।

# विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह साल पूर्ण होने पर सभा का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी




मूंढापांडे। ब्लॉक सभागार मूंढापांडे में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मूंढापांडे एवं दलपतपुर मंडल द्वारा मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह एवं ऋषिपाल चौधरी रहे। संकल्प सभा में मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनाईं और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि केंद्र में भाजपा सरकार को सकुशल ग्यारह साल पूर्ण हो चुके हैं। जिसमें गरीब-मजदूर तबके के लोगों का विशेष ध्यान रखा गया है। इस दौरान विधायक ने कहा कि गांवों से लेकर शहरों तक की सड़कों पर पीएम मोदी की सरकार के नेतृत्व में सड़कों का निर्माण हुआ है। केंद्र सरकार की उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि पर कार्य कर लोगों को लाभांवित किया है। साथ ही भ्रष्टाचार पर वार किया है। मोदी से पहले देश में भय, भूख और भ्रष्टाचार था। आज विकास की गंगा बह रही है। और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक ने युवाओं से विकास का वाहक बनने का आग्रह किया। मोदी की योजनाएं आम आदमी की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। शुद्ध जल, भोजन और बिजली जैसी सुविधाएं सुलभ हुई हैं।

हम सभी का यह साझा संकल्प है कि हम एक नए आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण की सक्रिय भागीदारी निभाने का कार्य करेंगे। ऋषिपाल चौधरी ने कहा कि यह संकल्प सभा राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक दृढ़ प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निर्णय क्षमता से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि हाल के युद्ध में पड़ोसी देश के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर भारत ने अपनी ताकत दिखाई है। संकल्प सभा में जिला मंत्री बालेचरण वाल्मीकि , मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी डॉ सुनील, रिज़वान,ग्राम प्रधान योगेश, रोहित सिंह, जय सिंह, सोनू रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# बिजली स्पार्किंग के कारण समस्या उत्पन्न,टला बड़ा हादसा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



भोजपुर। लगातार हो रही बिजली समस्या से नगर वासियों परेशान, नगर पंचायत भोजपुर में घटिया सामग्री का वायर लगने के कारण लगातार बिजली खम्भों पर आग लग रही है। जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर की मुख्य मार्केट थाने के निकट बिजली पोल पर तार में आग लग गई। गनीमत यह रही की बिजली के खंभे के नीचे कोई नहीं था नहीं तो एक बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। नगर के लोग इस बात से भयभीत हैं कि अगर दिन में आग लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## छेड़खानी के मामले में तीन नामजद सहित आठ आरोपितों पर केस दर्ज

मुरादाबाद थाना कटघर पुलिस ने रविवार को मारपीट और छेड़खानी के मामले में न्यायालय के आदेश पर तीन नामजद सहित आठ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

थाना कटघर इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली महिला ने न्यायालय में दर्ज कराए वाद में आरोप लगाए थे कि बीती 30 मई को उनके पड़ोस में रहने वाले शानिब ने थाना मूंढापांडे क्षेत्र निवासी अपने बहनोई यूनुस के साथ मिलकर उनके साथ छेड़खानी और अश्लील हरकतें की थी।

# मिशन रोड सेफ्टी अंतर्गत सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को किया जागरूक







नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। साथ ही ठाकुरद्वारा,मैनाठेर में भी रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मुख्य चौराहों पर पहुंचकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई तथा आम-जनमानस को पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वार को सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और वाहन चलाते समय हेलमेट आवश्यक पहने,सीटबेल्ट का उपयोग करें आदि नियमों की यातायात प्रति जागरूक किया गया। मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा कोचिंग संस्थानों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का

# कमलदीप बने मुरादाबाद जर्नालिस्ट क्लब के कोषाध्यक्ष, आमान वारसी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

नेशनल एक्सप्रेस कमर फारुख



मुरादाबाद । मुरादाबाद जर्नालिस्ट क्लब रजि. की जिला कार्यकारिणी का रविवार को विस्तार किया गया। जिसमें कोषाध्यक्ष पद पर कमलदीप और संगठन मंत्री पद पर आमान वारसी को नियुक्त किया गया। बीते दिनों मुरादाबाद जर्नालिस्ट क्लब रजि. के अध्यक्ष पद पर सुशील कुमार सिंह और महासचिव पद पर आकाश शर्मा निर्वाचित हुए थे।

मुरादाबाद जर्नालिस्ट क्लब की बैठक रविवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क सभागार में सम्पन्न हुई। क्लब के संरक्षक पंडित राजीव शर्मा ने बताया कि नियमानुसार सर्वसम्मति से क्लब की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जल्द ही नयी कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

मुरादाबाद जर्नालिस्ट क्लब की नयी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने बताया कि क्लब में उपाध्यक्ष पद पर शकील सैफी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहनवाज़ खान, उपाध्यक्ष शकील सैफी, महासचिव आकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलदीप सिंह, संगठन मंत्री आमान वारसी, सयुक्त सचिव यासीन मालिक, सचिव नानू वरसी, प्रवक्ता युद्धवीर सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी गोविन्द पाल होंगे।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष मौहम्मद इमरान, काशिफ खान, आलम अब्बासी, धर्मेंद्र सिंह, सुहैल खान, कुनाल, अंशुल चौहान, शांतनु राय, निमित जायसवाल, रुपक सिंह, सुहेल खान आदि उपस्थित रहे। संचालन महासचिव आकाश शर्मा ने किया।

## राजकीय डिग्री कॉलेज में योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ पर ऑनलाइन चर्चा

भोजपुर। राजकीय महाविद्यालय भोजपुर मुरादाबाद में निर्धारित थीम योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को आसन एवं ध्यान शीर्षक के अंतर्गत आनलाइन मोड द्वारा जानकारी प्रदान की गयी। आसन एवं ध्यान एक दूसरे के पूरक हैं। आरामदायक आसन की मुद्रा मे ही ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। जिस आसन में शरीर बिना किसी तनाव के हो उसी आसन में ध्यान किया जा सकता है। ध्यान मनुष्य की मानसिक क्षमता विवेकशीलता , तर्क शक्ति एवं बुद्धि लब्धि को बढ़ाता है। ध्यान से मनुष्य के मस्तिष्क में नये तंत्रिका कोशिकाओं का निर्माण होता है जिससे एल्जाइमर्स, पार्किसन जैसी न्यूरोडीजनरेटिव रोगो से बचाव होता है।

## खबरें फटाफट

### जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में न्यायालय में पेश किया

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 20 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा गया। थाना कटघर-05, थाना मझोला-01, थाना पाकबड़ा-01, थाना मूंढापाण्डे-02, थाना कांठ-03, थाना छजलैट-01, थाना भगतपुर-01, थाना डिलारी-02, थाना बिलारी-03, थाना कुन्दरकी-01आदि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### अवैध चरस के साथ एक आरोपी को पकड़ा



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण तस्करी व अपराधो में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार को थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त आसिफ पुत्र शाहिद निवासी ग्राम सिरसा इनायतपुर उर्फ दौडबाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को 150 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त आसिफ उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# थाना पाकबडा पुलिस द्वारा छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



पाकबड़ा। वादी धर्मेन्द्र सिहँ पुत्र स्व0 रामपाल सिहँ निवासी ग्राम मवई ठाकुरान थाना असमौली जनपद सम्भल ने थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत सत्या पब्लिक स्कूल के सामने CNG पैट्रोल पम्प लोधीपुर राजपूत के पास मोटर साइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की मो0सा0 रोककर मो0सा0 पर पीछे बैठी वादी की पत्नी के कुण्डल छीन ले जाने के संबंध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त सुहैल पुत्र अखलाक निवासी मौ0 बुध बाजार कस्बा व थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद एक बाल अपचारी के नाम प्रकाश में आये। उक्त क्रम में रविवार को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त सुहैल पुत्र अखलाक को गिरफ्तार एंव एक बाल अपचारी को हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त व बाल अपचारी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मो0 सा0 एवं छीनैती किये गये सोने के कुण्डल बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उक्त में वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# महिलाओं को दी घरेलू हिंसा व बाल विवाह की जानकारी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज पांच में रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

# पुलिस द्वारा एक वारण्टीं को किया गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

डिलारी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराधों में संलिप्त वांछित वारण्टीं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार थाना डिलारी पुलिस द्वारा वारण्टीं अभियुक्त मो0 समीर उर्फ सनीफ पुत्र हनीफ नि0 तुमडिया कला थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार वारण्टी मो0 समीर उर्फ सनीफ पुत्र हनीफ नि0 तुमडिया कला थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 रविन्द्र कुमार,हे0कां0 जय सिंह कां0 देशराज, कां0 उत्तम बालियान,कां0 विशाल चौधरी थाना डिलारी मुरादाबाद।

# आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



बिलारी। वादी हरकिशोर पुत्र गोपी निवासी ग्राम औरछी तहसील बिसौली जनपद बदायूँ ने आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को परेशान करने जिससे वादी की पुत्री द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लेने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार थाना बिलारी पर मुकदमा बनाम सत्यपाल पुत्र रूपचन्द निवासी ग्राम अहलादपुर खेम उर्फ रायपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को थाना बिलारी पुलिस द्वारा अभियुक्त सत्यपाल पुत्र रूपचन्द उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त सत्यपाल पुत्र रूपचन्द निवासी ग्राम अहलादपुर खेम उर्फ रायपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

# अहमदाबाद विमान क्रैश में मृत लोगों के लिए शोक सभा का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वावधान में आयोजित शोक सभा के दौरान अहमदाबाद में विमान क्रैश में जान गवाने वाले यात्रियों व पत्रकारों के परिजन के इंतकाल होने पर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। निकट कोहिनूर तिराहा ख्वाजा नगर स्थित यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष के निवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के दौरान जान गबाने वाले यात्रियों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में हुई यह दुखद घटना ने सभी के दिलों को दहला दिया है। वहीं यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के नाजिम मंसूरी के बड़े भाई डॉक्टर शाहिद हुसैन मंसूरी व नासिर तुर्की के साले इमरान हनीफ तथा रामपुर के वरिष्ठ पत्रकार अफ़ाक़ अहमद खान की वालदा का इंतेक़ाल गहरे दुख का इजहार करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की, जिला अध्यक्ष रईस शेख, शाहनवाज नकवी, शाहरुख हुसैन,नईम चौधरी, मोहम्मद नासिर पाशा एडवोकेट, मेराज आलम, सरफराज खान, मोहम्मद नदीम, शहवेज अंसारी, शफीक अहमद, मुहम्मद नक़ी ,मोहसिन खान,मोहम्मद रुशन तुर्की, रामपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ इकराम अली ने किया उद्घाटन



भगतपुर। बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी इकराम अली प्रधान प्रत्याशी भगतपुर टांडा ने किया। बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। इकराम अली प्रत्याशी ने सभी युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा खेल जगत में युवाओं को खेलों में रुचि बढ़ाने के लिए गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों में रुचि बढ़ानी चाहिए ताकि प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके। बीपीएल यानी भगतपुर प्रीमियम लीग का फीता काट कर सभी का हौसला बढ़ाया और सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया इस मौके पर मास्टर इंतजार अली,मास्टर अफ़ाक़ हुसैन,मास्टर शकील,मास्टर नूर मौहम्मद,इरशाद हुसैन,अमीर खान आदि मौजूद रहे।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook

# ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायत पर बड़ी कार्रवाई

## जिलाधिकारी के निर्देश पर ठेकेदार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

◈ मानकविहीन नाला निर्माण पर हुई कार्रवाई
◈ एफआईआर दर्ज, विधिक कार्यवाही शुरू

नेशनल एक्सप्रेस



### चौपाल में हुई शिकायत, डीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश

13 जून 2025 को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में करनैलगंज क्षेत्र में ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उक्त निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत की। मौके पर जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

गोंडा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायत पर बड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। नगर क्षेत्र करनैलगंज के मौर्य नगर वार्ड-11 में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत हो रहे नाला निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। यह कार्रवाई प्रशासन की ज़ीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट उदाहरण है, जहां जनहित के कार्यों में लापरवाही करने वालों को तत्काल विधिक प्रक्रिया में लाया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद, करनैलगंज द्वारा मौर्य नगर चौराहा से जेपी स्कूल तक सीमेंट-कंक्रीट (CC) नाला निर्माण का कार्य मास्टर इंटरप्राइजेज, प्रो० मोहम्मद इबरार को स्वीकृत किया गया था। कार्यादेश 2 जून 2025 को जारी किया गया था, जिसमें तीन माह की अवधि में कार्य पूर्ण करने की शर्त थी। परन्तु ठेकेदार द्वारा नियमानुसार सीसी नाला के बजाय ईंट से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जिसे नगर पालिका के अवर अभियंता द्वारा मौके पर जाकर तुरंत रुकवा दिया गया। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा न तो कार्य में सुधार किया गया और न ही उसे पुनः प्रारंभ किया गया।

डीएम के निर्देश के अनुपालन में नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता दिवाकर प्रजापति ने थाना कोतवाली करनैलगंज में ठेकेदार के विरुद्ध विधिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के साथ NCRB के IIF-1 फॉर्म संलग्न करते हुए बताया गया कि ठेकेदार ने न केवल कार्य मानकों का उल्लंघन किया, बल्कि सरकारी धन और जनविश्वास के साथ भी खिलवाड़ किया। पुलिस द्वारा उक्त तहरीर पर FIR दर्ज कर ली गई है, और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह कार्रवाई जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार या घटिया निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गोंडा में इलाज के दौरान महिला की मौत

नेशनल एक्सप्रेस



◈ आशादेव मेमोरियल हॉस्पिटल में लापरवाही से मरीज की गई जान
◈ परिजनों का अस्पताल में जमकर हंगामा, परिजनों ने दी नगर कोतवाली में तहरीर

गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गायत्री पुरम स्थित आशादेव मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाज में घोर लापरवाही का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहाँ एक 37 वर्षीय गीता मिश्रा की ऑपरेशन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप हुए जमकर हंगामा किया है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही के कारण ही उनकी मरीज की जान गई है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोकपुर बंजरिया गांव की रहने वाली 37 वर्षीय गीता मिश्रा के बच्चेदानी में दिक्कत थी। जिसे इलाज के लिए 3 जून को आशादेव मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां बच्चेदानी में दिक्कत के चलते परिजनों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने के मात्र सात दिनों के भीतर महिला का दो-दो बार ऑपरेशन किया गया। दूसरे ऑपरेशन में महिला के पेट में 27 टांके लगाए गए थे। ऑपरेशन के बाद भी अस्पताल प्रबंधन लगातार परिजनों को मरीज के ठीक होने का दिलासा देता रहा जबकि मरीज की हालत बिगड़ती जा रही थी। देर रात महिला की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई और जहां उसकी मौत हो गई है। मरीज के मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और उन्होंने अस्पताल परिसर में जमकर बवाल काटा। वहीं परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने मरीज के इलाज में घोर लापरवाही बरती, जिसके कारण उसकी जान चली गई। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर उनसे मोटी रकम भी वसूली थी। परिजनों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय नगर कोतवाली थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही से अन्य मरीजों की जान भी खतरे में पड़ सकती है इसलिए अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# भाषा विश्वविद्यालय को नैक से मिला B++ ग्रेड, कुलपति ने जताया आभार

नेशनल एक्सप्रेस

लखनऊ । ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B++ ग्रेड से सम्मानित किया गया है। यह ग्रेड 2.86 CGPA अंकों के आधार पर प्रदान की गई है। यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता, शोध, नवाचार एवं सामाजिक दायित्वों को प्रमाणित करने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

यह निरीक्षण जून माह के प्रथम सप्ताह में तीन दिनों तक चला, जिसमें NAAC की टीम ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर, प्रशासन, आधारभूत संरचना, शिक्षण पद्धति, शोध कार्य, नवाचार और सामाजिक गतिविधियों का व्यापक मूल्यांकन किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने नैक टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निरीक्षण भाषा विश्वविद्यालय के लिए आत्मविश्लेषण का अवसर था। उन्होंने आश्वस्त किया कि टीम द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाकर विश्वविद्यालय आगे और बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि यह ग्रेड भविष्य में विश्वविद्यालय को उच्चतर स्तर की मान्यता प्राप्त करने की दिशा में ऊर्जा प्रदान करेगा।

# चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ बृजभूषण ने की एफआईआर की मांग

नेशनल एक्सप्रेस



◈ कहा, सरकार को मौन नहीं धारण करना चाहिए मामले को गंभीरता से लेना चाहिए

गोंडा । कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आज अपने पैतृक आवास पर दूर दराज से आई हुई जनता से मुलाकात करके अधिकारियों को उनके समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए है। वही नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पर एक दलित लड़की द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर के बड़ा बयान देते हुए चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ तत्काल एफआईआर की मांग की है। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सरकार को भी मौन नहीं धारण करना चाहिए गंभीरता पूर्वक कि मामले का संज्ञान लेकर के कार्रवाई करनी चाहिए दलित बेटी की आवाज को नहीं दबाना चाहिए उसकी आवाज सामने आनी चाहिए। बृजभूषण सिंह ने यह भी कहां की जनवरी 2023 में जब मेरे ऊपर कुछ लोगों ने आरोप लगाए थे तो यही चंद्रशेखर आजाद ने यदि समाज तो उन मैं घसीट करके ले जाऊंगा आज मैं उनसे पूछना चाहता हूं मेरे ऊपर तो एफआईआर हो गई मैं न्यायपालिका का सामना कर रहा हूं दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जाएगा। लेकिन आप लगते ही मैंने ऑन कैमरा मीडिया के सामने कहा था कि जिस दिन मेरे ऊपर एक भी आरोप साबित हो जाएगा उसे दिन मैं स्वत फांसी पर लटक जाऊंगा या आत्महत्या कर लूंगा।

आज मैं नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद से पूछना चाहता हूं वह बल तुम्हारा कहां गया अब दलित के बेटी का सवाल है उसे समय जाट की बेटियों का सवाल था इस समय दलित की बेटी का सवाल है। क्या इस पर मीडिया के सामने चंद्रशेखर आजाद मुंह खोलेंगे उनका क्या कहना है वह जो आरोप लगा रही है उसका उनको जवाब देना चाहिए कि नहीं देना चाहिए था। आज मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं जो न्याय के बड़े भारी ठेकेदार हैं पूरे देश आज वह क्यों मौन है कांग्रेस क्यों मौन है आम आदमी पार्टी क्यों मौन है किसान नेता क्यों मौन है ममता बनर्जी,अशोक गहलोत क्यों मौन है।

आज यह लोग चुप क्यों बैठे हैं क्या इनके ऊपर एफआईआर नहीं होनी चाहिए मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इनको फांसी पर लटका दिया जाए लेकिन आज दलित के बेटी का सवाल है वास्तव में कमजोर वर्ग के बेटी का सवाल है। मेरा मानना है कि सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और एफआईआर दर्ज होनी चाहिए जांच में जो निकले उसके बाद कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इतना कहना चाहता हूं कि दलित के बेटी की आवाज को दबाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए उसकी आवाज बाहर निकलना चाहिए मैं मीडिया से भी कहना चाहता हूं कि इसको प्रमुखता से चलाएं। वास्तव में जो दबे हैं कुचले हैं कमजोर वर्ग है उसे वर्ग से आती है उसे लड़की का सवाल है सरकार को भी इस बात को गंभीरता से लेनी चाहिए सरकार को भी मौन नहीं होना चाहिए। अगर यही लड़की किसी अन्य समाज की होती तो अब तक गलियों की बौछार उसके ऊपर हो गई होती फेसबुक और यह मीडिया चिल्ला पड़ती उसकी इतनी गाली मिलती है लेकिन संयोग है कि यह इस समाज की बेटी है और उसी समाज की बेटी के लिए कोई बोलने को तैयार नहीं है।

## पुलिया से टकराई बाइक, युवक की मौत

मीरजापुर। नाना के घर से लौटते समय बाइक हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत गदहियां नाले के पास रविवार को हुआ। मरने वाले युवक की दस दिन पहले शादी हुई थी।

नैढी कठारी गांव निवासी सुनील (22) अपने चचेरे भाई रविंद्र के साथ प्रयागराज जिले के धनावल गांव में नाना के घर गया था। दोनों बाइक से घर लौट रहे थे, तभी गदहियां नाले के पास पुलिया पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे सुनील को सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे रविंद्र के पैर में गंभीर चोट लगी। राहगीरों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी।

# 11वें अंतरष्ट्रीय योग सप्ताह का शुभारंभ, थीम- "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"



नेशनल एक्सप्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने शनिवार को लखनऊ स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस वर्ष योग सप्ताह की थीम ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ रखी गई है, जो संपूर्ण मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन पर बल देती है। कार्यक्रम में मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 2014 में योग को वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय भारत को जाता है। आज 177 से अधिक देश 21 जून को योग दिवस मनाते हैं। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने योग को भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार बताया और कहा कि यह हाइपरटेंशन, डायबिटीज़ जैसी बीमारियों से लड़ने में सहायक है। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि इस सप्ताह ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, अमृत सरोवरों और अस्पताल परिसरों में योग अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग सत्र आयोजित होंगे।

कार्यक्रम में वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल का अभ्यास भी कराया गया, जो कर्मचारियों के तनाव को दूर कर उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायक होता है। कार्यक्रम का समापन महानिदेशक आयुष मानवेंद्र कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, छात्र-छात्राएं और योग विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश से दुबई रवाना हुआ दशहरी आम का कन्साइनमेंट, एफपीओ को मिला पहला निर्यात ऑर्डर

नेशनल एक्सप्रेस



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहुप्रसिद्ध मलिहाबादी दशहरी आम की मिठास अब वैश्विक बाजार में भी अपना स्थान बना रही है। शनिवार को प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने लखनऊ के रहमानखेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस से 1200 किलोग्राम आम की खेप दुबई के लिए रवाना की। यह खेप दुबई स्थित वीग्रो ट्रेडिंग एलएलसी को निर्यात की गई, जिसका मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर (लगभग ₹2.5 लाख) है। इससे पूर्व शुक्रवार को भी ऐसी ही एक खेप भेजी जा चुकी है।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इसे किसानों और सरकार दोनों के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) को सीधा अंतरराष्ट्रीय निर्यात ऑर्डर मिला है, जिससे यह साफ है कि सरकार के प्रयास धरातल पर सफल हो रहे हैं। दुबई को आम का निर्यात करने वाले एफपीओ में इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड शामिल हैं, जिन्हें इंडो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

मंत्री ने बताया कि इन आमों की प्रति किलो कीमत ₹211 मिल रही है, जो स्थानीय मूल्य से 5 गुना अधिक है। इससे प्रदेश के आम उत्पादक किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान मिलेगी और उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ और इंडो-जर्मन प्रोजेक्ट की टीम मौजूद रही। यह कदम उत्तर प्रदेश को कृषि निर्यात में नई दिशा देने की ओर एक सशक्त प्रयास माना जा रहा है।

# विविधताओं को एक माला में पिरो कर बनाया था भारत देश : रामप्रताप सिंह



नेशनल एक्सप्रेस

गोंडा(बेलसर)।आजादी के बाद असंख्य भाषाओं, संस्कृतियों और अनन्य विविधताओं को एक माला में पिरो कर कांग्रेस ने भारत देश का निर्माण किया था। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी बोली, भाषा, जाति धर्म में बांटकर अपनी मानसिकता उजागर कर रही है। उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह ने कही। वह, नगर पंचायत बेलसर के एक मैरिज लॉन में आयोजित संविधान बचाओ, अधिकार बचाओ विषयक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम नागरिक को संविधान से मिले अधिकारों पर पाबंदी लगा देना ही भाजपा उद्देश्य बन गया है। युवाओं को नौकरी नहीं, किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं, व्यापारी वर्ग को सुविधाएं नहीं, नौकरी पेशा लोगों को पेंशन नहीं लेकिन भाजपा मौज में है हिन्दू मुस्लिम करके। आलम यह है कि अधिकारों के लिए आवाज उठाने वालों को सिर्फ लाठियां मिल रही हैं। कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सगीर खान, युवक कांग्रेस के अभिषेक तिवारी नीरज, निशांत सिंह विशेन, अवधेश दुबे ने सम्मेलन को संबोधित किया। अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य केटी तिवारी व संचालन वरिष्ठ नेता वासुदेव शुक्ल ने किया। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी विधान सभा तरबगंज त्वरिता सिंह, अर्जुन सिंह, अमृतचंद मिश्र, सादाब खान, प्रशांत सिंह, राम सिंह, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, कौशल किशोर सिंह, संतोष सिंह, श्यामू शुक्ल, अभिषेक पांडेय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गरीब, वंचित और ग्रामीण परिवेश के बच्चों को संवार रहा सर्वोदय विद्यालय : असीम अरुण

नेशनल एक्सप्रेस

◈ प्रदेश में खुले 9 नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र 2025-26 से शुरू हो रही पढ़ाई
◈ कक्षा 6 से 8 तक के 2000 बच्चों को मिलेगा निःशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका



लखनऊ। गरीब, वंचित और ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निरूशुल्क आवासीय शिक्षा देने के संकल्प के तहत संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय आज प्रदेश में एक आर्दश मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं। इसे देखते हुए इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 9 नए सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलिभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे. राम ने बताया कि हर जिले में 5 एकड़ में बने इन विद्यालयों में सत्र 2025-26 में कक्षा 6 से 8 तक कुल 2000 बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। इस पहल से न सिर्फ छात्रों का भविष्य संवर रहा है बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और सामाजिक समृद्धि का रास्ता भी खुल रहा है।

मौजूदा समय में समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 58 जिलों में कुल 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। 9 नए विद्यालयों के साथ अब 62 जनपदों में सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें से 45 विद्यालयों में आवासीय सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। अब इन 9 नए विद्यालयों के शुरू होने से यह संख्या 109 हो जाएगी। इन विद्यालयों में 85ः छात्र ग्रामीण व

## *ये मिलती हैं सुविधाएं

- आधुनिक सुविधाएंः स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, 34 टैब के टैब लैब, ऑनलाइन शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इन्ट्रेक्ट पैनल/एड, एयरोमॉडलिंग व आर्टीफीशियल इन्टेलिजेन्ट (AI) की कार्यशालाओं का आयोजन, ऑनलाइन लर्निंग मटेरियल।
- आवासीय सुविधाः पूरी तरह सुरक्षित और अनुशासित व्यवस्था, खाने से लेकर यूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की सामग्री, भोजन और नाश्ता की व्यवस्था।
- कोचिंग सुविधाः नीट, जेईई और CUET जैसी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग केंद्र की स्थापना, कौशल विकास प्रशिक्षण।
- अंग्रेजी पर जोरः शिक्षकों को भी अंग्रेजी में प्रशिक्षण, छात्रों के लिए बोलचाल की क्लास, हर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, खेलकूद के क्षेत्र में छात्र/छात्राओं को ट्रेनिंग ।
- रोजगार : स्कूल में छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, पिछले कुछ वर्षों में सरकार की इस योजना के चलते लाभार्थी छात्रों की संख्या में साल दर साल बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2018-19 में जहां यह संख्या 32,429 थी, वहीं 2025-26 में करीब 37,000 छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।

# इनामिया गैंगस्टर सहित दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

●मुठभेड़ में अमित के पैर में लगी गोली, 15 हजार रुपये का इनामिया है अमित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



सिरसागंज। जनपद फिरोजाबाद की थाना सिरसागंज पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामिया गैंगस्टर अमित उर्फ शीटू यादव सहित दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अमित उर्फ शीटू यादव थाना नसीरपुर का टॉप टेन सक्रिय अपराधी है। अमित उर्फ शीटू यादव 15 हजार रुपये का इनामिया गैंगस्टर भी है। दोनों आरोपियों के कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस, 1100 रुपये एवं 01 मोटरसाईकिल बरामद हुई है। आरोपी अमित के पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हुआ है जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा है।

थाना सिरसागंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना नसीरपुर का टॉप टेन एवं 15 हजार रुपये का इनामिया गैंगस्टर अमित उर्फ शीटू यादव पुत्र अतेन्द्र सिंह अपने 01 अन्य साथी विकास पुत्र मंशाराम के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने पैंगू रोड पर सराय लुकमान मोड के पास चैकिंग शुरू की। चैकिंग के दौरान पुलिस को मोटर साइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने मोटर साइकिल सवार को रुकने का इशारा किया तो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उनकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस को नजदीक देखकर संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस पर फायर किया पुलिस की जवाबी कार्यवाही में 01 अभियुक्त के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान अमित उर्फ शीटू के रुप में हुई तथा दूसरा अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान मौके से भागने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया जिसकी पहचान विकास के रुप में हुई है। पुलिस ने घायल आरोपी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा है। पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# आम आदमी पार्टी नेताओं ने चलाया सफाई अभियान

राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में चल रहा है कार्यक्रम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में स्वास्थ केंद्रों पर साफ सफाई कर रचनात्मक कार्यक्रम किया गया ।

इसी क्रम में रविवार को फिरोजाबाद के नगला बरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर साफ सफाई अभियान चलाया गया जिसमें जनपद के आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकताओं ने स्वास्थ्य केंद्र की सफाई की और इस दौरान जिलाध्यक्ष शीलेन्द्र वर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस स्वच्छता अभियान के जरिए लापरवाह सरकार को आईना दिखाने का कार्य कर रही है,जनपद के जिला अस्पताल में न तो डॉक्टर समय से बैठ रहे हैं, न दवाइयां उपलब्ध हो पा रहीं है, अभी पिछले हफ्ते में ही जिला अस्पताल में गंगा नगर निवासी एक बच्चे की मृत्य हुई है,जिसके लिए उनके परिवारीजन कई घंटों हॉस्पिटल की दहलीज पर बैठे रहे । ऐसी व्यवस्था के सुधार व उपचार हेतु आम आदमी पार्टी संघर्ष कर रही है ।

इस कार्यक्रम में एड.अलिसा कुरैशी, एड.सलमान,कृष्णकांत,सलमान,संजेश नारायण शर्मा, गोविंद झा,निर्मल वर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा (धीरू) आदि साथी उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### दो ट्रकों के बीच में आया आई रिक्शा, दो सवारियां घायल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूण्डला। रविवार को सुबह नौ बजे के करीब आगरा की तरफ से आ रहा एक ई रिक्शा दो ट्रकों के बीच आ गया। जिससे ई रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही ई रिक्शा में रखा हुआ राशन का सामान और कूलर रोड पर गिर गया। साथ ही दो सवारियों के चोट आई है। पुलिस ने मौके पर पहुचकर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पूरा मामला टूण्डला के मोहम्मदाबाद कट का है। आगरा की और से आ रहा एक ई रिक्शा दो ट्रकों के बीच घुसकर बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया। जिसमे बैठी दो सवारिया घायल हो गई साथ ही रखा हुआ सामान भी रोड पर गिर गया। ई रिक्शा मोनू पुत्र प्रताप सिंह निवासी नगला डरू थाना मटसेना फिरोजाबाद चला रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचे एसआई जयचंद्र बाबू ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही परिजन को सूचना दी। पुलिस के अनुसार दोनों घायलों को उपचार हेतु एफएच मेडिकल अस्पताल में भेजा गया। तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### दीपक बने मानवाधिकार परिषद् संरक्षक जिला फिरोजाबाद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूण्डला। रविवार को मानवाधिकार परिषद् की मीटिंग बैनीवाल गार्डन में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव करतार सिंह पौनिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला फिरोजाबाद के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें जिला फिरोजाबाद की कार्यकारिणी भंग की गई। सभी पदाधिकारी और सदस्यों की सहमति से जिला फिरोजाबाद का संरक्षक दीपक चौधरी को बनाया गया। जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी और युवा जिलाध्यक्ष शहजाद खान, मीडिया प्रभारी गौरव यादव को भी अवगत कराया। मीटिंग में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने नए बने पदाधिकारियों का स्वागत किया।

### डाक वाहन ने टिर्री में मारी जोरदार टक्कर, दंपत्ति गंभीर रूप से घायल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। मोहम्मदाबाद हाईवे स्थित आगरा की ओर से टिर्री में बैठे दंपती को पीछे से आ रहे डाक वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टिर्री चालक व दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एफएच हॉस्पिटल भेज दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजा का ताल नगला गोला निवासी पुष्पेंद्र कुमार रविवार सुबह 10 बजे आगरा से पत्नी शशि के साथ साले की टिर्री से अपने गांव जा रहे थे। मोहम्मदाबाद स्थित पैदल पुल के निकट पहुंचे ही थे। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे डाक वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर लगने से टिर्री पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही टिर्री चालक मामूली घायल हो गया। वहां मौजूद मोहम्मदाबाद प्रधान प्रतिनिधि वीरेश यादव ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए तत्काल एफएच हॉस्पिटल भेज दिया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

### भाजपा का विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /फिरोजाबाद ।रविवार को टूंडला विधानसभा के सभी मंडलों में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का भव्य आयोजन किया गया। मंडल स्तर पर 12 से 15 जून 2025 तक विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका व केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां विषयांतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में टूंडला नगर में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश दिनेश शर्मा व जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, पचोखरा मंडल में जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, नगला बीच मंडल में जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, नारखी मंडल में जिला मीडिया प्रभारी डॉ अमित गुप्ता व गोपाल कृष्ण सिंह, मां वैष्णो देवी मंडल में टूंडला विधायक प्रेम पाल धनगर व पूर्व विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, व मां सीयर देवी मंडल में टूंडला ब्लॉक प्रमुख सतीश धनगर व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो योगेंद्र सिंह चौहान बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे।

टूंडला नगर के रॉयल गार्डन में बतौर मुख्य वक्ता रहे प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश दिनेश शर्मा ने टूंडला नगर मंडल के में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा, वंचितों को सम्मान दिलाने के क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ प्लस मकान बनाए गए। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत को विकास में बदलने के क्रम में अयोध्या में भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, और महाकाल लोक सहित प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों का विकास हुआ है। संकल्प सभा में टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महिपाल निषाद, तोता राम, श्यामू सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, महावीर सिंह, विनोद पाल सिंह बिन्नू, पुष्पेंद्र परमार, रामू कुशवाह आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार शाम साढ़े पांच बजे बीएस डिग्री कॉलेज से 100 मीटर आगे हिरनगांव स्टेशन के निकट से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छोटे लाल निवासी राजा का ताल थाना टूंडला है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से तलाशी के दौरान एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जिला ब्राह्मण महासभा चलाएगी सदस्यता अभियान- शिवकुमार शर्मा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद की एक बैठक रामलीला मैदान स्थित महर्षि भगवान परशुराम शिविर कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद के अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा की गई। जिसमें शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी लोगों ने जो अथक प्रयास किए थे। शोभायात्रा के संयोजक पंडित दिनेश वशिष्ठ शोभायात्रा के अध्यक्ष पंडित तरुण उपाध्याय, महिला जिला अध्यक्ष पंडित मिथिलेश वशिष्ठ आदि पदाधिकारी का धन्यवाद दिया गया तथा आगामी कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा कहा गया कि जिला ब्राह्मण महासभा जिले में सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। जिसमें 5 साल के लिए जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद की सदस्यता मिलेगी तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। युवक एवं युवतियों के विवाह का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा। बैठक में महानगर अध्यक्ष प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की गई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष पंडित सीताराम शर्मा ने कहा की पूरे जनपद में सदस्यता अभियान चलाकर ब्राह्मण बंधुओ को संगठन से जोड़ा जाएगा।

बैठक में महामंत्री दिनेश वशिष्ठ, संगठन मंत्री विकास दुबे, अंकेक्षक संजय पाराशर लंकेश, माहिला अध्यक्ष मिथिलेश वशिष्ठ शशि, महानगर अध्यक्ष प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान, शोभायात्रा अध्यक्ष तरुण उपाध्याय, मधुरिमा वशिष्ठ, लक्ष्मण तिवारी आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# विश्व कल्याण हेतु देवदूत सेवार्थ संस्थान द्वारा हवन कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। रविवार को देवदूत सेवार्थ संस्थान फिरोजाबाद द्वारा विश्व कल्याण की कामना के साथ एक विशेष हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आध्यात्मिक वातावरण एवं धार्मिक आस्था के भाव से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर शहर की महापौर कामिनी राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ समाजसेवी राजू मित्तल, जालम सिंह राठौर, चंद्रपाल सिंह, राजीव यादव, पवन तैनगुरिया, अमित गुप्ता, अनिकेत जैन , मयंक वर्मा, अंकित अग्रवाल , आलोक राठौर , बहन मीनू अरोड़ा,बहन शिवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश विद्यार्थी, अध्यक्ष, देवदूत सेवार्थ संस्थान ने की। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर समाजहित में ऐसे आयोजनों का आयोजन किया जाता है ताकि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी ने सामूहिक रूप से विश्व में सुख-शांति और समृद्धि के लिए आहुतियाँ समर्पित कीं।

# अवैध कब्जा करने वाले दो आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



सिरसागंज। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खेत पर अवैध कब्जा करने वाले दो आरोपियों धीरज यादव व नवीन उर्फ रौबी को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया।

अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना सिरसागंज ने 14 जून 2025 को थाना सिरसागंज के ग्राम सराय शेख में नदीम पुत्र नसीम निवासी सराय शेख के उगाई के खेत पर कब्जा करने वाले दो आरोपी धीरज यादव पुत्र प्रमोद कुमार और नवीन कुमार उर्फ रौबी पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी सराय शेख थाना सिरसागंज को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। नदीम की तहरीर के आधार लड़की दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद । जनपद के पुलिस लाईन प्रांगण दवरई, में होने वाले 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अंतर्गत योग सप्ताह (15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक) का शुभारम्भ अटल पार्क फिरोजाबाद में सदर विधायक मनीष असीजा द्वारा किया गया, कार्यक्रम में महापौर कामिनी राठौर, गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य तथा जिला विकास अधिकारी प्रेमचन्द्र राम थे । इस दौरान प्रोटोकॉल के अनुसार मंच पर उपस्थित राजमाला, योग प्रशिक्षक अंकित यादव योग प्रशिक्षक वीरेश कुमार योग प्रशिक्षक को दिशा-निर्देश देकर उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 300 साथकों को एक साथ योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम को भव्य बनाने में आयुष विभाग के कर्मचारी कुलदीप कुमार, कनिष्ठ सहायक, उमेश कुमार, कम्प्यूटर ओपरेटर, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेश चन्द्र, राजवीर सिंह,अजब सिंह तथा अजय कुमार की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जनसमान्य को योग के प्रति जागरूक करके किया गया। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने लोगो से 21 जून 2025 को होने वाले 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मे अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की तथा इस भव्य कार्यक्रम को काफी सराहा।

# सर्राफा दुकानदार को घर बुलाकर बनाया बंधक

●मारने की नीयत से नदी में फेंका, आरोप
●सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।**



सिरसागंज। थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव भदान में सरार्फा दुकानदार को घर बुलाकर बंधक बनाया और उसे गाड़ी में ले जाकर जिला मैनपुरी में एक नदी में फेंक दिया जहां से सरार्फा दुकानदार लोगों की मदद से अपने घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी ।

सर्राफा दुकानदार शिवम कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम भदान थाना नगला खंगर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर मेरे पास नगला मुकुंद निवासी विनीत पंडित जी का फोन आया और उन्होंने कहा कि जेवरात को लेने मेरे रिश्तेदार दिल्ली से आए हैं । आप जेवरात मेरे घर पर दे जाओ। मैं विश्वास करके विनीत पंडित जी के घर चला गया तभी उन्होंने मुझे कोल्डिंग में कुछ मिलाकर पिला दिया जिससे मैं बेहोशी की हालत में हो गया तभी विनीत ने मेरे हाथ पैर एक दुपट्टे से बांध दिए और मेरे साथ मारपीट की।

विनीत अपनी गाड़ी की डिग्गी में डालकर मुझे ले गया और गांव बासठ थाना कुर्रा जिला मैनपुरी के पास एक नदी के पुल से मुझे नीचे फेंक दिया। लोगों की मदद से मैंने पुलिस को सूचना दी और फिर मैं अपने घर आया।

शिवम ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरा जेवरात और बैग में राखी रुपए विनीत कुमार के पास हैं । रविवार दोपहर परिजनों के साथ थाना नगला खंगर पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शादी में आया युवक नशे में बिजली के खंभे पर चढ़ा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। रविवार को थाना रामगढ़ क्षेत्र में दिल्ली से शादी समारोह में आए एक युवक नशे में बिजली के खंभे पर चढ़ गया और बिजली के तारों पर चढ़कर हंगामा करने लगा। पुलिस ने मौके लड़की पहुँच कर विद्युत आपूर्ति बंद कर युवक को नीचे उतारा। पूरा मामला थाना रामगढ़ क्षेत्र का है। साबिर नाम का युवक रविवार को अचानक एक रिश्तेदार के घर की छत पर चढ़ गया। शनिवार को युवक ससुराल पक्ष के यहाँ शादी में आया था। छत होते हुए बिजली के खंभे तक पहुंच गया और तारों में लटक गया। अजीबो गरीब मामला देख मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने युवक को समझा बुझाकर नीचे उतारने का प्रयास किया लेकिन युवक ने नशे में धुत होने के कारण किसी की नहीं सुनी। मौके पर मौजूद लोगों ने सुरक्षा के लिए नीचे तिरपाल भी पकड़ रखा था। सूचना पर पुलिस भी पहुँच गई। पुलिस के अनुसार युवक नशे में था। सुरक्षा को देखते हुए बिजली आपूर्ति काट दी गई थी। दो घंटे चले अजीबो गरीब मामले के बाद पुलिस ने युवक को समझा-बुझाकर नीचे उतारा।

# फिरोजाबाद सर्विस रोड पर ऑटो चालकों का कब्जा बरकरार

टूण्डला आइए और जाम में फंसे रहिए

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**






टूण्डला। नगर के सुभाष चौराहे पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है कुछ दिन पूर्व एसडीएम और सीओ ने अभियान चलाकर सभी टेम्पो चालकों को ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग हेतु जगह दी गई थी। लेकिन नगर टूण्डला के फिरोजाबाद सर्विस रोड पर जाम की समस्या निरंतर बनी हुई है। फिरोजाबाद सर्विस रोड पर टेम्पो चालकों ने आतंक मचा रखा है। इतनी भीषण गर्मी में लोग जाम में फँसे रहते हैं। एसडीएम के आदेश के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। बीच रोड पर टेम्पो चालक अपनी मनमानी करते नजर आते है। बीच रोड से सवारिया भरने की होड लगी हुई है। आए दिन सड़क हादसे होते रहते है। लेकिन इन ऑटो चालकों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। कब तक शहर को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

# एस.एस.बी. सिकटा के द्वारा चरस की बड़ी खेप को किया गया बरामद

## जब्त चरस की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में साढ़े 52 करोड़ रुपए

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**पटना (बिहार)।** बेतिया जिले के सिकटा में इंडो-नेपाल सीमा पर तैनात एस.एस.बी. के जवानों ने करीब साढे 52 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ( चरस )के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के नौतन खुर्दगांव के छोटू साह( 30 वर्ष )के रूप में की गई है।

एस.एस.बी.ने यह कार्रवाई वरदही गांव के समीप ओरिया नदी के पास से की है। आपको बता दे कि जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब साढे 52 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एस.एस.बी.सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि मादक पदार्थ के सौदागर भारी मात्रा में मादक पदार्थ की खेप लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर गए हैं और वह इसे भारत के अन्य क्षेत्रों में भेजने के फिराक में है।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए एस.एस.बी.ने संभावित मार्ग की घेराबंदी कर दिया। इसी बीच एक बाइक पर सवार व्यक्ति को आता देख एस.एस.बी.के जवानों ने उसे रोका। रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 50 पैकेट में रखें 53 किलो 280 ग्राम चरस बरामद किया गया। जवानों ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया।

टीम का नेतृत्व कर रहे एस.एस.बी.के सहायक सेनानायक दीपांशु चौहान ने बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। जब्त चरस और गिरफ्तार तस्कर को एनसीबी की टीम पटना को सौंप दिया गया है।

### मोतिहारी एसपी के नाम फेसबुक अकाउंट से साइबर ठगों ने की पैसे की मांग

*पटना(बिहार) । मोतिहारी में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां अज्ञात साइबर अपराधियों ने मोतिहारी के एसपी, स्वर्ण प्रभात के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बना लिया ।इस फेक अकाउंट के जरिए मैसेंजर से लोगों को मैसेज भेजकर उनसे पैसों की मांग की जा रही है ।मामला संज्ञान में आते ही मोतिहारी साइबर थाना सक्रिय हो गया और इस संबंध में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।साइबर डीएसपी अभिनव परासर ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी, स्वर्ण प्रभात के नाम से कई फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई गई हैं, जिनमें उनका असली फोटो लगाकर लोगों को ठगा जा रहा है ।अपराधी खुद को एसपी बताकर लोगों से मैसेंजर पर संवाद स्थापित करते हैं और किसी न किसी बहाने से पैसों की डिमांड करते हैं ।डीएसपी परासर ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मेटा(फेसबुक की पैरेंट कंपनी)से संबंधित फर्जी आईडी की डिटेल्स मांगी गई हैं ।जल्द ही इन फर्जी अकाउंट्स के संचालकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।*

# कटिहार पहुंचे जदयू महासचिव मनीष वर्मा, विपक्ष पर बोला हमला



**पटना (बिहार)।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा तीन दिवसीय दौरे पर कटिहार पहुंचे ।रविवार को जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने पार्टी संगठन की मजबूती पर ज़ोर देने के साथ-साथ विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।

राजद पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि मंगनीलाल मंडल को चेहरा बनाकर राजद अतिपिछड़ा समाज को गुमराह करना चाहती है, जबकि यही पार्टी पहले इस वर्ग का दर्जा खत्म करना चाहती थी ।अब समाज जागरूक हो चुका है ।कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान के ट्रांसफर-पोस्टिंग वाले बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों की पार्टी रही है, उसे दूसरों पर सवाल उठाने से पहले खुद पर नजर डालनी चाहिए।

जनसुराज को उन्होंने सोशल मीडिया की पार्टी बताया और कहा कि यह जमीन पर नहीं, केवल वर्चुअल दुनिया में है। गांधी मैदान तक नहीं भर पाया, यह बताता है जनता का रुख क्या है ।वहीं सीमांचल में अल्पसंख्यक वोट पर उन्होंने कहा कि समर्थन मिला है, लेकिन जितना अपेक्षित था उतना नहीं ।इस बार ज्यादा समर्थन की उम्मीद है ।उन्होंने स्पष्ट किया कि चिराग पासवान एनडीए के सहयोगी हैं और हम सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे।



### सड़क हादसे में तीन लोगों की हुई मौत

**पटना(बिहार)।** अररिया-फारबिसगंज फोरलेन मार्ग पर पोठिया ओवर ब्रिज के समीप एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक में टक्कर मार दिया ।इस हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है ।घटना की सूचना पर यातायात डीएसपी घटना स्थल पर पहुंचे ।इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया लाया गया है, जहां पर पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया की जा रही है ।बताया जा रहा है कि तीनों बाइक सवार युवक बिरयानी बनाने के कारीगर थे और यह लोग अपनी बाइक से फारबिसगंज जा रहे थे ।इसी दौरान सिमराहा थाना क्षेत्र के पोठिया ओवर ब्रिज के समीप यह घटना हुई ।मृतकों में दो पूर्णिया जिले के बौसी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, वही एक मृतक यूपी के रहने वाले हैं ।वही पिकअप वैन को पुलिस ने जब्त कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

### राजनीति के सामंत लालू यादव जानबूझ कर करते हैं दलितों का अपमान : मंगल पाण्डेय

**पटना(बिहार)** ।स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि बिहार की राजनीति के नव सामंत लालू यादव जानबूझ कर दलितों व बाबा साहब अम्बेदकर का अपमान करते हैं ।राजद कार्यालय में कूड़े की ढेर में फेकी गई बाबा साहब की तस्वीर हो या फिर लालू यादव को भेंट की गई तस्वीर का निरादर, बिहार का दलित समाज इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। लालू-राबड़ी के राज में बिहार के दलितों का नरसंहार हुआ। सैकड़ों दलित गाजर-मूली की तरह काटे गए, मगर तत्कालीन सरकार उन्हें भयभीत कर वोट साधती रही।

# कैमूर में ड्यूटी ज्वाइन करने जा रहीं महिला पुलिस कर्मी को अपराधियों ने मारी गोली



मनोज कुमार

**पटना(बिहार)।** कैमूर जिले में अपराधियों ने पुलिस कर्मी को गोली मारी दी, जिससे महिला पुलिसकर्मी घायल हो गई।

घायल पुलिस कर्मी को कैमूर सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बनारस हायर सेकंडरी रेफर किया गया। बताया जाता है कि महिला पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पर मधेपुरा जिला जाने के लिए कुंदरा से ट्रेन पकड़ने अपने पति के साथ बाईक से रेलवे स्टेशन जा रही थी, तभी बुलेट पर सवार दो अपराधियों ने पीछे से गोली मारी दी।

जिससे घायल हो गई ।बताते चलें कि सरिता कुमारी, महिला पुलिसकर्मी कुंदरा में अपने किराये के मकान में रहती थी, जो भीतरी बांध करमचट थाना के रहने वाली थी। वही परिजनों ने बताया कि अपने ड्यूटी पर मधेपुरा जा रही थी ।वह पुलिस विभाग में कांस्टेबल की ड्यूटी करती है।

कुदरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली थी तभी अपराधियों ने गोली मार दी और अपराधी फरार हो गए। कैमूर सदर अस्पताल के डॉक्टर शाहिल राज ने बताया कि एक महिला पुलिसकर्मी आई थी जिसको गोली लगी थी, गोली पीठ पर लगी थी। गोली अभी भी फंसा हुआ है, एक्सरे रिपोर्ट भी आया है।

मामला गम्भीर है, उसे बनारस रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच हो रही है। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 5.881 किलोग्राम गांजा बरामद

**पटना (बिहार)।** कटिहार के कुरसेला पुलिस ने एस.एच.77 सड़क पर डूमरिया महंत स्थान के समीप बाइक सवार दो गांजा तस्कर को 5.881 किलोग्राम गांजा के गिरफ्तार कर लिया ।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना के मिली थी कि बाइक सवार गांजा तस्कर एक महिला, एक पुरुष गांजा लेकर कुरसेला की ओर जा रहा है। वहीं पुलिसबल उक्त मार्ग पर पहले से तैनाती थी। जैसे ही बाइक सवार गांजा तस्कर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया तथा बाइक की तलाशी लेने पर थाना टीकापट्टी अवधेश नगर, निवासी वेदानन मंडल, मलेनिया निवासी बबीता देवी से 5.881 किलोग्राम गांजा बरामद कर बाइक को जप्त कर, दोनों तस्करों को थाना लाया गया ।वहीं दोनों तस्करों से पूछताछ की गई।

# बिहार की 14 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं नीतीश कुमार: ललन सर्राफ

### *नीतीश कुमार का कार्यकाल दलित, शोषित और वंचित समाज के कल्याण को समर्पित रहा: श्याम रजक*



**पटना(बिहार)।** जनता दल (यू)के प्रदेश कार्यालय, पटना में रविवार को आयोजित मिलन समारोह के दौरान गौरव गिरी एवं श्रीमती गुड़यि कुमारी के नेतृत्व में फुलवारी शरीफ से कई साथियों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की ।इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी तथा राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री श्याम रजक ने सभी नवागंतुकों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई ।इस मौके पर पटना जिला प्रभारी मनोरंजन गिरी, महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल, प्रियरंजन पटेल, रामप्रवेश सिंह एवं कमलेश कुमार सिंह की भी उपस्थिति रही ।इस दौरान ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि राजद के शासनकाल में शिल्पी-गौतम और चंपा विश्वास कांड जैसी भयावह घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था ।अब वही लोग 'माई-सम्मान योजना' के नाम पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि राजद एक ऐसा दल है जो अपने परिवार से आगे नहीं सोच सकता, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की 14 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए उनके उत्थान और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करते हैं ।उन्होंने नवशामिल साथियों से अपील की कि वे नीतीश सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाए ।राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि मुख्यमंत्र नीतीश कुमार का बीते दो दशकों का कार्यकाल पूरी तरह से दलित, शोषित और वंचित समाज के कल्याण को समर्पित रहा है ।उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार की दूरदर्शी नीतियों का असर आज जमीन पर साफ दिखाई देता है ।उन्होंने राजद सुप्रीमो पर निशाना साधते हुए कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों के साथ अपमानजनक व्यवहार कर उन्होंने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है, जिसे प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी ।पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से विशाल कुमार, प्रिंस कुमार, संतोष यादव शामिल रहे।



# डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत ने टीम की साख पर संदेह को खत्म कर दिया: बावुमा

## खिताबी मुकाबले तक पहुंचने की राह में उन्हें किसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना नहीं करना पड़ा



**लंदन, (भाषा)** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की ऐतिहासिक जीत ने टीम की साख पर संदेह को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके साथ ही इस बात को भी खारिज कर दिया कि खिताबी मुकाबले तक पहुंचने की राह में उन्हें किसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना नहीं करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका का आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल लंबा इंतजार शनिवार को खत्म हो गया, जब उन्होंने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया। यह उनका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब है और 1998 में आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी (अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी) जीतने के बाद उनकी पहली आईसीसी ट्रॉफी है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम 2023-25 चक्र में बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर श्रृंखला जीत, न्यूजीलैंड के खिलाफ हार और भारत के खिलाफ ड्रॉ के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची। बावुमा ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''हमने अपने प्रदर्शन दम पर फाइनल में जगह बनाई। हमारे फाइनल में पहुंचने पर सवाल उठाये गये थे लेकिन इस जीत ने उसे खत्म कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''हमारे लिए पिछले दो दिन बेहद खास रहे हैं। हमें ऐसा लगा जैसे हम दक्षिण अफ्रीका में ही खेल रहे हैं। हमने कड़ी तैयारी की और हम बहुत विश्वास के साथ आए थे। बहुत लोगों को हम पर संदेह था लेकिन खुशी है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया।''बावुमा ने इस बात को खारिज कर दिया कि प्रोटियाज टीम कमजोर प्रतिद्वंद्वियों का सामना कर डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची। उन्होंने कहा, '' हम यहां होने के हकदार हैं। लोगों ने कहा कि हमने मजबूत टीमों का सामना नहीं किया है जो बकवास है। हमने इस बार ऑस्ट्रेलिया को हराया, हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था।''उन्होंने कहा, '' मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। बेहद खुश हूं, हमने अच्छी योजना बनाई है और कड़ी मेहनत की है। समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया, पिछले चार दिन घरेलू मैच की तरह लगे।''

दक्षिण अफ्रीका की टीम में विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के बावजूद आईसीसी ट्रॉफी जीतने में संघर्ष करना पड़ा है। टीम अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रही और खिताब से दूर हो गयी। बावुमा को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी खिताब से यह सब बदल जाएगा। उन्होंने कहा, '' हम अथक प्रयास करते रहे हैं, लगातार जीत के करीब पहुंच कर फिसलते रहे हैं। इस बार किस्मत का हमें साथ मिला। उम्मीद है कि यह जीत आने वाले कई यादगार जीत में से एक होगी।''

### निशांत देव ने पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबले में जोस्यू सिल्वा पर शानदार जीत दर्ज की

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत जीत के साथ पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी।

चौबीस वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की।

यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया। जीत के बाद निशांत ने कहा, ''मैं सिर्फ नॉकआउट के लिए नहीं जाता बल्कि अपने कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं।

# एमजीडी 1 विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में पहुंची



**लंदन, (भाषा)** फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की।

टीम एमजीडी1 ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाये। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में सबसे ज्यादा मैच जीते। नॉर्वे शतरंज में हाल ही में दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने वाले अर्जुन एरिगैसी 13 मैचों में 11 अंक के साथ टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली टीम फ्रीडम ने पूल बी में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों टीमों के नाम 22-22 अंक हैं। प्रतियोगिता में 190,000 यूरो की पुरस्कार राशि है।

### मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे: गिल

**लंदन, (भाषा)** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था लेकिन उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे।

बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है ।गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा, ''मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे।''लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं।

### दंतेवाड़ा में 50 मैदान विकसित करेगा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन

**दंतेवाड़ा, (भाषा)** छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, ''इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।'' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। ''इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया।''

## रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी

# रणजी प्रारूप में किया बदलाव, एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई।

मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी



बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।''

इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

बीसीसीआई ने कहा, ''टीम का चयन क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।'' ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक खेला जायेगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (राष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता) सहित सभी एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में प्लेट डिवीजन को फिर से शामिल किया गया है।

नई दिल्ली, सोमवार 16 जून 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



"सरकारी नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भेदभाव अब बीते दिनों की बात हो गयी है और अब आरक्षण का लाभ देते हुए मेरिट के आधार पर पूरी पारदर्शिता से भर्तियां की जा रही हैं।"

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत अभिनंदन किया।




# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन और अलंकरण समारोह सम्पन्न







## राजस्थान की पावन भूमि पर 37 अग्र कुल की चयनित विभूतियों को राजनैतिक एवं समाज की गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में अग्र अलंकरण से सम्मानित किया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता द्वारा बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम राजस्थान की पावन भूमि पर बृहस्पतिवार 12 जून को भव्य अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश की लोकप्रिय हस्तियों को उनके विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय योगदान हेतु 37 अग्र कुल की चयनित विभूतियों को राजनैतिक एवं समाज की गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में अग्र अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान खाटू धाम एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके एवं उनकी आरती करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर से सांसद श्री बृज मोहन अग्रवाल जी सहित अनेक महान हस्तियां कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार मित्तल एवं उनकी टीम ने मुख्य अतिथि सांसद श्री बृज मोहन अग्रवाल जी एवं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष खाटू श्याम मंदिर कमेटी, खाटू धाम श्री प्रताप सिंह जी चौहान को पटका, स्मृति चिन्ह एवं फूलों का गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि श्री दिन बंधु गोयल विराटनगर नेपाल, श्री गोविंद मुरारी अग्रवाल प्रबंध न्यासी ट्रस्टी श्याम मंदिर आलमबाजार, कवि नारायण दास अग्रवाल मुंबई, श्री श्याम सुंदर सिंघल कोलकाता, श्री सुनील रामदास अग्रवाल रायपुर, श्री कन्हैया अग्रवाल रायपुर, श्री विपिन गुप्ता, संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह दिल्ली, राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्ल्ड वैश्य फाउंडेशन श्री यशपाल गुप्ता, श्री नितिन जयप्रकाश अग्रवाल पुणे, श्री प्रेम गर्ग लालमहल बासमती चावल दिल्ली, श्री बजरंग लाल गर्ग दिल्ली, श्री दीपक गर्ग हिसार, श्री प्रमोद कुमार सतनाली वाले सूरत, श्री कमलेश अग्रवाल हांसी, श्री खेम चंद गोयल रोहतक की गरिमामय उपस्थिति रही, तत्पश्चात देश-विदेश से आए हुए लोकप्रिय सेवाभावी व्यक्तियों को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदानों के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संरक्षक श्री अजय कांत गर्ग जी की प्रेरणा से कार्यक्रम की आतिथ्य इकाई मथुरा एवं मथुरा महानगर जिला इकाई के सभी सम्माननीय सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान कर मनमोहक बनाया।

इस अवसर पर समाज में अतुलनीय योगदान देने वाले अनेक महानुभावों को अग्र रत्न, अग्र गौरव जैसे सम्मान से भी विभूषित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्री बृज मोहन जी अग्रवाल ने समस्त सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि अब अग्रवाल समाज निश्चय ही चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। हमें अपनी संस्कृति और संस्कारों का भी विशेष ध्यान देना चाहिए जो संस्कार हमारे महाराजा अग्रसेन जी एवं कुलदेवी लक्ष्मी जी ने दिए हैं। उसे हमें अपनी आने वाली पीढ़ियां में भी डालने का प्रयास करना चाहिए। हमारी संस्कृति ही हमारी तरक्की का परिचायक है। हमें अपने बच्चों में महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत को ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार मित्तल ने कहा कि गत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 8 जून 2024 को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल, कोलकाता के सभागार में आयोजित हुआ था बृहतर कोलकाता के आतिथ्य में, कार्यक्रम की सह संयोजक श्रीमती संगीता सेक्सरिया एवं टीम के कुशल नेतृत्व में किया गया था। इस वर्ष संस्था ने भगवान खाटू धाम की पावन धरा पर द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण कार्यक्रम आयोजित किया है जिसमें देश-विदेश से पधारे अग्र कुल के सदस्यों को सम्मानित करने का अवसर मिला। इसके साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अग्रबंधुओं का भी सम्मान किया गया। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए इस पावन भूमि पर उपस्थित होने के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री राज कुमार मित्तल ने अपनी समस्त टीम को भी इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान श्री राजकुमार मित्तल ने सम्मान समारोह में सहयोग देने वाले सभी प्रायोजक परिवार का भी आभार प्रकट किया तथा उनके द्वारा किए गए सहयोग के लिए उनको स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2025 के संरक्षक श्री कृष्ण कन्हैया गोयल, राष्ट्रीय संयोजक अग्र अलंकरण श्रीमती उमा बंसल के मार्गदर्शन में आवेदन पत्र एवं 37 प्रतिभावान चयनित विभूतियों एवं 48 समाज बंधुओं को अग्र गौरव सम्मान से नवाजे जाने वाले सभी अग्र कुल विभूतियों की सूची जारी की गई UPSC में सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को भी किया गया सम्मानित, राष्ट्रीय स्तर पर स्वेच्छा से देहदान हेतु श्रीमती चंद्र कला अग्रवाल एवं श्री नारायण अग्रवाल को सम्मान पत्र प्रदान कर किए गए परोपकारी नव अन्वेषण कार्यों के लिए संस्था परिवार की ओर से साधुवाद आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सुशीला फरमानिया, राष्ट्रीय संरक्षक श्री अजय कांत गर्ग, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री पवन मित्तल, राष्ट्रीय संरक्षिका श्रीमती वसुंधरा मित्तल, शुभम मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय आयोजन समिति के सभी सम्माननीय सदस्य गण एवं मथुरा मथुरा महानगर जिला इकाई के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अभूतपूर्व आयोजन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सुनील रामदास अग्रवाल, श्री बुद्धिश अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अनुराग गर्ग, राष्ट्रीय चेयरमैन श्रीमती अरुणा दिनेश अग्रवाल, श्रीमती संगीता सेक्सरिया, डॉक्टर निर्मल अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, राष्ट्रीय संयोजक upsc अग्र गौरव सम्मान श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय सलाहकार श्री पी डी अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय संयोजक श्री राणा संजय तुलस्यान, राष्ट्रीय धार्मिक आयोजन समिति संयोजक महामंडलेश्वर डॉक्टर राज कुमार अग्रवाल इंदौर, कवि उज्जवल अग्रवाल परतवाड़ा, अग्र अलंकरण ओडिसा प्रदेश चेयरमैन श्री श्रवण अग्रवाल, पर्यावरण संयोजिका श्रीमती चंद्रकला अग्रवाल, श्री नारायण दास अग्रवाल, मध्यप्रदेश इकाई अध्यक्ष श्री रामेश्वर दयाल सिंगल, निर्वतमान अध्यक्ष बिहार श्री नारायण शाह पटना, श्री जय प्रकाश अग्रवाल बंगलोर, नागौर राजस्थान से श्री रामोतार अग्रवाल, भोपाल मध्यप्रदेश से श्री ओम प्रकाश गोयल, राज कुमार काबरा (सिंघल) श्री महेश गुप्ता, श्री संदीप कृष्णिका श्री पंकज गर्ग, श्री उमेश गुप्ता, श्री पंकज जोगनी, श्री सुशील कुमार प्रहलादका, श्री रमेश चंद्र अग्रवाल, श्री रतन लाल अग्रवाल, सीकर राजस्थान से, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार बंसल, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश गुप्ता, तेलगाना प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष श्री राम चरण बंसल, महाराष्ट्र महिला इकाई संयोजिका श्रीमती सुषमा बासुदेव अग्रवाल, सचिव श्रीमती ज्योति अग्रवाल, महाराष्ट्र प्रदेश संयोजिका वैवाहिक सम्मेलन श्रीमती शीतल केडिया संभाजी नगर, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबू लाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़, ओडिसा प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन कुमार सुल्तानिया, कटक जिला इकाई अध्यक्ष श्री महेंद्र अग्रवाल, श्रीमती मोहिनी अग्रवाल उड़ीसा, श्रीमती रंजू मित्तल, श्रीमती सुलेखा भरतीया, श्री बजरंग मित्तल रायगढ़ सेंट्रल कोलकाता इकाई अध्यक्षा श्रीमती संतोष अग्रवाल, सचिव श्री सुभाष सराफ, राजस्थान प्रदेश निर्वतमान अध्यक्ष श्री राधेश्याम अग्रवाल, श्री ओम प्रकाश अग्रवाल श्री माखन लाल कांडा, श्री मनीष गोयल जयपुर, श्रीमती रेखा गोयल, जयपुर श्रीमती आरती गोयल जयपुर, श्रीमती सुमन अग्रवाल जयपुर, श्री राजेंद्र मित्तल जयपुर, चेन्नई इकाई से श्रीमती नेहा अग्रवाल, छत्तीसगढ़ महिला इकाई अध्यक्षा श्रीमती प्रेम लता गोयल, जोन अध्यक्षा श्रीमती शीतल लाठ, श्री जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल भड़कुंडा श्री लल्लू प्रसाद अग्रवाल बोध गया, श्री ओम प्रकाश अग्रवाल बोध गया, श्री सुमित अग्रवाल झांसी, श्री पवन चौधरी कानपुर, श्री कृष्ण कुमार सिंगला शाहाबाद, श्री मनोज अग्रवाल कानपुर, श्री अखिल अग्रवाल मथुरा, श्री अनुराग मित्तल मथुरा, श्री योगेन्द्र गोयल मथुरा, पुणे जिला इकाई अध्यक्ष श्री विजय मित्तल, श्री राधेश्याम बंसल कोरबा, श्री महेंद्र अग्रवाल सारंगत, कोलकाता सेंट्रल इकाई से श्रीमती रुचि लक्कड़, श्रीमती किरण मस्करा, श्री पूनम अग्रवाल, श्रीमती सरोज झुनझुनवाला, श्रीमती सुमन नारसरिया, सुश्री पूजा अग्रवाल, श्रीमती पूजा अग्रवाल, श्रीमती सुनीता जैन, उपाध्यक्ष श्री विनोद बंसल, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, श्री निशांत गर्ग नोएडा, श्री अजय कुमार मुरारका जमशेदपुर, श्रीमती सोनी अग्रवाल वीरगंज नेपाल, श्रीमती सुचित्रा अग्रवाल पलामू (गुड़गांव) श्री विनोद मित्तल रुड़की, श्री सावर मल मित्तल कुचामन डीडवाना, जयपुर से CA रुचि गुप्ता, श्री रवि बंसल, श्रीमती डिम्पल बंसल मुरैना मध्यप्रदेश की गरिमामय उपस्थिति रही सांस्कृतिक कार्यक्रम मातृ नारी शक्ति द्वारा श्रीमती वसुंधरा मित्तल, जयपुर की अगुवाई में किया गया इवेंट मैनेजमेंट टीम श्रीमती पलक अग्रवाल, श्री बंटी अग्रवाल जयपुर ने प्रथम से लेकर अंत तक सभी कार्यों को बखूबी से संचालित कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

गौरतलब है कि गुरुवार, 12 जून को आरम्भ हुए इस समारोह का समापन राष्ट्रीय कार्यकारिणी समीक्षा बैठक से शुक्रवार, 13 जून को सम्पन्न हुआ जिसमें संस्थागत काफी अहम निर्णय लिए गए, संगठन के विस्तार हेतु नवीन सत्र 2025 में मनोनीत होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इकाई श्रीमती सुशीला फरमानिया, अंतर्राष्ट्रीय टूर आयोजन हेतु संयोजक श्री पवन कुमार सुल्तानिया, झारसुगुड़ा, AAS व्यापार प्रकोष्ठ महाराष्ट्र प्रदेश के चेयरमैन श्री नितिन जयप्रकाश अग्रवाल पुणे, श्रीमती निशा अग्रवाल को पंजाब प्रदेश जनगणना कार्यक्रम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई, विगत दिनों आए वित्तीय वर्ष के सुझाव को भी ध्यान में रखते हुए कार्यकाल अप्रैल से मार्च तक की अवधि एवं नियुक्तियां को भी मान्यता प्रदान की गई अध्यक्ष जी द्वारा वर्तमान में सभी प्रदेशों में ज्यादा से ज्यादा शाखा इकाई के गठन को प्राथमिकता में रख आपस में मिलकर काम करने की अपील की आपसी मेल मिलाप एवं परिचय के साथ-साथ संस्था के उद्देश्यों की जानकारी समाज में प्रदान की जाए एवं समाज के अंतिम छोर के सदस्यों को भी कार्यकमों द्वारा संस्था से जोड़ा जाए राष्ट्रीय स्तर पर अलग अलग स्थानों में प्रत्येक वर्ष अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन हो संस्था का प्रयास रहेगा।

बृहस्पतिवार, 12 जून को सायंकाल शानदार खाटू श्याम की भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा सभी अतिथियों के लिए छत्तीसगढ़ भवन में, 2 तारीख वाले धर्मशाला एवं श्याम कुंज में ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है तथा सभी के लिए खान-पानी एवं नाश्ते की सुंदर व्यवस्था की गई थी।

# शोक श्रद्धांजलि हृदय विदारक घटना से सम्पूर्ण देश और दुनिया स्तब्ध है



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रूपाणी जी की अहमदाबाद में हुई अत्यंत दुखद विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई। पूरे राज्य के लिए एक बहुत ही दुखद और दर्दनाक घटना है।

जब भी श्री विजयभाई रूपाणी विशेष गणमान्य व्यक्तियों के साथ गांधी आश्रम अहमदाबाद आते थे, तो वे संस्था के सम्मानित अध्यक्ष, पर्यावरणीय स्वच्छता संस्थान के प्रमुख प्रिय श्री जयेशभाई के साथ अवश्य मिलते थे। वे मानवता, सादगी और गांधीवादी विचारों की सद्भावना में पूरे दिल से विश्वास करते थे।

हरिजन आश्रम द्वारा संचालित आश्रमशाला में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदान किए गए लॉकर में उनकी भागीदारी को याद करते हैं। उन्होंने हमेशा गांधी आश्रम और उसके मूल्यों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।

गुजरात राज्य के कर्तव्यनिष्ठ, बुद्धिमान और मार्मिक पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए मानवता के सरल तत्व और संदेश हमारे दिलों में अमर रहेंगे।

गांधी विनोबा विचार से जुड़ी तमाम संस्थाओकी ओर से सभी लोग कृतज्ञता के साथ उनकी पवित्र स्मृति को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ओम शांति

# बेतवा नदी के उदगम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए सघन पौधरोपण के दूसरे चरण की शुरुआत













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

ग्राम सेवा समिति, भोपाल और गांधी सुमिरन मंच विदिशा के तत्वावधान में बने बेतवा अध्ययन और जन जागरण समूह ने 15 जून से बेतवा नदी के उदगम स्थल झिरी को पुनर्जीवित करने के लिए सघन वृक्षारोपण के रूप में अपने अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की।

इसके पहले 25 मई से 31 मई तक सम्पन्न हुए पहले चरण में इस क्षेत्र में श्रमदान से 55 चैक डैम बनाए थे ताकि इस क्षेत्र में बरसात का जल संग्रहित होकर बेतवा के उदगम स्थल का जल स्तर बढ़ सके और बेतवा की सूखी जल धारा पुनर्जीवित हो सके। बेतवा संरक्षण के इस जन अभियान में भोपाल और विदिशा के प्रकृति और पर्यावरण प्रेमियों के साथ देश भर के प्रकृति प्रेमी और प्रकृति एवं पर्यावरण को समर्पित संस्थाएं जुड़ी हैं जिनमें भोपाल की युवा फाउंडेशन और एन जी ओ पाठशाला आदि प्रमुख हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ इस अभियान के संयोजक डॉ आर के पालीवाल आई आर एस एवं गांधी विचारक डॉ सुरेश गर्ग द्वारा बेतवा उदगम स्थल के पुजारी को बेतवा उदगम मंदिर वाटिका के लिए सीताफल का पौधा भेंट कर हुई। इसके बाद झिरी गांव के जिन परिवारों ने पौधारोपण के लिए गड्ढे तैयार कर लिए थे उन्हें प्रति परिवार दस फलों के उत्तम गुणवत्ता के पौधे दिए गए जिनमें आम, अमरूद, नींबू और कटहल के पौधे शामिल हैं। बेतवा समूह ने झिरी गांव के हर उस परिवार को दस फलदार पौधे देने की योजना बनाई है जो इन पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेगा। झिरी क्षेत्र में फलों के पौधों से न केवल किसान परिवारों की आय बढ़ेगी बल्कि वे ज्यादा पानी की खपत वाली गेहूं और मूंग की फसल छोड़कर जल संरक्षण करने वाली बागवानी की तरफ अग्रसर होंगे जिससे बेतवा का जल स्तर बढेगा और बेतवा उदगम स्थल पुनर्जीवित हो सकेगा। इस जन अभियान में एक परिवार के लिए 1100 रुपए के दस स्वस्थ फलदार भेंट कर कोई भी नागरिक सहभागिता कर सकता है। अभियान के बारे में बताते हुए डॉ आर के पालीवाल ने बताया कि बेतवा समूह से जुड़ी सभी संस्थाएं बेतवा नदी के उदगम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार के संबंधित विभाग नदियों को बचाने के लिए कोई विशेष कार्य नहीं कर रहे। यह केवल बेतवा नदी के अस्तित्व का प्रश्न नहीं है बल्कि मध्य प्रदेश की अन्य नदियों, यथा चम्बल, केन और पार्वती आदि के उदगम स्थल भी खतरे में आ गए हैं। आज के आयोजन में ग्राम सेवा समिति भोपाल और गांधी सुमिरन मंच विदिशा के पदाधिकारियों के अलावा विदिशा के प्रो अरविंद द्विवेदी, दैनिक भास्कर समूह से अमन नम्र, युवा फाउंडेशन भोपाल से परीक्षित सिंह और एन जी ओ पाठशाला से डॉ परशुराम तिवारी आदि के साथ झिरी ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

विनोबा विचार प्रवाह! मौन संकल्प का 170 वां दिन!

# खादी का अनिवार्य नवसंस्करण खादी ग्रामाभिमुख बनानी है

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



बाबा की भूदान पदयात्रा बंगाल के नवद्वीप में चल रही थी। तब सारे भारत के खादी कार्यकर्ता इकट्ठे हुए थे। तब बाबा ने अपना चिंतन व्यक्त करते हुए कहा था कि अब तक खादी की खपत बढ़ाने का काम खूब किया जिससे पैसा हांथ में आया।

यह खादी का सरकाराभिमुख पक्ष था। सरकारी मदद से चलने वाली खादी। अब उसे हमें ग्रामाभिमुख बनानी है। प्रति व्यक्ति कुछ गज खादी बुनकर दें। इससे गांव लोग बुनना शुरू करेंगे। जैसे किसान अपना अनाज पैदा करता है ऐसे ही कपड़े की व्यवस्था जुटाए। इससे हमारा गांव और देश दोनों मजबूत बन सकता है। इस पर युद्ध स्तर पर लगना पड़ेगा। बाबा ने इसे अंतिम और सर्वोत्तम लड़ाई कहा था। इसके बाद खादी राजा बनेगी या तो समाप्त होगी। गांधी जी ने गांव में ग्रामोद्योग की जरूरत और उसमें भी चरखा को महत्व दिया था। तुकाराम महाराज ने कहा है कि उद्धरासी काय उद्धारांचे काम। उद्धार में उधारी किसलिए। एक आदमी डूब रहा हो और आप कहें अच्छा कल तुम्हें बचा लेंगे, तो क्या यह कहना ठीक होगा। बचाना हो तो तुरंत बचा लें। बापू कहते थे कि जिन्हें जरूरत है उन्हें आज ही काम मिले, साधन और औजार मिले। इसलिए चरखा चलाओ अगर चरखा नहीं तो तकली चलाओ। बापू का चरखे के प्रति एक समग्र दर्शन था। केवल थोड़ी राहत पहुंचाने का या सेवा करने का हेतु नहीं था। बल्कि देश की परिस्थिति के अनुरूप नई अहिंसक अर्थव्यवस्था के गठन की एक दृष्टि थी। बाबा उसे ग्राम।अर्थतंत्र कहते थे। स्वराज्यप्राप्ति से पूर्व खादी स्वराज्य की आकांक्षा की प्रतीकरूप थी। यह आजादी का गणवेश मानी जाती थी। अब खादी ग्रामस्वराज्य का गणवेश बनना चाहिए।

बाबा विनोबा कहते थे कि खादी का काम सरकार की मदद पर लंबे समय तक चल नहीं सकता। सरकार कब तक मदद करेगी? सरकार मदद दे भी दे लेकिन रक्षण नहीं देना संभव नहीं। खादी को रक्षण तो।ग्राम संकल्प से ही मिल सकता है। गांव की।ग्रामसभा गांव में खादी के काम का आयोजन करे। खादी जितनी गांव को जरूरत है उतनी गांव में बने। ऐसी ही ग्रामअभिमुख और ग्रामनिष्ठ योजना जब बनेगी, तभी खादी का अपना मंत्र साकार माना जाएगा। खादी को महामंत्र मानना होगा। गांधी जी। कहते ही थे कि चरखा यानी अहिंसा और अहिंसा यानी चरखा ! इस बात का मर्म हर व्यक्ति को जानना पड़ेगा।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।